CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

सचित्र-सामुद्रिकरहस्यम्

[चतुर्थ-संस्करणम्]



स्व० पं० कालिकाप्रसाद राजज्यौतिषी

रामनगर, बनारस स्टेट।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

श्रुतिवह्निखवैत्र विक्रमीय-
सम माघ्र श्रुतियोग्यता विचारे
जनानाथ मुकुन्द कृष्णकान्त-
प्रमुखैः सूरिभिरर्पितोपहारः॥१

द्वितीयः

कृष्णकान्त अधिकारी
२.३.५।१।१२।८

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

श्रीः

सचित्र-सामुद्रिक-रहस्यम्

वनारसस्टेट 'रामनगर' निवासिना श्री १०८काशिराजाश्रित-
श्रीमत्-हनुमानप्रसादज्योतिर्विदात्मजेन राजज्यौतिषी-
स्व० पं० श्रीकालिकाप्रसादशर्मणा
सङ्कलितम् ।

—o—

काशिराजकीयाङ्ग्लविद्यालया(मि० हा० स्कूल)ऽध्यापक-साहित्याचार्य-
द्विवेद्युपाह्व-पं०ठाकुरप्रसादशर्मणा
परिष्कृतम् ।

—

गोरक्ष(ख)पुरमण्डलान्तर्गत'मझौली राज्य'निवासिना
पण्डितश्रीशिवदत्तमिश्र शास्त्रिणा
सम्पादितम् ।

—*—

तच्च
काशीस्थ'संस्कृत-बुकडिपो'इत्यस्याऽध्यक्षैः
मास्टर खेलाड़ीलाल ऐण्ड सन्स इत्येतैः
स्वीये'मास्टर-प्रिण्टिङ्ग-वर्क्स'भिधमुद्रणालये मुद्रापयित्वा प्रकाशितम् ।

—o—

चतुर्थ संस्करणम्] सं० २००२ वि० [मूल्यम् ४)

(अस्य पुनर्मुद्रणादिसर्वेऽधिकाराः पं० गौरीशङ्करशर्म्मणा स्वायत्तीकृताः)

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

* श्रीगणेशाय नमः *

सामुद्रिकरहस्यपूर्वार्द्धस्य विषयाऽनुक्रमणिका

विषयाः	पृष्ठम्
मङ्गलाचरणम्	१
केशवर्णनम्	२
ललाटवर्णनम्	२
भ्रूवर्णनम्	३
नेत्रवर्णनम्	,,
नासिकावर्णनम्	,,
पुम्मसूरिकावर्णनम्	,,
स्त्रीमसूरिका ,,	४
आनन ,,	,,
ओष्ठ ,,	५
दन्त ,,	,,
स्वर ,,	६
ग्रीवा ,,	,,
कृकाटिकास्कन्धहृदयवर्णनम्	,,
बाहूवर्णनम्	६
हस्ताङ्गुलीलक्षणम्	७
मणिबन्ध ,,	,,
करतल ,,	८
नखवर्णनम्	,,
अङ्गुष्ठाङ्गुलिलक्षणम्	,,
कररेखावर्णनम्	,,
आयुरेखा ,,	१०
वर्षकल्पनाप्रकारः	,,
वलिलक्षणम्	११
नाभि ,,	११

विषयाः	पृष्ठम्
पृष्ठलक्षणम्	११
कटि ,,	,,
लिङ्ग ,,	,,
स्फिक् ,,	,,
ऊरूवर्णनम्	११
पदलक्षणम्	१२
* इति नखशिखवर्णनम् *	
अथ प्रमदालक्षणविशेषः	१३
स्त्रीनखशिखवर्णनम्	,,
प्रमदाकाङ्गुष्ठरेखादि ल० वि०	१६
शरीरप्रमाणम्	१९
विशेषाङ्गशुभाऽशुभवर्णनम्	२०
तिलवर्णनम्	२०
शशकलक्षणम्	२४
साधारणमृगलक्षणम्—	
फलञ्च	२३
प्रथममृगलक्षणम्	२६
द्वितीय ,, ,,	२८
तृतीय ,, ,,	२९
चतुर्थ ,, ,,	३०
तुरगवृषभप्रकृतिलक्षण—	
चिह्नानि	३१
वृषभसामान्यभेदः	३३
प्रथमतुरगभेदः	३४
द्वितीय ,, ,,	३५

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

विषयाः	पृष्ठम्
तृतीयतुरगभेदः	३६
चतुर्थ ,, ,,	३७
एवं वृषभपुरुषाणाम्	,,
पद्मिनीलक्षणम्	३८
चित्रिणीसामान्यभेदः	३९
प्रथमाचित्रिणीलक्षणम्	४२
द्वितीया ,, ,,	४३
तृतीया ,, ,,	४३
चतुर्थ ,, ,,	४४
हस्तिनीप्रथमो भेदः	४५
हस्तिनीद्वितीयो भेदः	४९
हस्तिनीतृतीयो भेदः	५०
हस्तिन्याश्चतुर्थो भेदः	५१
शङ्खिनीनां जीवनचरित्राणि	,,
अथोद्वाहे मेलापकविचारः	५४
बालकानां सामुद्रिकचिह्नानि	५५
अथ बालाऽरिष्टविचारः	५७
सधवालक्षणम्	५८
विधवालक्षणम्	५९
पुंश्चलीलक्षणम्	६०
नरनारीणां पैशाचिकचिह्नानि	६२
देवचिह्नानि	६३
देवीचिह्नानि	६३
पूर्वार्धम् समाप्तम्	६१

उत्तरार्द्धस्य विषयाऽनुक्रमणिका

विषयाः	पृष्ठम्
मङ्गलाचरणम्	१
परिभाषाप्रकरणम्	१
करतले दिग्ज्ञानम्	४
ग्रहस्थानज्ञानम्	५
राशिस्थानानि	५
रेखावर्णमुखज्ञानम्	,,
रेखापरिमाणम्	,,
भाग्यरेखामानज्ञानम्	६
रेखादर्शनविचारः	७
नियमान्तरम्	८
फलकथनप्रकारः	८
अबलासु विशेषः	९
रेखालङ्घनविचारः	१०
अनिष्टफलकथनप्रक्रिया	,,
सामान्यशुभाऽशुभफलम्	११
जातकाभरणोक्तराजयोगादिफलम्	१३
पुण्यरेखाविचारः	१५
आयुरेखाविचारः	१९
मातृरेखाविचारः	२४
आरोग्यरेखाविचारः	२६
भाग्यरेखाफलम्	२७
पितृरेखाफलम्	३२
मतान्तरेणायुषो ज्ञानम्	३२
मणिबन्धरेखाफलम्	३६
शङ्खरेखाफलम्	३८
चक्ररेखाफलम्	३९
सीपरेखाफलम्	३९
पर्वरेखाफलम्	४०
ललनारेखाफलम्	४१
भ्रातृभगिनीबोधकरेखाफलम्	४१
सन्तानरेखाफलम्	,,

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

विषयाः	पृष्ठम्	विषयाः	पृष्ठम्
पुत्र-पौत्रादि-बोधकरेखाफलम्	४२	बन्दीगृहयोगः	५२
हिंसारेखाफलम्	४३	प्राणदण्ड (फांसी) योगः	५२
पाप-पुण्यसूचक रे० फ०	४३	आत्महत्यायोगः	५३
मित्राऽमित्रसूचक रे० फ०	,,	अकालमृत्युयोगः	,,
मातृ-पितृ रे० फ०	४४	अल्पायुष्ययोगः	,,
त्रिकोण रे० फ०	,,	तीर्थमृत्युयोगः	,,
विद्याप्रद रे० फ०	४५	आयूरेखाविचारः	५४
महिलार्थरुदनपरदारयो०रे०फ०	४६	दीर्घायुः ,,	,,
याञ्चासूचकरे०फ०	४६	मध्यमायुः ,,	,,
यशोऽयशसू०रे०फ०	,,	अल्पायुः ,,	५५
परमेश्वरपूजनभविष्यद्दृष्टियोगाश्च	४७	अथाऽरिष्ट ,,	,,
भक्तियोगः	४७	अल्पावस्थायां पित्रोर्वियोगः	५७
भविष्यद्वक्तृत्वयोगः	,,	पुरुषव्यभिचारयोगः	,,
त्रिकालज्ञानम्	४८	परधर्माऽवलम्बनम्	,,
योगीयोगः	,,	भाग्योदयः	५८
श्रेष्ठपदलाभः	,,	जलमग्नयोगः	,,
परकीयसम्पत्तिलाभः	४९	ससम्पत्तिसुखजीवनयापनम्	,,
पूर्णविद्यायोगः	,,	वर्षशुभाऽशुभज्ञानम्	५९
धनकष्टम्	,,	मास-शुभाशुभज्ञानम्	६०
द्रव्यनाशः	५०	तिथिशुभाशुभज्ञानम्	६२
विवाहाद्धनाप्तियोगः	,,	ग्रन्थस्तुतिविज्ञापनम्	६३
कष्टकरविवाहः	,,	वंशवर्णनम्	,,
अनेकभार्यायोगः	५१	ग्रन्थसमाप्तिः	६४
विवाहविचारः	,,	प्रशंसापत्राणि	१
दाम्पत्यजीवनम्	,,	सामुद्रिकशास्त्र की आवश्यकता	

शुभं भूयात।

साम्बसदाशिवार्पणमस्तु।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

* श्रीमङ्गलमूर्त्तये नमः *

अथ सामुद्रिकरहस्ये

पूर्वार्धं प्रारभ्यते ।

बालार्काभतनुं द्विपेन्द्रवदनं विघ्नेभ-पञ्चाननम्
गुञ्जत्षट्पद-पुञ्ज-मेदुरमद-श्रीमत्कटोद्भासितम् ।
राजद्व्याल विभूषणं सुरतरुं भक्तार्थदाने सदा
वन्दे तं हिमवत्सुताङ्ग-जनुषं देवं गणेशं मुहुः ॥ १ ॥

भा०—बाल सूर्य के समान कान्ति वाले, गजराज के समान मुखवाले, विघ्नरूपी हस्ती के लिये सिंह समान, गूँजते हुये भौरों के समूह से घिरे, मद की कान्ति युक्त, गण्डस्थल से सुशोभित, दीप्तिमान, सर्पों के आभूषण को धारण करने वाले तथा भक्तों के अभीष्ट को देने में निरन्तर कल्पतरु के समान, पार्वतीजी के पुत्र प्रसिद्ध गणेशजी को बारम्बार प्रणाम करता हूँ ॥ १ ॥

* श्री १०८ कामाख्यायै नमः *

कामाक्षीं कामरूपे कनकमणिमये सिद्धपीठे वसन्तीम्
वाक्सिद्धिं चारुबुद्धिं स्मरणमुपगता या प्रयच्छत्यजस्रम् ।
या मन्त्रं व्याहृतीद्धं निजहृदि सततं ध्यायतां सिद्धिदात्री
ब्रह्मोपेन्द्रेश-मुख्यैर्मुहुरमरगणैः सेवितां तां भजामः ॥२॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

भा०—जो केवल स्मरणमात्र से निरन्तर जनों को वाक्सिद्धि और सुन्दर बुद्धि देती है, तथा सप्त व्याहृतियों से युक्त मन्त्र को अपने हृदय में निरन्तर जप करने वालों को सम्पूर्ण सिद्धियाँ देती है, ऐसी कामरूप देश में सुवर्ण के मणिमय सिद्ध पीठ पर रहने वाली ब्रह्मा विष्णु शिव आदि सम्पूर्ण देवताओं से सेवित उस प्रसिद्ध कामाक्षी भगवती को हम अनेक वार भजते हैं ॥ २ ॥

अथ केशवर्णनम्—

महाकुन्तलयुक्तो वै पण्डितो गुणवान् भवेत् ।
केशहीनश्च यो देवि ! दरिद्रो वाऽथ भूपतिः ॥ १ ॥
दीर्घलोमश्रवा यस्तु दीर्घ-कर्णश्च यो भवेत् ।
वक्ता हि निर्दयश्चैव दीर्घायुर्नृपसेवकः ॥ २ ॥

भा०—हे देवि ! अधिक केशोंवाला मनुष्य पण्डित और गुणी होता है । केशहीन प्राणी दरिद्री अथवा राजा होता है ॥ १ ॥

बड़े २ रोम जिसके कानों में हों और कान भी बड़े २ हों तो वह वक्ता, निर्दयी, दीर्घायु और राजसेवक होता है ॥ २ ॥

ललाटवर्णनम्—

गम्भीरभालाः वध-बन्ध-भागिनः
क्रूरे रताः कर्मणि कृच्छ्रभोगिनः ।
वाऽप्युच्च-भालाः क्षितिपाश्च योगिनः
सङ्कीर्ण-भालाः कृपणाश्च दुर्जनाः ॥ ३ ॥

भा०—जिनके ललाट गहिरे हों वे प्राणी वध और कारागार के भागी होकर कठोर कर्म करते हैं और दुःख भोगते हैं । ऊँचे ललाट वाले राजा अथवा योगी होते हैं । जिनके ललाट संकीर्ण हों वे कृपण और दुर्जन होते हैं ॥ ३ ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

भ्रूवर्णनम्—

भ्रूयोगैक्ये तु दारिद्र्यं भ्रूहीनेऽपि च भामिनि ।
वक्रभ्रूश्च नृपो मर्त्यः रसिको पण्डितोऽथवा ॥ ४ ॥

भा०—मनुष्य की दोनों भौंहें यदि मिल कर एक हो जाँय अथवा भौंहें न हों तो वह दरिद्र होता है। और भौंहें टेढ़ी हों तो मनुष्य राजा, पण्डित अथवा रसिक होता है ॥ ४ ॥

नेत्रवर्णनम्—

असिते धनवान् नेत्रे पीते पितृविनाशनः ।
पाटले हासवृद्धी च चित्रे तस्करतो भवेत् ॥ ५ ॥

भा०—मनुष्य के नेत्र यदि काले हों तो धनी, पीले हों तो माता पिता का नाशक, पाटल (श्वेत रक्त) हों तो कभी हानि और कभी लाभ को देनेवाला, चित्र (रङ्ग बिरङ्गे) हों तो चोर होता है ॥ ५ ॥

उलूकाक्षाश्च काकाक्षाः मण्डूकाक्षाश्च ये नराः ।
अल्प-रोम-कपोलाश्च ते सर्वे पापबुद्धयः ॥ ६ ॥

भा०—उल्लू, काक और मण्डूक (मेंढा) के समान नेत्रवाले तथा जिनके कपोल में रोम कम हों तो वे मनुष्य पाप बुद्धिवाले होते हैं ॥ ६ ॥

नासिकावर्णनम्—

शुकनासो नरो राजा पङ्कनासश्च निधनः ।
पत्रात्मिका यदा नासा ऋद्धि-सिद्धि-प्रदा सदा ॥ ७ ॥

भा०—यदि मनुष्य की नासिका तोते के समान हो तो वह राजा हो और पङ्क के समान हो तो दरिद्र, सुडोल और पतली नासिका हो तो ऋद्धि और सिद्धि को देती है ॥ ७ ॥

पुस्मसूरिका—

नासायां कुटिलश्चैव कपोले बहुपुत्रकः ।
नासापार्श्वे च मशकः वंशकष्टकरः सदा ॥ ८ ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

भा०-जिस पुरुष की नाक पर मसा का चिह्न हो तो वह कुटिल, गाल पर हो तो अधिक सन्तान पैदा करनेवाला, और नाक के अत्यन्त समीप हो तो सन्तान के द्वारा कष्ट होता है ॥८॥

स्त्रीमसूरिका-

नासायां कुटिला दीना कपोले दुःखभागिनी ।
अधरे शंखिनी चैव सर्वनाशकरी सदा ॥ ९ ॥

एकवंशा भवेज्जातु मानिनी ऋषिणोच्यते ।
सर्वत्र शुभदो शोणः कृष्णोऽशुभफलप्रदः ॥ १० ॥

भा०—जिस स्त्री की नाक पर मसा हो तो वह कुटिला, गाल पर हो तो दुःख भोगनेवाली और ओठ पर यदि मसा हो तो सर्वस्व नष्ट करने वाली होती है ॥ ९ ॥ कदाचित् एक सन्तानवाली भी होती है, मसा यदि रक्त हो तो शुभ और काला हो तो अशुभ फल को देनेवाला होता है, यह महर्षि का वचन है ॥ १० ॥

आननवर्णनम्—

यदा भालाऽऽनने स्यातामिन्दुवत्सुषमायुते ।
धर्मात्मोत्पल-वक्त्रश्च धनधान्यादिभाग भवेत् ॥ ११ ॥

अहास्यवदनो मर्त्यः दुःख-दारिद्र्यवान् सदा ।
मृगाऽखुवदनश्चापि हीनभाग्यो भवेद्ध्रुवम् ॥ १२ ॥

भा०—जिस मनुष्य का ललाट और मुख यदि चन्द्रमा के समान अत्यन्त शोभा युक्त हो तो वह धर्मात्मा, और कमल के समान कोमल मुख हो तो धन-धान्यादि से युक्त होता है ॥ ११ ॥ जिसका मुख प्रसन्न न हो वह दुःख और दारिद्र्य से व्याप्त होता है। मृग अथवा मूस के समान मुख हो तो वह मनुष्य निश्चय भाग्य रहित होता है ॥ १२ ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

ओष्ठवर्णनम्—

स्थूलाऽधरो नरो यस्तु गर्वी चैवाऽतिनिर्धनः ।
ऋजुबिम्बोपमोष्ठाभ्यां भूपो भवति निश्चितम् ॥ १३ ॥

भा०—जिसके नीचे का ओष्ठ मोटा हो तो वह अभिमानी और धन रहित होता है। सीधा और पके हुए कुन्दरू के समान दोनों ओष्ठ हों तो वह मनुष्य निश्चय राजा होता है ॥ १३ ॥

दन्तवर्णनम्—

विषमैर्धनहीनाश्च दन्ताः स्निग्धा घनाः शुभाः ।
तीक्ष्णा दन्ताः समाः श्रेष्ठा जिह्वा रक्ता समा शुभा ॥१४॥
श्लक्ष्णा दीर्घा च विज्ञेया तालुः श्वेतो धनक्षयः ।
कराला विषमा दन्ताः क्लेशाय च भयाय च ॥१५॥
पीताः श्यामाश्च दशनाः स्थूला दीर्घा द्विपङ्क्तयः ।
शुक्त्याकाराश्च विरला दुःख-दौर्भाग्य-कारणम् ॥१६॥
अधस्तादधिकैर्दन्तैर्मातरं भक्षयेत् स्फुटम् ।
पतिहीना च विकटैः कुलटा विरलैर्भवेत् ॥१७॥
विरला दन्ता द्विमहिलाः ।

भा०—जिसके दांत बराबर न हों वह धन से रहित होता है। चिक्कन, घन, तीक्ष्ण, और समान दांत हों तो श्रेष्ठ और शुभ जानना, जिह्वा लाल, सम, पतली और लम्बी हो तो शुभप्रद होती है। तालु यदि सपेद हो तो धन का नाश होता है। भयङ्कर और छोटे बड़े दांत क्लेश और भय को देते हैं ॥ १४-१५ ॥ पीले, काले, मोटे, लम्बे दो पंक्ति वाले शुक्ति (सीप) के समान, और बीडर दांत दुःख और दौर्भाग्य को देते हैं ॥ १६ ॥ नीचे के दांत अधिक हों तो माता की मृत्यु हो, विकट दांतवाली स्त्री विधवा और बीड़र दांत वाली वेश्या होती है ॥१७॥ विरल दांतवाले पुरुष दो स्त्रियों से युक्त होते हैं ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

स्वरवर्णनम्—

करि-वृष-रथौघ-भेरी-मृदङ्ग-सिंहाब्द-निःस्वनाः भूपाः ।
गर्दभजर्जर-रुक्षस्वराश्च धनसौख्यसन्त्यक्ताः ॥ १८ ॥

भा०—हस्ती, बैल, रथों के समूह, नगाड़ा, मृदङ्ग, सिंह और मेघ के समान शब्द वाले मनुष्य राजा होते हैं। गदहा के समान स्वर वाले जर्जर (फटा हुआ) शब्द अथवा रूखे स्वर वाले धन और सुख से रहित होते हैं ॥ १८ ॥

ग्रीवालक्षणम्—

स्तम्भग्रीवो यदा देवि ! कम्बुकण्ठश्च यो नरः ।
सर्वसंस्कारसम्पन्नो मन्त्रज्ञो विजयी भवेत् ॥ १९ ॥

भा०—हे देवि ! जिसकी ग्रीवा लम्बी शङ्ख के समान तीन रेखाओं से युक्त हो तो वह सम्पूर्ण संस्कार से युक्त, मन्त्रशास्त्र का जानने वाला और विजयी होता है ॥ १९ ॥

कृकाटिका-स्कन्ध-हृदयवर्णनम्—

कृकाटिका सलोमा स्यात् पापी चैवातिदुःखितः ।
स्कन्धलोमाऽसुखी मर्त्यः लक्षणज्ञाः वदन्ति वै ॥ २० ॥
ऋक्षोदरश्चाऽल्पवंशः हृल्लोमा करुणायुतः ।
लोमहीनश्च चाण्डालो दीर्घाकारस्तथैव च ॥ २१ ॥

भा०—जिसकी घाटी में रोम हो वह मनुष्य पापी और अत्यन्त दुःखी होता है। कन्धे पर रोम होने से दुःखी होता है, ऐसा लाक्षणिकों का कथन है। जिसका पेट भालू के समान हो वह अल्प सन्तान वाला होता है। हृदय में रोमवाला दयालु होता है और रोम से रहित और दीर्घाकार हृदय अथवा पेट हो तो मनुष्य चाण्डाल होता है ॥ २१ ॥

बाहू वर्णनम्—

समांसौ चैव सुश्लक्ष्णौ श्लिष्टौ च विपुलौ शुभौ ।
आजानुलम्बितौ बाहू वृत्तौ पीनौ नृपेश्वरे ॥ २२ ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

निर्मांसौ रोमशौ ह्रस्वौ भुजौ दारिद्र्यदायकौ ।
अलोमशौ तु सुखिनौ श्रेष्ठौ करिकरप्रभौ ॥ २३ ॥

भा०—जिसके बाहु पुष्ट, कुछ टेढ़े, सुडौल और विशाल हों तो शुभदायक होते हैं और जानुपर्यन्त लम्बे, गोल और मोटे हों तो मनुष्य सम्राट् होता है ॥ २२ ॥ मांस रहित और लाम सहित, छोटे बाहु दरिद्रों के होते हैं। रोम से रहित हाथी के सूँड़ के सदृश हों तो मनुष्य सुखी और श्रेष्ठ होता है ॥ २३ ॥

हस्ताङ्गुलिलक्षणम—

हस्ताङ्गुलयो दीर्घाश्चिरायुषामवलिताश्च सुभगानाम् ।
मेधाविनां च सूक्ष्माश्चिपिटाः परकर्मनिरतानाम् ॥२४॥

भा०-जिन मनुष्यों के हाथ की अंगुलियां लम्बी हों वे दीर्घजीवी होते हैं, जिनकी अंगुलियां सीधी हों वे सौभाग्यशाली होते हैं, सूक्ष्म अंगुली वाले मनुष्य बुद्धिमान् और चिपटी अंगुली वाले प्राणी परकार्य करने वाले होते हैं ॥ २४ ॥

स्थूलाभिर्धनरहिता बहिर्नताभिश्च शस्त्रनिर्याणाः ।
कपि-सदृशकरा धनिनो व्याघ्रोपमपाणयऽपापाः ॥२५॥

भा०-मोटी अंगुली वाले मनुष्य दरिद्र होते हैं, पृष्ठभाग की ओर झुकी अंगुलि वाले शस्त्र के द्वारा मृत्यु पाते हैं। बन्दर के समान हाथ वाले धनी और व्याघ्र के समान हाथ वाले पापी होते हैं ॥२५॥

मणिबन्धनैर्निगूढैर्दृढैश्च सुश्लिष्ट-सन्धिभिर्भूपाः ।
हीनैर्हस्तच्छेदः श्लथैः स-शब्दैश्च निर्द्रव्याः ॥२६॥

भा०-जिन मनुष्यों के मणिबन्ध पुष्ट (मांस से छिपे), सुदृढ़ और सन्धियों से सुघटित हों वे राजा होते हैं। यदि प्रमाण से न्यून हों तो हाथ काटे जाते हैं, ढोले और शब्द रहित हों तो मनुष्य दरिद्र होते हैं ॥२६॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

पितृवित्तेन विहीना भवन्ति निम्नेन करतलेन नराः ।
संवृतनिम्नैर्धनिनः प्रोत्तानकराश्च दातारः ॥२७॥

भा०--गहिरे करतल वाले मनुष्य पैतृक सम्पति से रहित, गोल और गहिरे करतल वाले धनी, उन्नत करतल वाले दाता होते हैं ॥ २७ ॥

नखवर्णनम्—

तुषसदृशनखाः क्लीबाश्चिपिटैः स्फुटितैश्च वित्तसन्त्यक्ताः ।
कुनखविवर्णैः परतर्ककाश्च ताम्रैश्च भूपतयः ॥२८॥

भा०—भूसी के समान नख वाले नपुंसक, चिपटे और फटे नख वाले द्रव्य से हीन, विवर्ण और कुत्सित नख वाले परच्छिद्रान्वेषी और ताम्र नख वाले राजा होते हैं ॥२८॥

अंगुष्ठाङ्गुलिलक्षणम्—

अंगुष्ठयवैराढ्याः सुतवन्तोऽङ्गुष्ठमूलगैश्च यवैः ।
दीर्घाङ्गुलिपर्वाणः सुभगा दीर्घायुषश्चैव ॥२९॥

भा०—जिन मनुष्यों के अंगुष्ठ में यव चिह्न हो तो वे धनी होते हैं और अंगुष्ठ मूल में यव हो तो पुत्रवान् होते हैं। अंगुलियों के पर्व लम्बे हों तो मनुष्य भाग्यशाली और दीर्घायु होते हैं ॥२९॥

स्निग्धा निम्ना रेखा धनिनां व्यत्ययेन निःस्वानाम् ।
विरलाङ्गुलयो निःस्वा धनसञ्चयिनो घनाङ्गुलयः ॥३०॥

भा० -धनी मनुष्यों के हाथ की रेखायें चिकनी और गहरी होती हैं, दरिद्रों की इससे विपरीत होती हैं। बीहर अंगुल वाले प्राणी धनहीन और घन अँगुली वाले प्राणी धनसंचय करते हैं॥३०॥

तिस्रो रेखा मणिबन्धनोत्थिता करतलोपगा नृपतेः ।
मीनयुगाङ्कितपाणिः नित्यं सत्रप्रदो भवति ॥३१॥

भा०—तीन रेखायें मणिबन्ध से उठ कर हाथ के समीप पहुँचो

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

हों तो मनुष्य राजा होता है। दो मत्स्य रेखायें जिनके हाथ में हों वह सर्वदा अन्न वस्त्रादि का दाता होता है॥ ३१॥

वज्राकारा धनिनां विद्याभाजां तु मीनपुच्छनिभा।
शङ्खा-ऽऽतपत्र-शिबिका-गजा-ऽश्व-पद्मोपमा नृपतेः ॥३२॥

भा०—वज्ररेखा जिनके हाथ में हो वे धनी और मछलीके पोंछ-सी रेखा हो तो विद्वान्, शङ्ख, छत्र, पालकी, हाथी, घोड़ा और कमल के चिह्न जिनके हाथ में हों वे मनुष्य राजा होते हैं॥ ३२॥

कलश-मृणाल-पताका-ऽङ्कुशोपमाभिर्भवन्ति निधिपालाः।
दामनिभाभिश्चाढ्याः स्वस्तिकरूपाभिरैश्वर्य्यम् ॥३३॥

भा०—हाथ में कलश, कमलनाल, पताका और अङ्कुश का चिह्न हो तो मनुष्य द्रव्य के स्वामी होते हैं। दाम (रस्सी अथवा माला) का चिह्न हो तो वे धनी होते हैं और स्वस्तिक का चिह्न हो तो मनुष्य ऐश्वर्य्य पाते हैं॥ ३३॥

चक्रा-ऽसि-परशु-तोमर-शक्ति-धनुः-कुन्तसन्निभा रेखाः।
कुर्वन्ति चमूनाथं यज्वानमुलूखलाकाराः ॥३४॥

भा०—हाथमें चक्र, तलवार, फरसा, तोमर, शक्ति, धनुष और भाले की सदृश रेखायें हों तो मनुष्य सेनापति होते हैं। ओखरी के समान रेखा हो तो मनुष्य विधिपूर्वक यज्ञ करनेवाले होते हैं ॥३४॥

मकरध्वजकोष्ठागारसन्निभाभिर्महाधनोपेताः।
वेदीनिभेन चैवाग्निहोत्रिणो ब्रह्मतीर्थेन ॥ ३५ ॥

भा०—हाथ में मकर, ध्वजा, कोष्ठ और मन्दिर के चिह्नविशेष की रेखायें हों तो मनुष्य महाधनी और ब्रह्मतीर्थ (अङ्गुष्ठमूल) में वेदी समान चिह्न हों तो अग्निहोत्री होते हैं॥ ३५॥

वापी-देवगृहाद्यैर्धर्मं कुर्वन्ति च त्रिकोणाभिः।
अङ्गुष्ठमूलरेखाः पुत्राः स्युर्दारिकाः सूक्ष्माः ॥३६॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

भा०—यदि वापी (बावली), देवमन्दिर, अथवा त्रिकोण का चिह्न देख पड़े तो मनुष्य धर्मात्मा होते हैं और अंगुष्ठ के मूलमें मोटी जितनी रेखायें हों उतनेही पुत्र और सूक्ष्म जितनी रेखायें हों उतनी हीं कन्यायें पैदा होती हैं ॥ ३६ ॥

आयूरेखावर्णनम्—

रेखाः प्रदेशिनीगाः शतायुषां कल्पनीयमूनाभिः ।
छिन्नाभिर्द्रुमपतनं बहुरेखारेखिनो निःस्वाः ॥३७॥

भा०—आयुरेखा यदि तर्जनी पर्यन्त गई हों तो मनुष्य सौ वर्ष तक जीता है। यदि कम हो तो उसकी कल्पना शास्त्रोक्त रीति से करना उचित है। और छिन्नभिन्न (कटी·कुटी) हो तो प्राणी पेड़ या उच्च स्थान से गिरते हैं। बहुत क्षुद्र रेखा वाले दरिद्र होते हैं ॥३७॥

एकवर्षेऽपि त्रिंशत्स्याद्द्विवर्षे द्विगुणं भवेत् ।
त्रिवर्षे चैव नवतिस्तूर्यवर्षे शताधिकम् ॥ ३८ ॥

भा०—एक वर्षका मान ३०, दूसरे का ६०, तीसरे का ९०, और चौथे का १०० सौ से १२० वर्ष तक होता है। प्रत्येक दो अङ्गुलियों के मध्यकी वर्ष संज्ञा है। शतायु मानने वालों के मत से २५ पचीस के ४ खण्डों में विभक्त करने से १०० वर्ष पूरा होगा। इस मत से १ वर्ष का मान २५ होगा ॥ ३८ ॥

यहां प्रसङ्ग वश कुछ रेखाओंका वर्णन कर दिया गया है, इनका विस्तार यथासाध्य रेखा-प्रकरण में किया जायगा।

वलिलक्षणम्—

शास्त्रान्तं स्त्रीभोगिनमाचार्यं बहुसुतं यथासंख्यम् ।
एकद्वित्रिचतुर्भिर्वलिभिर्विद्यान्नृपं त्ववलितम् ॥३९॥

भा०—जिस मनुष्य के पेट में एक वलि हो वह शास्त्र का पारङ्गत हो. दो वलि हो तो स्त्री का उपभोग करने वाला, तीन वलि होने से आचार्य, चार वलि हो तो अधिक पुत्र वाला होता है। राजा वलि से रहित होते हैं ॥ ३९ ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

नाभिलक्षणम्—

नाभिः स्याद्दक्षिणावर्ता शुभदा त्वपराऽशुभा।
गम्भीरा सुखभोगाढ्या पूँगीनाभिस्तु मातृहा ॥४०॥

भा०—दक्षिणावर्त नाभि शुभ और वामावर्त अशुभ होती है। गहिरी नाभि सुख और भोग से युक्त करती है और ऊँची नाभि माता का विनाश करती है ॥ ४० ॥

पृष्ठलक्षणम्—

पृष्ठरोमा नरो राजा द्विभार्यः कोऽपि जायते।
बहुरोम्णि शिराढ्ये च भुग्नपृष्ठे दरिद्रराट् ॥ ४१ ॥

भा०—पीठमें यदि रोम हों तो मनुष्य राजा होता है। कदाचित् किसी २ का दो विवाह भी होता है, यदि नसोंसे युक्त टेढ़ी अथवा बहुरोमयुक्त हों तो प्राणी महा दरिद्र होता है ॥ ४१ ॥

कटिलक्षणम्—

कटिस्थूला सतिलका नृणां दारिद्र्यदुःखदा।
कटिक्षीणो महाभोगी शोभनोऽथ विचक्षणः ॥ ४२ ॥

भा०—जिनकी कमर मोटी और तिल युक्त हो वे मनुष्य दरिद्र और दुःखीहोते हैं। क्षीण कमरवाले पुरुष बड़े भोगी, सुन्दर और बुद्धिमान् होते हैं ॥ ४२ ॥

लिङ्गलक्षणम्—

कर्कशे कठिने पीने जारा अन्ये दरिद्रिणः।
ह्रस्वलिङ्गे धनाढ्याः स्युः सूक्ष्मे सन्ततिवर्जिताः ॥४३॥

भा०—जिनके लिङ्ग कर्कश, कठिन और मोटे हों वे मनुष्य परस्त्रीगामी और इससे विपरीत हों तो दरिद्र होते हैं। छोटे लिङ्ग वाले धनी और सूक्ष्म लिङ्ग वाले प्राणी सन्तति रहित होते हैं ॥४३॥

स्फिक् लक्षणम्—

मण्डूकस्फिङ् नरो राजा दरिद्रः स्थूलस्फिग् भवेत्।
स्फिग्घोनस्तु महादुःखी परद्वेषरतः सदा ॥४४॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

भा०—जिस मनुष्य की कुल्हो (चूतड़ का पिछला भाग) मेढक के समान हो तो वह राजा, जिसका मोटा हो वह दरिद्र, जिसे कुल्हो न हो वह अत्यन्त दुःखी और दूसरों के साथ निरन्तर द्वेष करता है॥ ४४॥

ऊरू वर्णनम्—

रम्भोरू रोमहीनौ चेत् सर्पाकारौ सुशोभनौ।
महत्सौख्ययुतो मर्त्यः सुखी भवति निश्चितम्॥४५॥
रोमत्रये दरिद्रः स्याद्रोगी निर्म्मांसजानुकः।
महद्दारिद्र्यजं दुःखं भुङ्क्ते रोमचतुर्थके॥४६॥

भा०—जिसकी जंघा केले के खम्भे के समान, रोम रहित, सर्पाकार और सुन्दर हो तो मनुष्य अत्यन्त सौखीन और निश्चय सुखी होता है॥ ४५॥ जिसकी जंघा के एक रोम कूप में तीन रोवें हों वे प्राणी दरिद्र, चार रोवें हों तो अति दारिद्र्य जन्य दुःख भोगने वाला और मांस रहित जानु हो तो मनुष्य रोगी होता है॥ ४६॥

पदलक्षणम्—

सूर्पाकारौ विरूक्षौ च वक्रौ पादौ शिरालकौ।
संशुष्कौ पाण्डुरनखौ निःस्वस्य विरलाङ्गुलौ॥४७॥
अस्वेदितौ मृदुतलौ कमलोदरसन्निभौ।
श्लिष्टाङ्गुली ताम्रनखौ पादावुष्णौ शिरोज्झितौ॥४८॥
कूर्मोन्नतौ गूढगुल्फौ सुपार्ष्णी नृपतेः स्मृतौ॥ १॥

भा०—जिस मनुष्य के पैर सूप के समान, अत्यन्त रूखे, टेढ़े, नसयुक्त, अत्यन्त सूखे हों, पीले नख तथा अंगुलियां बीड़र हों तो वह निर्धन होता है॥ ४७॥ जिसके पैर के तलवे पसीने से रहित, कोमल, कमलोदर के समान हों, अंगुलियाँ सटी, नख लाल, पैर ऊष्ण, नसों से रहित कछुये के समान उन्नत हों, गुल्फ (गुट्ठियां) छिपी हों, और एड़ी सुन्दर हो वह मनुष्य राजा होता है॥ ४८॥

* इति नखशिखवर्णनम् *

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

अथ प्रमदालक्षणविशेषमाह ।

पूर्णचन्द्रमुखी या च बालसूर्यसमप्रभा ।
विशालनेत्रा बिम्बोष्ठी सा कन्या लभते सुखम् ॥ १ ॥

भा०—जिस कन्या का मुख पूर्णचन्द्र के समान, शरीर की कान्ति उदय कालिक सूर्य के समान, नेत्र कर्ण पर्यन्त लम्बे और ओष्ठ कुन्दुरू के समान लाल हों तो वह कन्या सुख भोगने वाली होती है ॥ १ ॥

या च काञ्चनवर्णाभा रक्तपुस्तसरोरुहा ।
सहस्राणां तु नारीणां भवेत् साऽपि पतिव्रता ॥ २ ॥

भा०—जिस स्त्री के शरीर की कान्ति सुवर्ण के समान हो और हाथ कमल के समान रक्त हो तो वह हजारों पतिव्रताओं में प्रधान होती है ॥ २ ॥

वक्रकेशा च या कन्या मण्डलाक्षी च या भवेत् ।
भर्ता च म्रियते तस्या नियतं दुःखभागिनी ॥ ३ ॥

भा०--जिसके बाल टेढ़े और नेत्र गोल हों तो वह कन्य विधवा और निरन्तर दुःख भोगने वाली होती है ॥ ३ ॥

नीलोत्पलनिभं चक्षुर्नासालग्नं शुभावहम् ।
केकरे पिङ्गले नेत्रे श्यामे लोलेक्षणेऽसती ॥ ४ ॥

भा०—जिसके नेत्र नील कमल के समान सुन्दर और नासिका से मिले हों तो वह स्त्री सुलक्षणा होती है । कञ्जे पिङ्गल काले और चञ्चल नेत्र वाली स्त्री पुंश्चली होती है ॥ ४ ॥

ललनालोचने शस्ते रक्तान्ते कृष्णतारके ।
गोक्षीरवर्णविशदे सुस्निग्धे कृष्णपक्ष्मणी ॥ ५ ॥

भा०—जिसके दोनों नेत्रप्रान्त रक्तवर्ण, पुतली काली, चारों

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

और गोदुग्ध के समान स्वच्छ और सरस हों तथा बरौनी काली हो तो वह स्त्री सुलक्षणा होती है ॥ ५ ॥

उन्नताक्षी न दीर्घायुः वृत्ताक्षी कुलटा भवेत् ।
मेषाक्षी महिषाक्षी च केकराक्षा न शोभना ॥ ६ ॥

भा०—ऊंचे नेत्र वाली स्त्री अल्पायु और गोल नेत्र वाली पुंश्चली होती है, भेंड़ा, भैंसा के समान तथा कञ्जे नेत्रवाली दुष्टा होती है ॥ ६ ॥

कामिनीनां तु नितरां गोपिङ्गाक्षी सुदुर्मदा ।
पारावताक्षी दुःशीला रक्ताक्षी भर्तृघातिनी ॥ ७ ॥

भा०-गौ के समान पिङ्गल नेत्रवाली स्त्री सब स्त्रियों में अत्यन्त दर्पवाली होती है, कबूतर के समान नेत्र वाली दुःशीला और लाल नेत्र वाली पतिघातिनी होती है ॥ ७ ॥

कोटराक्षनयना दुष्टा गजनेत्रा न शोभना ।
पुंश्चली वामकाणाक्षी वन्ध्या दक्षिणकाणिका ॥८॥

भा०-खोढ़रे के समान नेत्रवाली दुष्टा और हाथी के समान नेत्र वाली अशोभना होती है, जिसका वाम नेत्र काना हो तो वह पुंश्चली और दाहिना नेत्र काना हो तो स्त्री वन्ध्या होती है ॥८॥

मधुपिङ्गाक्षी रमणी धनधान्यसमृद्धिभाक् ।
प्रलम्बमणिकं यस्याः देवरं हन्ति सा ध्रुवम् ॥ ९ ॥

भा०-सहत के समान पिङ्गल नयन वाली स्त्री धन धान्य से पूर्ण होती है, और जिसके नेत्र की पुतली लम्बी हो वह स्त्री निश्चय देवर को मारने वाली होती है ॥ ९ ॥

कृष्णा कपिलकेशी च मिलितभ्रुकुटिस्तथा ।
गमनं सत्वरं चैव त्यक्तव्या स्यात् सदा बुधैः ॥ १० ॥

जो स्त्री श्यामवर्णा हो, केश जिसके कपिल हों, दोनों भौंहें

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

मिली हों और शीघ्र चलने वाली हो तो वह स्त्री पण्डितों के त्याज्य है ॥ १० ॥

विरला दशना यस्याः कृष्णोष्ठी कृष्णजिह्विका ।
भर्तारं प्रथमं हन्ति द्वितीयं चैव विन्दति ॥ ११ ॥

भा०—जिसके दाँत बीड़र हों ओष्ठ और जिह्वा कृष्ण वर्ण हों तो वह स्त्री विवाहित पति को मार कर द्वितीय पति प्राप्त करती है ॥११॥

त्रीणि यस्याः प्रलम्बानि ललाटमुदरं भगम् ।
त्रीणि सा भक्षयेन्नारी श्वशुरं देवरं पतिम् ॥१२॥

भा०—जिसके ललाट, उदर, और भग ये तीनों लम्बे हों तो वह स्त्री क्रमशः श्वसुर, देवर और पति इन तीनों को खा जाती है ॥

कनिष्ठाऽऽनामिका यस्याः यदि मध्यमिका तथा ।
भूमिं न स्पृशते सा स्त्री विज्ञेया व्यभिचारिणी ॥१३॥

भा०—चलते समय जिस स्त्री के पैर की कनिष्ठिका, अनामिका और मध्यमा भूमि को स्पर्श न करैं तो वह व्यभिचारिणी होती है ॥

पादे प्रदेशिनी यस्याः अङ्गुष्ठं समतिक्रमेत् ।
न सा भर्तृगृहे तिष्ठेत् स्वच्छन्दा कामचारिणी ॥१४॥

भा०—जिस स्त्री के पैर की प्रदेशिनी अंगुली अंगुष्ठ से बड़ी हो तो वह स्त्री पतिगृह को त्याग कर स्वच्छन्द चारिणी होती है ॥

यस्याः गमनमात्रेण भूमौ कम्पः प्रजायते ।
बह्वाशिनीं प्रलोभाश्च तां नारीं परिवर्जयेत् ॥ १५ ॥

भा०—जिसके गमन काल में पृथ्वी कम्पायमान हो तथा अधिक भोजन करने वाली और लोभ से युक्त हो तो उस स्त्री को त्याग देवै ॥ १५ ॥

राजहंसगतिर्वाऽपि मत्तमातङ्गगामिनी ।
सिंहशार्दूलमध्या च सा भवेत् सुखभागिनी ॥१६॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

भा०—जो स्त्री राजहंस तथा मतवाले हाथी के समान चलने वाली हो और जिसकी कमर सिंह अथवा व्याघ्र के समान पतली हो तो वह स्त्री सुख भोगने वाली होती है ॥१६॥

गौराङ्गी वा तथा कृष्णा स्निग्धमङ्गं मुखं तथा ।
दन्ता स्तनं शिरो यस्याः सा कन्या लभते सुखम् ॥१७॥

भा०—जो स्त्री गौर अथवा कृष्णवर्ण हो, अङ्ग, मुख, दन्त, स्तन और शिरो भाग स्निग्ध हो तो वह सुखभोगिनी होती है ॥१७॥

मृद्वङ्गी मृगनेत्रापि मृगजानु मृगोदरी ।
दासीजाताऽपि सा कन्या राजानं पतिमाप्नुयात् ॥१८॥

भा०—जिस नारी के अङ्ग कोमल तथा, नेत्र, जानु, और उदर मृग के समान हों तो वह स्त्री दासी के गर्भ से उत्पन्न होकर भी राजा के समान पति को प्रप्त करती है ॥ १८ ॥

अथ प्रमदाकराङ्गुष्ठरेखादिलक्षणविशेषमाह—

अम्भोजमुकुलाकारमङ्गुष्ठाङ्गुलिसम्मुखम् ।
हस्तद्वयं मृगाक्षीणां बहुभोगाय जायते ॥ १९ ॥

भा०—जिन मृगनेत्रा रमणियों के दोनों हाथ, अंगुष्ठ और अंगुलियां सामने होकर कमल कलिका के समान सुन्दर हों तो उनके बहुभोग को उत्पन्न करती हैं ॥ १६ ॥

मृदु मध्योन्नतं रक्तं तलं पाण्योररन्ध्रकम् ।
प्रशस्तं शस्तरेखाढ्यमल्परेखं शुभश्रियम् ॥ २० ॥

भा०—जिसके करतल कोमल, रक्तवर्ण, छिद्र रहित, मध्य भाग उन्नत, अच्छी रेखाओं से युक्त होकर थोड़ी रेखाओं से विभूषित हों तो वह स्त्री सौभाग्य और लक्ष्मी से युक्त होती है ॥२०॥

विधवा बहुरेखेण विरेखेण दरिद्रिणी ।
भिक्षुकी सुशिराढ्येन नारी करतलेन वै ॥ २१ ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

भा०--जिस स्त्री का करतल बहुत रेखाओं से युक्त हो तो वह स्त्री विधवा, रेखा रहित हो तो दरिद्रिणी और अधिक नसों से युक्त हो तो भिक्षुकी होती है ॥ २१ ॥

विरोमं विशिरं शस्तं पाणिपृष्ठं समुन्नतम् ।
वैधव्यहेतुरोमाढ्यं निर्मांसं स्नायुमत्त्यजेत् ॥ २२ ॥

भा०--जिस रमणी का करपृष्ठ उन्नत होकर रोम और नसों से रहित हो तो शुभ है। रोमयुक्त होकर मांस रहित नसों से युक्त हो तो वैधव्य का कारण है। अतः उसको त्याग देवै ॥ २२ ॥

रक्ता व्यक्ता गभीरा च स्निग्धा पूर्णा च वर्तुला ।
कररेखाङ्गनायाः स्याच्छुभा भाग्यानुसारतः ॥२३॥

भा०--जिस ललना के हाथ की रेखा लाल, स्पष्ट, गहिरी, चिकनी, पूर्ण और गोलाकार हो तो उसके भाग्यानुसार शुभ होता है ॥ २३ ॥

मत्स्येन सुभगा नारी स्वस्तिकेन वसुप्रदा ।
पद्मेन भूपतेः पत्नी जनयेद् भूपतिं सुतम् ॥ २४ ॥

भा०--जिस अङ्गना के करतल में मत्स्य का चिह्न हो तो वह सुन्दर भाग्यवाली, और स्वस्तिक का चिह्न हो तो धन देने वाली होती है। कमल का चिह्न हो तो राजपत्नी होकर भूमि का पालन करने वाला पुत्र पैदा करती है ॥ २४ ॥

चक्रवर्तिस्त्रियाः पाणौ नद्यावर्तः प्रदक्षिणः ।
शङ्खातपत्रकमठा नृपमातृत्वसूचकाः ॥ २५ ॥

भा०--जिस रमणी के पाणितल में दक्षिणावर्त मण्डल का चिह्न हो तो वह मानिनी, चक्रवर्ती राजा की पटरानी होती है। शंख, छत्र, और कच्छप का चिह्न हो तो वह स्त्री राजमाता होती है ॥२५॥

तुलामानाकृती रेखा वणिक्पत्नित्वहेतुका ।
गजवाजिवृषाकारा करे वामे मृगीदृशाम् ॥ २६ ।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

भा०--जिन मृगनयनी स्त्रियों के वाम कर में तराजू, हाथी, घोड़े और बैल के चिन्ह विशेष हों तो वे बनिये की स्त्री होती हैं।

रेखा प्रसादवज्राभा सूते तीर्थकरं सुतम् ।
कृषीबलस्य पत्नी स्याच्छकटेन मृगेण वा ॥ २७ ॥

भा०-जिसके हाथ में वज्र और प्रासाद (कोठा) का चिन्ह हो तो वह स्त्री तीर्थ करनेवाले पुत्र को पैदा करती है। शकट और मृग का चिन्ह हो तो खेतिहर (किसान) को स्त्री होता है ॥ २७ ॥

चामराङ्कुशकोदण्डै राजपत्नी भवेद् ध्रुवम् ।
अङ्गुष्ठमूलान्निर्गत्य रेखा याति कनिष्ठिकाम् ॥ २८ ॥
यदि सा पतिहन्त्री स्याद्दूरतस्तां त्यजेद् बुधः ।

भा०-जिस कामिनी के करतल में चमर, अङ्कुश और धनुष के समान रेखा हो तो वह निश्चय राजपत्नी होती है। यदि अङ्गुष्ठमूल से निकल कर कनिष्ठा पर्यन्त रेखा जाय तो वह स्त्री पतिघातिनी होती है। अतः पण्डित उसका परित्याग कर देवें ॥२८॥

त्रिशूलाऽसिगदाशक्तिदुन्दुभ्याकृतिरेखया ॥ २९ ॥
नितम्बिनी कीर्तिमती त्यागेन पृथिवीतले ।

भा०-जिस प्रशस्त नितम्बवाली रमणी के करतल में त्रिशूल, तलवार, गदा, शक्ति और नगाड़े के आकार की रेखा हो तो वह दान के द्वारा कीर्ति प्राप्त करती है ॥ २९ ।

कङ्क-जम्बूक-मण्डूक-वृक-वृश्चिक-भोगिनः ॥ ३० ॥
रासभोष्ट्रबिडालाः स्युः करस्था दुःखदाः स्त्रियः ।
शुभदः सरलोऽङ्गुष्ठो वृत्तो वृत्तनखो मृदुः ॥ ३१ ॥

भा०—जिन स्त्रियों के हाथ में सफेद चिह्न, शृगाल, मण्डूक, भेड़िया, बिच्छू, सर्प, गदहा, ऊँट और बिडाल के चिह्न विशेष हों तो वे दुःखकारी होते हैं। जिन सुन्दरियों के अंगुष्ठ सीधे, गोल तथा नख गोल और कोमल हो तो शुभप्रद है ॥ ३१ ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

अङ्गुल्यश्च सुपर्वाणो दीर्घा वृत्ताः शुभाः कृशाः।
चिपिटाः स्थपुटा रूक्षा पृष्ठरोमयजोऽशुभाः ॥ ३२ ॥

भा०—जिन सुन्दरियों की अंगुलियाँ लम्बी, गोल, सुन्दरपर्वों से विभूषित और क्रमशः पतली हों तो शुभफल को देती हैं। चिपटी, छोटी और रूखी तथा पृष्ठ भाग में रोम हों तो अशुभ है ॥ ३२ ॥

अति ह्रस्वाः कृशा वक्रा विरला रोगहेतुकाः।
दुःखायाङ्गुलयः स्त्रीणां बहुपर्वसमन्विताः ॥ ३३ ॥

भा०—स्त्रियों के हाथ की अंगुलियाँ यदि बहुत छोटी, पतली, टेढ़ी और विरल हों तो रोगों के कारण होती हैं। और अधिक पर्वों से युक्त हों तो दुःखप्रद होती हैं ॥ ३३ ॥

अरुणाः स-शिखाः स्तुङ्गाः करजाः सुदृशां शुभाः।
निम्ना विवर्णा शुक्त्याभा पीता दारिद्र्यसूचकाः ॥३४॥
नखेषु बिन्दवः श्वेताः प्रायः स्युः स्वैरिणीस्त्रियः।
पुरुषा अपि जायन्ते दुःखिनः पुष्पितैर्नखैः ॥ ३५ ॥

भा०—सुन्दर नेत्रवाली स्त्रियों के नख यदि लाल, शिखायुक्त और ऊँचे हों तो शुभ, गहिरे, विवर्ण, शुक्ति (सीप) के समान और पीले हों तो दारिद्र्य को सूचित करते हैं ॥ ३४ ॥ नखों में यदि श्वेत बिन्दु हों तो स्त्रियाँ प्रायः पुंश्चली होती हैं। पुरुष भी पुष्पयुक्त नखों से दुःखी होते हैं ॥ ३५ ॥

अथ शरीरमानम्—

अष्टशतं षण्णवतिः परिमाणं चतुरशीतिरिति पुंसाम्।
उत्तमसमहीनानामङ्गुलसंख्या स्वमानेन ॥ ३६ ॥

भा०—अपने अंगुल प्रमाण से १०८ अंगुल पर्यन्त ऊँचे मनुष्य उत्तम, ९६ अंगुल पर्यन्त ऊँचे मध्यम और ८४ अंगुल प्रमाण ऊँचे अधम होते हैं ॥ ३६ ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

अथ विशेषाङ्गशुभाऽशुभवर्णनम्—

विशेषाङ्गान्यनिष्टानि शिरःपद्करोदरे ।
नितम्बकटिगुह्याख्यलिङ्गेष्विष्टानि तानि च ॥ ३७ ॥

भा०—मनुष्यों के शिर, पैर, हाथ और उदर में यदि कोई विशेष अङ्ग हो तो अत्यन्त हानि, और नितम्ब, कमर, भग तथा लिङ्ग में विशेषाङ्ग हो तो लाभप्रद है ॥ ३७ ॥

कराङ्गुष्ठमूलेऽङ्गुलौ घोरपापी
भवेत्पूर्वपर्वे प्रभुः स्यान्नराणाम् ।
यदाऽङ्गुष्ठमध्ये नरो वंशघाती
तथाऽन्यत्र देशे भवेच्छोधकोऽसौ ॥ ३८ ॥

भा०—यदि अंगुष्ठमूल में अंगुली हो तो मनुष्य महापापी, अंगुष्ठ के प्रथम पर्व में हो तो राजा, अंगुष्ठ के मध्यम में होने से वंश का नाशक तथा इसके अतिरिक्त और कहीं हो तो मनुष्य स्त्री पुत्रादि से रहित होता है ॥ ३८ ॥

दरिद्रोऽद्भुतस्तर्जनीमूलदेशेऽङ्गुलौ स्याद्यदा यस्य मध्येऽल्पमायुः ।
अनामाङ्गुलावङ्गुली त्राणकर्ता कनिष्ठाऽङ्गुलीमूलदेशे नृपालः ।३९।

भा०—तर्जनी के मूल में यदि कोई अंगुली हो तो अद्भुत दरिद्र, तर्जनी के मध्य में कोई अंगुली हो तो अल्पायु, अनामिका में कोई अङ्गुली हो तो मनुष्यों का पालन करने वाला और कनिष्ठिका के मूल में अङ्गुली होने से मनुष्य राजा होता है ॥ ३९ ॥

तिलवर्णनम्—

अङ्गुष्ठेऽङ्गुष्ठपार्श्वे च बहुगन्ता नरस्तिले ।
द्वेषी स्यात्तर्जनीपार्श्वे धनी चाऽत्र न संशयः ॥ ४० ॥
मध्यमापार्श्वभागे तु जनः शान्तिप्रियः सुखी ।
तिलस्त्वनामिकादेशे रमा-विद्यानिधिर्भवेत् ॥ ४१ ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

यदि हाथ के अँगूठे या अँगूठे के बगल में तिल हो तो मनुष्य अधिक चलने वाला, तर्जनी अंगुली के बगल में तिल हो तो द्वेष करने वाला और धनी होता है, इनमें कोई सन्देह नहीं ॥ ४० ॥ मध्यमा के बगल में तिल हो तो शान्त और सुखी, अनामिका में तिल हो तो मनुष्य लक्ष्मी और विद्या से युक्त होता है ॥ ४१ ॥

तथा कनिष्ठिकापार्श्वे सुतवित्तसमन्वितः ।
तिलं करतले यस्य सततञ्च धनागमः ॥ ४२ ॥
लालाटिको ललाटे च नेत्रे जारः प्रचक्षते ।
श्रवणे सर्वसिद्धिः स्यान्नासा दुष्टः प्रकीर्तितः ॥ ४३ ॥

भा०—यदि कनिष्ठिका के बगल में तिल हो तो मनुष्य धन पुत्र से युक्त और करतल में तिल हो तो निरन्तर द्रव्य की प्राप्ति होती है ॥ ४२ ॥ जिसके ललाट में तिल हो वह मनुष्य लालाटिक (स्वामी के कार्य में असमर्थ होकर उसके मुख का भाव देखने वाला) होता है। नेत्र में तिल हो तो परस्त्रीगामी, कान में तिल हो तो सम्पूर्ण सिद्धियों का देनेवाला, नाक में तिल हो तो मनुष्य दुष्ट होता है ॥ ४३ ॥

कपोले सुषमायुक्तः लोभी स्यादधरे तिलः ।
कण्ठे भक्तो मनुष्यः स्याद् हृदि सौभाग्यकारणम् ॥४४॥
बाहौ धनं विजानीयाल्लिङ्गे तु प्रमदारतः ।
जङ्घयो रसिको मर्त्यः पादे नृपतिवाहनम् ॥४५॥

भा०—कपोल में तिल होने से प्राणी सुषमा (अत्यन्त शोभा) से युक्त अधरोष्ठ में तिल हो तो लोभी, कण्ठ में तिल हो तो भक्त और हृदय में तिल हो तो सौभाग्य का कारण होता है ॥ ४४ ॥ बाहु में तिल हो तो धनी, लिङ्ग में हो तो स्त्री में आसक्त, जङ्घा में होने से रसिक और पैर में तिल हो तो राजा की सवारी प्राप्त होती है ॥ ४५ ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

पृष्ठे कटौ नितम्बे च गुह्ये व्यर्थं तिलो भवेत् ।
वामाङ्गे च शुभः स्त्रीणां प्रायः पुंसाञ्च दक्षिणे ॥ ४६ ॥

भा०—पीठ, कमर, नितम्ब और गुप्त इन्द्रियों में तिल हो तो व्यर्थ होता है। प्रायः स्त्रियों के वाम और पुरुषों के दक्षिण अङ्ग में तिलादिक शुभ होते हैं ॥ ४६ ॥

इति नखशिखवर्णनम् ।

—०*०—

* श्री १०८ कामाख्यायै नमः *

गिरिजा-शङ्करं वन्दे कृष्णं विष्णुं सदा गुरुम् ।
गणेशं शारदां दुर्गां शावरीञ्चाऽर्थकारिणीम् ॥ १ ॥

भा०—गिरिजा, शङ्कर, कृष्ण, विष्णु, गुरु, गणेश, सरस्वती, दुर्गा और मनोरथ सिद्ध करने वाली शावरी मन्त्र शक्ति को निरन्तर प्रणाम करता हूँ ॥ १ ॥

अथ शशकादितुर्यपुरुषाणां जीवनचरित्राणि ।

तत्राऽऽदौ शशकस्य——

भवन्ति खलु प्रायः कोमलकुन्तलविपुलेक्षणशान्तशान्तशासननिरतसूक्ष्मशरीरावयवाऽतिपवित्रपूर्णेन्दुवदनस्निग्धसमाल्पदशनाः, कराङ्घ्रिजानुजघनग्रीवोरुषु श्यामतां बिभ्राणाः, सुरभिमदनस्पन्दाः सकृद्रतिविरता अदर्शनेऽपि योजनव्यादासुरभयो युगाद्यन्तप्रभवाष्टत्रिंशद्वर्षावच्छिन्नावयवा अल्पात्मजप्रभावशालिनो देवपुरुषा शशकाः ॥

अब शशक, मृग, तुरग और वृषभ जाति के पुरुषों के जीवन चरित्र ।

प्रथम शशक का वर्णन करते हैं, प्रायः इस जाति के पुरुषों के केश कोमल, नेत्र विशाल होते हैं, ये शान्त और शान्तिपूर्वक

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

शासन में तत्पर रहते हैं, इनके शरीर के अङ्ग सूक्ष्म स्वयं अत्यन्त पवित्र और मुख पूर्ण चन्द्रमा के समान आनन्ददायक. दाँत चिकने, बराबर और थोड़े होते हैं। इनके हाथ, पैर, जानु, पेड़ू, ग्रीवा तथा जंघा में कुछ श्यामता होती है। वीर्य में सुगन्धि होती है। ये थोड़ा विषय करने वाले होते हैं, एक स्थान में रहने पर भी चार कोश तक इनकी सुगन्धि फैली रहती है। ये युग के आदि और अन्त में पैदा होते और ३८ वर्ष तक जीते और प्रभावशाली होते हैं, सन्तान इन्हें थोड़ी होती हैं। कोई २ इन्हें देव पुरुष भी कहते हैं।

अथ साधारणमृगलक्षणम्—

मृदुल-स्निग्ध-रक्ताधार-महासमान-विहार-विहसितालापाह्वान—समकाल एव दृष्टिपातागमनोत्सुकाः, खण्डा-खण्ड-त्रिकोणोपलक्षितपाणितलप्रदेशाः, मञ्जुलेक्षणोत्पलशोभनवदनारविन्द-मृदुपाणि-पादाऽनतिस्थूलकृशा, लघुशरीरास्तिलाङ्कित-हृदस्सुग्रीव-मध्यांशकाश्चञ्चलतमा अपि धीरबुद्धयो लज्जानताननाः अनवरतनृत्यगानवादनादिप्रमोदे रताश्चित्ताकर्षकमोहनमूर्तयः कुरङ्गजातयः पुरुषा भवन्ति ।

अन्यदपि—

प्रसन्नमूर्तिः समुदारचेताः वंशाभिमानो शुभवाग्विलासः ।
अनीतिभीरुर्गुरुसाधुनम्रः साम्राज्यलक्ष्मीं लभते मनुष्यः ॥१॥

अपरञ्च—

सदा विहारवार्ता वै वार्तान्ते रसमुत्तमम् ।
पशुं पक्षिणमालोक्य मृगो मोदं लभेत च ॥ २॥

मृगजातीनां फलानि—

आयुष्यरेखाकनिष्ठाङ्गुल्योर्मध्ये समुल्लसन्त्या ललनारेखया भवदीया धर्मज्ञा महिला सुखान्यनुभूय भवतः पूर्वमेवाऽमरलोकं गमिष्यति, द्विती-

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

प्याप्येवम् । श्रीमतां पञ्चपुत्राः सङ्कलने नवैकादश वेति तेष्वेकस्यात्मजस्य नृपलाञ्छनलाञ्छितत्वेन नृपालयोगः, पूर्वप्रतिपादितपुत्रेषु दुहितरश्चाधिक-गुणोपपन्नाः भविष्यन्ति । तास्वेका पूर्णचन्द्रानना बालसूर्यप्रभा विशालनेत्रा उभयकुलानन्ददायिनी कटिदरिद्रा हंसगमना चारुभाषिणी साक्षाद्रमैव सर्वगुणालंकृता भविष्यति । स्थास्यति च सूनुरेकः, द्वे कन्ये च स्थास्यतः। पञ्चभ्रातरः सङ्कलने नवैकादश वेति एको भ्रातैका भगिनी च स्थास्यति एकत्रिंशद्धायनेऽथवा बाल्ये मातृहा पितृहा वेति सूचयति। ऐकोनविंशदुपरि विद्याद्युन्नतिः । एकद्वित्रितूर्यपञ्चनववयःसु सुतवित्तभवनारामभूप्रतिष्ठा-दिभिर्भाग्योदयः । त्रिपञ्चाशत्त्रिषष्टित्रिसप्ततित्र्यशीतिवर्षेषु कष्टादि शरीर-पतनञ्च निश्चेयम् । पित्रोरेकस्य स्थितौ द्वौ वासौ स्वकीयोद्योगेन राजगृहाद्धनाद्याप्तिः भविष्यन्ति । महामारसंकेतिन्यो बह्व्यः स्त्रियः । भुजङ्गरूपा बहरयः श्रीमतोऽशितुं समागमिष्यन्ति, तत्र भवन्तो वैनतेयाः सर्वाञ्छत्रून्नशिष्यन्ति । चित्रिते प्रासादे चिरं निष्कण्टकं राज्यं करिष्यन्ति भवन्तः । तुरगगजाद्यलंकृतं भवन्तं प्रतिस्पर्धिनोऽपि परिचर्यामाचरिष्यन्ति । वसन्तसङ्केतिन्या काननोद्भवया अरविन्दरेखया पूर्वोक्तकष्टादिहायनेपूत्तरा-यणे सरित्तटेऽल्पक्लेशेनापवर्गाप्तिश्च । तुरगवृषभेतराणां दुर्लभं जन्मेति ।

भा०—मृगजाति वाले पुरुषों के अधरोष्ठ कोमल, चिकने और लाल होते हैं। इस जाति के पुरुष श्रेष्ठ, विहार शील, हँसकर बोलने वाले, पुकारते ही लौट कर देखते और आगमनोत्सुक होते हैं। उनका करतल खण्ड वा पूर्ण त्रिकोण से युक्त होता है । सुन्दर कमल समान नेत्रोंसे मुखारविन्द अति मनोहर और हाथ पैर कोमल होते हैं। उनकी शरीर न बहुत मोटी और न पतली तथा छोटी भी नहीं होती। हृदय तिल से अङ्कित, ग्रीवा सुन्दर, कन्धे मध्यम होते हैं। वे चञ्चल होकर भी धीर बुद्धिवाले होते हैं ।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

उनका मुख लज्जा से नम्र होता है। वे निरन्तर नाच, गाना, बजाना, आदि आनन्द में मग्न. मोहन मूर्ति और चित्त अपनी ओर खींचने वाले होते हैं।

और प्रसन्नता की मूर्ति, उदार चित्त, अपने कुलका अभिमान करने वाले, उत्तम और प्रिय बोलते, अनीति से डरते, गुरु और साधुसे नम्र होकर साम्राज्य लक्ष्मी (ऐश्वर्य) को प्राप्त करते हैं। मृग पुरुष सदा विहार विषयक वार्ता करते और उसके अन्त में उत्तम रस पाते और पशु पक्षियों को देख कर शीघ्र प्रसन्न होते हैं।

मृग जाति वालों के फल—

हाथ में आयु रेखा और कनिष्ठिका अङ्गुली के बीच में शोभने वाली स्त्री रेखा से विदित होता है कि आपकी धर्मपत्नी आपसे पहिले ही सम्पूर्ण सुखोंका अनुभव कर स्वर्गवासिनी होगी इसी प्रकार दूसरी भी। आपको पांच पुत्र होंगे, कन्या पुत्र मिल कर नव वा ग्यारह होंगे। उनमें से एक पुत्र को राजयोग पाया जाता है। लड़कों के साथ कही हुई लड़कियां भी अधिक गुणवती होंगी। उन में से एक पूर्णचन्द्रमुखी जिसकी शरीर की कान्ति उदय कालिक सूर्यके समान, आखें बड़ी, कमर पतली, चाल हंसकीसी और बोली मनोहर होगी, वह दोनों कुल को आनन्द देने वाला, साक्षात् लक्ष्मी के समान, सब गुणोंसे अलङ्कृत होगी और रहैगी। एक पुत्र दो कन्यायें ठहरेंगी। एवं पांच भाई सब (भाई बहिन) मिल कर संख्या में नव वा ग्यारह होंगे, उनमें एक भाई और बहिन रहैगी। ३१ वर्ष अथवा बाल्यावस्था में माता पिता में से एक का जीवित रहना (रेखानुसार) सूचित करता है। १६ वर्ष के बाद विद्या आदि की उन्नति ६-१८-२७-३६ और ४१ इन वर्षों में यथावकाश धन पुत्र, गृह, वाटिका, भूमि और प्रतिष्ठादिक से भाग्योदय, ५३·६३·७३ और ८३ इन वर्षों में शरीर को कष्ट और मरणादि का निश्चय करना। माता पिता में से एक के न रहने पर दो स्थानों में रहना। अपने उद्योग द्वारा राजगृह से धनादि की प्राप्ति होती है। आपकी काम-

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

कला में प्रवीण बहुत सी स्त्रियाँ होंगी। सर्पतुल्य बहुत से शत्रु आपका अपकार करने आवेंगे किन्तु गरुड़ के समान आप सबका विनाश करेंगे। चित्रोंसे सुसज्जित महल में बहुत कालतक अकण्टक सुखका अनुभव आप करेंगे। हाथी, घोड़े इत्यादि वाहनों से युक्त होंगे, आपके शत्रु भी आपकी सेवा करेंगे। करतल में वसन्त काल का संकेत करने वाली कमल रेखासे सूचित होता है कि पूर्वोक्त ५३ आदि कष्टप्रद वर्षों में सूर्य के उत्तरायण होने पर नदीके समीप अल्प क्लेश से शरीर का पात होगा। तुरग और वृषभ के अतिरिक्त संसार में मृग पुरुषों का जन्म दुर्लभ होता है।

अथ विशिष्टमृगभेदेषु प्रथमो भेदः।

भवति पूर्वोक्तमृगलक्ष्मविशिष्टः सुशीलोऽतिमनोहरो बहुरूपधरो विचक्षणः प्रभावशाली च प्रथमो मृगपुरुषः।

फलानि—

निवसति सरित्तटे दुर्गाभक्तिपरायणोऽतिधनी रूपवाञ्छोभनोऽतिमनोषी शुद्धो युक्तश्च दानधर्मक्रियादिभिर्महाकुलसमुद्भूतः सर्वविद्यारतो विहसितवदनश्च भवति। न भवत्यस्य पित्रुपार्जितधनगृहसौख्यादिकमधिकम्। किन्त्वनुभवति सर्वं स्वोपार्जितरम्यवटिकागृहभूम्यादिसुखम्। प्रत्यक्षगोचराः कारणं विनापि बहुशत्रवोऽस्य कलहायन्ते। भवति प्रायो मानसो पीड़ा रोगग्रस्तश्च। बहुभार्योऽल्पपुत्रः कन्याभिः समन्वितश्च, प्रथमद्वितीयाष्टद्वादशवर्षेषु प्रबलारिष्टभयं विज्ञेयम्, निवृत्तेषु बालारिष्टभयेषु पञ्चदशवर्षे समधिकं सौख्यम् स्वल्पं च पितृसुखम्, विंशतिवर्षात्त्रिंशद्वर्षपर्यन्तं धनमानप्रतिष्ठादिभिर्महता सौख्येन कालं यापयति। त्रयस्त्रिंशद्धायनादारभ्य चत्वारिंशद्वर्षं यावद्बहुक्लेशादिभिर्युक्तो हाहेति कृत्वा रोदिति चिन्तयति च। अत ऊर्ध्वं पूर्वोक्तक्लेशादिभिर्निवृत्तः सुखं

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

प्राप्स्यति, त्रिचत्वारिंशत्त्रिपञ्चाशत्त्रिषष्टिवर्षेषु विशेषारिष्टभयम्, विशेषधर्माद्यनुष्ठानेन द्विसप्तत्यायुस्तीर्थे मृत्युश्च । अरिष्टवर्षाणि विहायावशेषवर्षेषु धन-मान-यश-ग्राम-वाहनादि-विविधसुखसाधनोपायैर्महत् सौख्यम् लोकपूजितो भूत्वा मेदिनीं वशमानेष्यतीति ।

मृग के विशेष ४ भेदों में से प्रथम मृगलक्षण—

भा०—मृग के पूर्वोक्त लक्षणों से युक्त होकर सुशील, अत्यन्त सुन्दर, अनेक रूप धारण करने वाला, विद्वान् और प्रभावशाली प्रथम मृगजाति का पुरुष होता है ।

इस जाति का मनुष्य श्रीभगवती दुर्गा के चरण कमल का भक्त, अत्यन्त धनाढ्य, सुन्दर, रूपवान्, बड़ा बुद्धिमान्, शुद्धाचरण वाला, दानधर्मादि क्रियाओं से युक्त, श्रेष्ठ कुल में जन्म, सम्पूर्ण विद्या में निरत और हँसमुख होता है। इसको पिता का उपार्जित धन, गृह, सौख्यादिक अल्प होता है किन्तु स्वयं उपार्जन की हुई रमणीय वाटिका, गृह, भूमि इत्यादि से सुख का अनुभव करता है । बिना कारण प्रत्यक्ष बहुत से शत्रु झगड़ा करने को तैयार रहते, और करते हैं। मानसी पीड़ा और रोग से ग्रस्त रहता है। इसे स्त्रियाँ अधिक, पुत्र थोड़े, कन्यायें बहुत होती हैं। पहिले दूसरे आठवें और बारहवें वर्षों में भयंकर बालारिष्ट का भय होता है। इसे निकल जाने पर पन्द्रहवें वर्ष में अधिक सुख होता है । पिता का सुख थोड़ा होता है । बीस से तीस वर्ष पर्यन्त धन, मान, प्रतिष्ठादिकों से विपुल सुख होता है । ३३ वर्ष से लेकर ४० वर्ष तक अनेक प्रकार के क्लेशों से युक्त होता और हाहाकार कर रोता और चिन्ता करता है। इसके बाद पूर्वोक्त क्लेशादिकों से निवृत्त होकर सुख पावेगा। ४३-५३-६३ वर्षों में विशेष अरिष्ट का भय होता है। अतः विशेष धर्मादि अनुष्ठान के द्वारा अरिष्ट निवृत्त होकर ७२ वर्ष की आयु, और तीर्थ में मृत्यु होती है। अरिष्ट वर्षों के निकल जाने पर शेष वर्षों में धन, मान, यश, ग्राम, वाहनादि

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

सुखसाधन के अनेक उपायों से विपुल सुख और लोक में पूजनीय होकर पृथ्वी को वश में करेगा । इति ।

अथ द्वितीयमृगलक्षणम् ।

द्वितीयमृगस्त्वेलामसकतिलरोमाधिकगात्रोऽकारुणिकः परद्रव्यापहारी लम्बोदरो विवादी कृपणश्च भवति ।

फलानि—

भवति च श्रेष्ठकुलप्रसूतोऽधिकभ्रातृमान् किन्त्वनुभवत्येकभ्रातृभगिनीसुखमधिकम्, निरतो बहुगोष्ठ्यां स्नेहवांल्लोकपूजितश्च, यमालयं गतानां सुन्दरवीरपुत्राणामेकस्तिष्ठत्यन्ते कन्याश्चाऽधिकाः । द्विभार्योऽतिमनीषी क्षित्यादिवसुयुक्तश्च । चतुरेकादशत्रयोविंशतिवर्षाण्यस्याऽत्र शरीरे रोगादिकं मृत्युसमकष्टप्रदं भविष्यति, एकविंशत्यब्दादारभ्यैकोनपञ्चाशद्वर्षावधिसम्मानधनसंचयादियोगः । पञ्चाशद्वर्षे राजभयमनन्तरं राजयोगभोगादिसुखं च भविष्यति । प्रायोऽस्य रोगादिना शरीरकष्टं कुटुम्बसपत्नाभ्यां मानसीं व्यथाञ्चाऽनुभवति । क्वचित्तीर्थसेवी । सत्कर्माद्यनुष्ठानद्वारा सप्ततिवर्षे तीर्थे निधनं भविष्यतीति ।

द्वितीय मृग पुरुष के लक्षण—

द्वितीय मृग पुरुष के शरीर में इला, मसा, तिल और रोम अधिक होते हैं। यह बड़ा निर्दयी, दूसरों के द्रव्य को हरने वाला, लम्बोदर, विवादी और कृपण होता है।

इस जाति का मनुष्य उत्तम कुल में उत्पन्न होता है। इसे भाई अधिक होते हैं परन्तु एक भाई और बहिन से अधिक सुख होता है। वह अधिक गोष्ठी (समिति) में लवलीन, स्नेह करने वाला और संसार में पूजनीय होता है। इसके कई सुन्दर और वीर पुत्र मर जाते हैं, अन्त में एक पुत्र तथा बहुत सी कन्यायें रह जाती हैं।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

इसे दो स्त्रियां होती हैं। यह बड़ा बुद्धिमान पृथ्वी और धनादिकों से युक्त होता है। ४-११-१३-२३ वर्ष इसको अरिष्टप्रद होंगे। २१ वर्ष से लेकर ४९ वर्ष तक सम्मान और धन संचयादि का अच्छा योग है। ५० वर्ष में राजभय और इसके बाद राजयोग भोगादिक का सुख होगा। प्रायः इसको रोगादि से शरीर कष्ट, कुटुम्ब और शत्रु के द्वारा मानसी चिन्ता होगी। कभी२ तीर्थ करनेवाला होगा। सत्कर्मादिक अनुष्ठान के द्वारा ७० वर्ष में तीर्थस्थान में मृत्यु होगी॥ इति॥

अथ तृतीयमृगलक्षणम् ।

साधारणमृगन्यूनलक्ष्मोपलक्षितः शाखामृगस्वभावोऽतिरुचिरालापी तृतीयो मृगः ।

फलानि—

एतज्जातिविशिष्टो मर्त्यः धर्मात्माऽतिपवित्रो विद्वानाढ्यो दक्षः सुशीलभूषणो वैश्यकार्यरतश्च, भवन्त्यस्य तीर्थप्रयाणसमये बहुविघ्नानि। नाऽयं कस्यचिन्मित्रं द्वेषी वा। तिस्रो भार्याः समकन्यका पञ्चपुत्राश्चास्य किन्त्वेकस्मात्पुत्रात् समधिकं सुखम्। पृथङ्निवासिनौ द्वौ भ्रातरावेकस्त्वनुचरो विद्यया नृपगृहाद्धनाप्तिः। मुहुर्मुहुः शरीरात्मनोः पीड़ा समुद्भवतीत्युद्विजते किं करोमि क्व गच्छामीति, पित्रोर्मातृसुखमधिकं त्रिंशद्वर्षात्पञ्चाशद्वर्षपर्यन्तं राजयोगं, भवने द्रव्यसञ्चयञ्च स्वयमर्जयति भूगृहबहुमानादिकमन्ते सत्कर्मदेवपूजनयजनाद्यनुष्ठानद्वाराऽशीतिवर्षे पुण्यप्रदेशे मृत्युरिति ॥

अब तृतीय मृग लक्षण कहते हैं—

भा०—साधारण मृग के कुछ कम लक्षणों से युक्त चञ्चल और मनोहर वाणी बोलने वाला तृतीय मृग पुरुष होता है।

फल—

इस जाति का मनुष्य धर्मात्मा, अत्यन्त पवित्र, विद्वान्, धनी, चतुर, शीलवान् और व्यापारी होता है। इसे तीर्थयात्रा के समय

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

अनेक विघ्न होते हैं। यह किसी का मित्र अथवा द्वेषी नहीं होता। इसे तीन स्त्रियाँ, कन्यायें सम और पाँच पुत्र होते हैं परन्तु एक पुत्र से अधिक सुख होता है। इसके दो भाई अलग रहते हैं, एक उसका सेवक होता है। विद्या के द्वारा राजगृह से द्रव्य की प्राप्ति होती है। इसकी शरीर और आत्मा को बारम्बार कष्ट हुआ करता है, इस कारण क्या करूँ कहाँ जाऊँ इस प्रकार बहुत घबड़ाया करता है। पिता की अपेक्षा माता का सुख अधिक होता है। तीस से ५० वर्ष पर्यन्त राज योग और घर में द्रव्य संचय होता है। पृथ्वी, गृह, अनेक प्रकार की मान प्रतिष्ठा स्वयं उत्पन्न करता है। देवता की पूजा और यज्ञादि सत्कर्म के द्वारा ८० वर्ष पर्यन्त जीवित रहकर तीर्थ में मृत्यु पाता है।

अथ चतुर्थमृगलक्षणम्।

स्वल्पसाधारणमृगलक्षणाञ्चितोऽतिदुर्बलो रूपहीनो बहुसौख्यधनाम्बराद्यालस्ययुक्तः सर्वविद्यारतश्चतुर्थमृगः।

भवत्ययं सत्कुलप्रसूतो भाग्यवानलसगात्रोऽध्ययनाध्यापनादिकार्यपरवशाद्विशेषदेवार्चनाद्यनुष्ठानाद्विरहितः सम्पन्निधानो बहुपुत्रभ्रातृयुतो रतश्च गोष्ठ्यां वाटिकादिकार्य्येष्वैक्यकर्मणि एकावलो योगविशिष्टो मध्यमायुरिति।

प्रथमादिचतुर्थान्तमृगलक्ष्मणां विशेषलक्ष्मफलान्युक्तानि, शेषं साधारणमृगलक्ष्मवज्ज्ञेयम्॥ इति॥

अब चतुर्थमृगलक्षण कहते हैं—

भा०—साधारण मृग थोड़े लक्षणों से युक्त बहुत दुर्बल, कुरूप किन्तु सौखीन, धन वस्त्रादि तथा आलस्य से युक्त, सम्पूर्ण विद्या में रत चतुर्थ मृग होता है।

चतुर्थ मृग जाति का पुरुष कुलीन, भाग्यवान, आलसी, पठन

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

पाठन आदि कार्य में लीन होने के कारण विशेष देवपूजन और अनुष्ठानादि से रहित, अधिक सम्पत्ति, बहुत पुत्र और भाइयों से युक्त, गोष्ठी, वाटिकादि तथा एकता प्रतिपादक (ऐक्य स्थापन) कार्यों में लीन होता है। यह एकावली योग से युक्त और मध्य-आयुवाला होता है।

प्रथम से लेकर चतुर्थ मृग तक विशेष लक्षण और फल कहे गये हैं। शेष साधारण मृग के समान जानना चाहिये।

अथ तुरगवृषभप्रकृतिलक्षणचिह्नानि।

शुचिस्निग्धशीलगुणरागविहाररहितौ मृगद्वेषिस्त्र्यर्थरूपबहुशोकसम्पालितौ तुरगवृषभौ जगद्बहुलौ स्तः।

तत्रादौ तुरगसामान्यभेदः।

भवन्तीमे दर्पवदतिविवादिकुटिलपितृप्रतिकूलधर्मविरहितहिंसकाकारुणिक-निम्नोन्नतकलेवर-परिश्रमिलोलुपनिर्भयाः कामुकहठशीलमलदूषित-स्वभावकायपोषकाधारपालविकंटकबहुप्रजायुक्ताः, किञ्च सूकरपालिताः काकशृगालसारमेयाननाः गृद्ध्रीकण्ठसोत्कण्ठचञ्चलां दीर्घस्थूलदन्तरङ्गविरङ्गाश्चोपलभन्ते। तुरगवृषभपुरुषाः बाल्ये मातृहाः। भविष्यन्त्येषां प्रायः षट् पालकाः जननीजनकोदारकदारिकाभ्रातृभगिनीसम्वलिताः संकलनेन षोडश-सहजशावकाः। किन्तु जातवेदसि यजनहूतकायास्तेषामेकस्यावसाने स्थितिरिति।

अपरञ्च—

धनवस्तुकृता सर्वे तुरङ्गा रूपसंस्थिताः।
सम्मानादरसंयुक्ताः द्वाभ्यामेकस्य संस्थितिः ॥१॥

वसुयुक्ते त्वेकपञ्चाशज्जनन्याः वसुहीने त्वेकपञ्चाशद्वर्षे जनकस्य वियोगोऽथवा द्विद्वीदश-द्वाविंशति-द्वात्रिंशद्विचत्वारिंशद्वायने पितुः। त्रित्र-

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

योदश-त्रयोविंशति-त्रयस्त्रिंशत्त्रिचत्वारिंशच्छरत्सु यथासंभवम् भाग्योदय इति । षोडश-षट्विंशति-षट्त्रिंशत्-षट्चत्वारिंशत्-षट्पञ्चाशत्-षटषष्टिवर्षेषु पत्नीवियोगोच्च तरुवाहनपतनकारागारवासराजशत्रुचौरभयहिंसाद्यनेकदुर्गोय-रोगशोकधननाशशरीरपरिवर्तनादीनां प्राप्तिः संस्कारवशादिति ।

अब तुरग—वृषभ के प्रकृतिलक्षण और चिह्न—

भा०—इस संसार में तुरग और वृषभजातिके पुरुष अधिक होते हैं । ये पवित्रता, स्नेह, शील, गुण, राग और विहार से रहित मृग से द्वेष और स्त्रियों के लिये अनेक रूप धारण करनेवाले तथा बहुत शोक से युक्त होते हैं।

तुरग का सामान्य भेद—

तुरग जाति के पुरुष घमंडी, झगड़ालू, कुटिल, माता पिता के प्रतिकूल, धर्म से रहित, हिंसक, निर्दयी, ऊँची नीची (बेडौल) शरीर वाले, परिश्रमी, लोभी, निडर, कामी, हठी, मलिन-स्वभाव अपनी शरीर का पालन करनेवाले, आश्रय के रक्षक, विकंकटक अधिक सन्तान से युक्त किन्तु सूकर के समान पालित होते हैं । काक, शृगाल कुत्ते के समान मुख, गिद्ध के समान कण्ठवाले उत्साहयुक्त चञ्चल लम्बे और मोटे दांतों से युक्त और रङ्ग विरङ्ग के होते हैं । इनकी मातायें बाल्यकालमें मर जाती हैं, इनके रक्षक माता पिता लड़के लड़कियां भाई बहिन प्रायः छ छ होते हैं । सङ्कलन में सब मिलकर १६ भाई बहिन और लड़के होते हैं । इन के पुत्रादि प्रायः मर जाते हैं या किसी प्रकार उन से अरुचि हो जाती है । अतः एक भाई बहिन और और पुत्र से सुख होता है ।

तुरग जाति के पुरुष प्रायः धनादि सम्पत्ति से युक्त, रूपवान्, सम्मान और आदर से युक्त और पत्निवियोगी होते हैं ।

द्रव्य युक्त होने पर ५१ वर्ष में माता, द्रव्य हीन होने पर ५१ वर्ष में पिता का वियोग या २-१२-२२-३२-४२ वर्षों में पिता का

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

वियोग होगा । ३·१३·२३·४३ वर्षों में यथासंभव भाग्योदय होता है। १६·२६·३६·४६·५६·६६ वर्षों में स्त्री वियोग जन्य रुदन, ऊँचे वृक्ष और वाहन से गिरना, कारागार, राजशत्रु, चोर या चौर कर्म से भय, संस्कार वश हिंसा, आदि अनेक दुष्टयोग रोग शोक धन नाश और मरण होंगे।

अथ वृषभसामान्यभेदः—

बृहन्मौलिसाधारणेक्षणनिम्नभालप्रदेशस्थूलकेशक्लिष्टप्रकृतिकायायासिसद्यः प्रतिकार्यप्रवृत्ताः विगतजात्यभिमानातिभोगाभिलाषुकश्रवणलोभ-विशालवक्षस्थलक्षपितदन्तस्थूलकररेखाङ्घ्रयो गौरवर्णाश्च वृषभाः। उपार्जयन्ति, कुटुम्बभरणाय सदसदुपायैर्वसूनि। निड्दिनवसुचिन्तानिमग्नाः वञ्चकोच्चप्रवाद्यधिकोदरदाम्पत्ययुत-स्थूलमहिलास्वकायाः बहुप्रजसश्च संकलने षट्द्वादशषोडशार्भकाः सुखन्तु ज्ञानिना पण्डितेन पितृभक्तेनैकेन सुतेन। भवन्त्येषां पितृवद्बहुपालकाः। अशीत्यधिकमायुश्चेति शेषं, तुरगवज्ज्ञेयमिति।

वृषभ का सामान्य भेद—

भा०—वृषभ जातिवाले पुरुषों के मस्तक बड़े, नेत्र साधारण, माथा गम्भीर, वाल मोटे, प्रकृति कठोर होती है। ये शारीरिक परिश्रम करनेवाले, प्रत्येक कार्य में तुरन्त तैयार, जाति के अभिमान से रहित, अधिक भोग की इच्छावाले होते हैं। इनके कानों में वाल, छाती चौड़ी, दांत छोटे, हाथ की रेखायें और पैर स्थूल, शरीर गौर होती हैं। कुटुम्ब के पालनार्थ ये उचित अनुचित सब प्रकार के कर्मों से द्रव्योपार्जन कर लेते हैं। रात दिन द्रव्य की चिन्ता में डूबे रहते हैं। ये वञ्चक (ऊपरी मेल करनेवाले), उच्च स्वर से बोलने और बड़े पेट वाले, सदा स्त्री से युक्त होते हैं। इनकी स्त्रियाँ और ये प्रायः मोटे होते हैं, इनको सन्तान ६,१२ या १६ होते हैं किन्तु ज्ञानी, पण्डित, पितृभक्त, एक पुत्र से सुख होता है। पिता के समान रक्षक इन्हें कई एक होते हैं। ८० वर्ष से अधिक आयु होती है। शेष इष्टानिष्ट तुरग के समान जानना।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

अथ प्रथमतुरगभेदः–

प्रथमतुरगास्त्वाढ्यकुलोत्पन्न-पूर्वजन्मदेवार्चन-विरहितत्वाद्भूरिक्लेशाश्रिताः कुष्ठादिव्याधियुताश्च भविष्यन्ति। नाऽधिका मतिरेषां धर्मेषु, दाम्पत्य-स्नेह-विहीनाश्च। प्रथम-तृतीय-नवम-द्वादश-षोड़शवर्षाण्यरिष्टकराण्येषामेषु भौतिकक्लेशाग्निभयोर्ध्वपतनप्लिहिका व्रणाद्यनेकव्याधयो मृत्युसमकष्टकराः भविष्यन्ति। पित्रोरेकस्य स्थितिश्च। द्वाविंशतिवर्षे तु बन्धनमपमानं वा निश्चितम्, त्रिंशद्वर्षाच्चत्वारिंशद्वर्षपर्यन्तमृणपुत्रार्थदारनिवासक्षितिकलहादिभिर्दुःखं भविष्यत्यत ऊर्ध्वं पुरुषार्थे प्रवृत्तिश्च। यमालयप्रस्थितानां बहुपुत्रदारकाणां द्वयोः पुत्रयोरेकात्मजायाश्च स्थितिः। त्रिचत्वारिंशद्वायने नैरुज्यबलपुष्टिपुत्रदारधनादिसर्वसौख्यानि च। एभ्यः पूर्वमेवैषां गृहिण्योऽमरलोकं प्रयास्यन्ति। द्वौ भ्रातरावेषां तयोरेकः सुखान्वितोऽपरस्तु प्रायः क्लेशाकुलितः। प्रथमतुरगाणां परमायुः सप्ततिवर्षाणि। शेषं सामान्यतुरगवदिति।

तुरग का प्रथम भेद—

भा०—प्रथम तुरग जाति का मनुष्य धनी कुल में उत्पन्न, पूर्व जन्म में देवार्चनादि न करने के कारण बहुत क्लेशित और कुष्ठादि अनेक व्याधियोंसे युक्त होते हैं। इनकी मति धर्म में अधिक नहीं होती और ये दाम्पत्य प्रेम से रहित होते हैं। १-३-९-१२-१६ वर्ष इनको प्रायः अनिष्ट करने वाले होते हैं। इन वर्षों में भौतिक कष्ट, अग्निभय, उच्च स्थान से पतन, पिलही और व्रत इत्यादि अनेक व्याधियाँ मृत्युसमान कष्टदायक होती हैं। इनकी माता और पिता में से एक का वियोग बाल्यावस्था में ही होता है। २२ वें वर्ष में बन्धन या अपमान अवश्य होता है। ३० से ४० वर्ष पर्यन्त ऋण, पुत्र, द्रव्य, स्त्री, वासस्थान, पृथ्वी, और कलह आदि के द्वारा दुःख होगा। अनन्तर पुरुषार्थ में प्रवृत्ति होगी। इसके बहुत पुत्र तथा

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

कन्यायें मर जायेंगे किन्तु दो पुत्र और एक कन्या जीवित रहेगी। ४३ वें वर्ष में आरोग्य, बल, पुष्टि, पुत्र, स्त्री, धनादिकों से सुख होगा। इन से पहिले ही इनकी स्त्रियाँ मर जाती हैं। इनके दो भाई होते हैं, उनमें एक सुखी और दूसरा दुःखी होता है। प्रथम तुरग पुरुषों को परमायु ७० वर्ष तक होती है। शेष सामान्य तुरग के समान जानना।

तुरगद्वितीयभेदः—

भवन्ति धनाढ्याहङ्कारिविवादिनः स्वजातितोऽनादृताः परतोऽपमानिताश्च, द्वितीयतुरगजातयः पुरुषाः। रजकान्तिके वासिनस्तत्संसर्गिणश्चात एव न गच्छन्ति, केचिदपि तदङ्गणं न भाषन्ते च। लाभस्तु नैषां दृश्यते किन्तु यत्र तत्र धनक्षतिरेव। स्वजनैः सह कलहातिरेकात् पलायनमिच्छन्ति किं कुर्मः, क्व गच्छाम इति व्यथन्ते च। त्रि-षट्-द्वादश-विंशति-पञ्चविंशति-षट्विंशतिवर्षेषु शीतला-नेत्रार्त्तिज्वरमहाक्लेशाङ्गनाक्लेशादयो भविष्यन्ति। सप्तविंशतिवर्षे सुखसन्तानादियोगः, द्विचत्वारिंशद्वायने पुत्रद्वारा धनमानाद्याप्तिश्च। चत्वारः पुत्राः कन्याः वा सुशीला महिला करिष्यन्ति च द्वित्रिस्थाने तीर्थे वा वासः। भवन्ति सम्पत्तियुक्ताः। त्रिपञ्चाशद्वर्षे दण्डधरो भूत्वा देशान्तरं व्रजन्तीति केचित्। सामान्यतुरगोक्तारिष्टवर्षेषु वातच्छर्दिकासरोगादयो भविष्यन्ति। एकोनाशीतिवर्षे स-सुखं मृत्युरिति शेषं सामान्यतुरगवत्।

तुरग का द्वितीय भेद—

भा०—द्वितीय तुरग जाति के पुरुष धनी, अहङ्कारी, झगड़ालू, अपने जाति वालों से अनादर पाते और दूसरों से अपमानित होते हैं। ये प्रायः धोबी के निकट बसते और उनके संसर्गी होते हैं, अतः उनके अङ्गण में न कोई जाते, न उनसे बात करते हैं। इनको लाभ बहुत कम किन्तु धन की हानि इतस्ततः होती है। ये अपने

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

कुटुम्ब के लोगों से झगड़ा होने पर भागने की इच्छा करते हैं और क्या करें ? कहाँ जाँय ? इस प्रकार की चिन्ता करते हैं । ३-६-१२-२०-२५-२६ वर्षों में शीतला, नेत्रपीड़ा,ज्वरादि भारी क्लेश, स्त्री क्लेशादि की पीड़ा होगी । २७ वें वर्ष में सुख और सन्तान आदि का योग होगा । ४२ वर्ष में पुत्र द्वारा धन, मान की प्राप्ति होगी । इन्हें ४ पुत्र वा कन्यायें होगा । पत्नी सुशीला होगी । इस जाति के पुरुष दो तीन स्थान अथवा तीर्थ में वास करते हैं और सम्पत्ति युक्त होते हैं । कोई २ व्यक्ति ५३ वर्ष में दण्ड धारण कर देशान्तर गमन करते हैं । सामान्य तुरग के कहे हुए अरिष्ट वर्षों में वायु, सर्दी, और कास-रोगादि होंगे । ७२ वर्ष में सुख पूर्वक मृत्यु होगी । शेष सामान्य तुरग के समान जानना ।

तुरगतृतीयभेदः—

भवन्ति श्रेष्ठकुलोत्पन्नधनाढ्यसुन्दरपुण्यक्षेत्रान्तिकनिवासिराजसेवकाः द्यूतचौर्यबन्धकीगृहमद्यपानरतास्तृतीयतुरगपुरुषाः, बन्धकीभ्यो पित्रर्जित-धनवसनाभरणादीनि प्रदायान्ते वराटकाः महादुःखप्रभोक्तारो हाहेति रुदन्तः सर्वतस्तिरस्कृताः स्वैरिणीसङ्गदोषेण व्रणार्तिवातकिनः पुत्रदारादितः क्लेशिताश्च । बहुनाशात् किं कुर्मः, क्व गच्छाम इति मुहुर्मुहुश्चिन्तयन्ति । त्रिवासस्तूर्यवासी वा । पित्रोरेकस्य चिरकालं स्थितिः, पञ्चपुत्राणाञ्च तत्तुल्याः भ्रातृभगिन्यः । बहुभार्याः । दीर्घायुषोऽवसाने देवपदपद्मरतास्तीर्थे निधनं लप्स्यन्ते । शेषं सामान्यतुरगवत् ।

तुरग का तृतीय भेद—

भा०—तृतीय तुरग जाति के पुरुष अच्छे कुल में उत्पन्न, धनी, सुन्दर, पुण्य क्षेत्र के समीप रहने वाले, राज सेवक, द्यूत (जूआ) द्यूत के कर्म तथा वेश्याओं के घर में मदिरा पान करने में निरत होते हैं । पिता के पैदा किये हुए धन, वस्त्र और आभूषणों को वेश्याओं

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

को देकर अन्त मे दरिद्र होकर अत्यन्त दुःख भोगने से हाहाकार कर रोते और सब से तिरस्कृत होते हैं। पुंश्चली स्त्रियों के संसर्ग दोष से व्रण तथा वात रोगी और स्त्री पुत्रादिकों से पीड़ित होते हैं। अधिक नाश होने से क्या करें ? कहाँ जाँय ? इस प्रकार बारम्बार चिन्ता करते हैं। ये तीन चार स्थानों में रहते हैं। इनके पिता और माता में से एक बहुत काल तक जीते हैं और पाँच पुत्रों में से एक चिरञ्जीवी होता है। संख्या में पुत्र के बराबर भाई और बहिन होते हैं। इन्हें स्त्रियाँ अधिक होती हैं। ये दीर्घायु होते और अन्त में देवभक्त होकर तीर्थ में मरते हैं। शेष सामान्य तुरग के समान जानना।

तुरगचतुर्थभेदः—

जायन्ते सरित्तटनिवासिनो ज्ञानकीर्तिमन्तोऽतिलोभिनः सत्कुलप्रसूताश्च चतुर्थतुरङ्गाः। नापितसखित्वादुचितानुचित-कर्मकरा बहूद्योगलब्धधना एकावलीयोगयुताश्च। (यथैक-दारक-दारिका-दार-भ्रातृ-भगिनीसहितः, क्वचिदेकाकी चेत्येकावलीयोगः) शेषं सामान्य-तुरगवत्।

एवं सन्धिवशात् प्रथमद्वितीयतृतीयचतुर्थवृषभपुरुषाणामपि तुरगवत्फलानि ज्ञेयानीति।

तुरग का चतुर्थ भेद—

भा०—चतुर्थ तुरग जाति के पुरुष नदी तट के निवासी, ज्ञानी, कीर्तिमान, लोभी और सत्कुल में उत्पन्न होते हैं। नापित के साथ मैत्री होने से उचित अनुचित कर्म करते और बहुत उद्योग से द्रव्योपार्जन करते हैं। एकावली योग से युक्त होते हैं। (एक पुत्र, कन्या, स्त्री, भाई, बहिन, अथवा अकेले रहने को भी एकावली योग कहते हैं)।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

इसी प्रकार प्रथम द्वितीय चतुर्थ वृषभ पुरुषों के भी लक्षण और फल जानना ।

अथ पद्मिन्यादितुर्यमहिलानां जीवनचरित्राणि ।

तत्राऽऽदौ पद्मिन्याः ।

विभ्राजतेऽतिसुशीला धर्मपरायणा पितृसेविनी सुन्दरसुवृत्तारविन्दसुरभितायतशरीरा कोमलकुन्तला मधुरभाषिणी द्रुतमाकर्षिणी देवरूपा विशालनयना परिपूर्णचन्द्रानना पतिभक्तिपरायणा सूक्ष्मनासाकर्णाधरोष्ठकराङ्गुलिशालिनी कम्बुकण्ठी प्रसन्नानना सत्यप्रियेश्वराराधनतत्परा स्वल्पभोगेच्छावती लज्जावती मानिनीश्यामा प्रतिक्षणं कार्यतत्परा हंसवधूगमना पद्मनीति ।

ग्रन्थान्तरे च—

निद्रा चाऽल्पसुबुद्धिचन्द्रवदना छन्नामरालश्वना
तन्वी हंसवधूगतिः सुललितं वेषं सदा बिभ्रती ।
मध्यश्चापि वलित्रयाङ्कितमसौ रक्ताम्बराकांक्षिणी
सुग्रीवा शुभनासिकेति गदिता नार्युत्तमा पद्मिनी ॥१॥

क्रमात् पश्यतीयमधिकसमाल्पवयस्कान् पितृभ्रातृपुत्रवत् । भवति च देवता-गन्धर्व-नर-मोहिनी सधवाल्पात्मजासाध्वीसुपुत्रजननी जनपालिका रक्ताम्बराकांक्षिणी नरलोकेऽपि लीलया सुरभिदानार्थमेवागता युगाद्यन्तप्रभवा पद्मिनी दुर्लभैकैवाल्पस्थितिमती भवतीति ।

अब पद्मिनी इत्यादि चार प्रकार की स्त्रियों का जीवन चरित्र कहते हैं ।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

प्रथम पद्मिनी का—

भा०—पद्मिनी जाति की स्त्री बड़ी सुशील, धर्मपरायणा, पिता माता की सेवा करनेवाली, अति सुन्दरी होती है। इसके साँचे से ढले सुडौल शरीर से कमल के समान सुगन्धि निकलती है। यह लम्बे कदकी और कोमल केश वाली होती है। इसका भाषण अति मधुर होता है, दृष्टि पड़ते ही चित्त आकर्षित कर लेती और देवता के समान होती है। इसकी बड़ी २ आँखें और मुख पूर्णिमा के चन्द्रमा सा होता है, अपने पति में अत्यन्त भक्ति रखती है। इसके नाक, कान, अधरोष्ठ और हाथ की अँगुलियां सूक्ष्म होती हैं, ग्रीवा शङ्खसा और मुख सर्वदा प्रसन्न रहता है। इसे सत्यप्रिय और ईश्वर में प्रेम होता है। अतएव भोग की इच्छा कम, लज्जा और मान अधिक होता है। यह श्यामा (सर्वदा उन्नत यौवन वाली), निरन्तर कार्य में लवलीन रहती है। इसकी चाल हंसाङ्गना के समान शोभायमान होती है। प्रथम श्लोक का भाव स्पष्ट और गतार्थ भी हो चुका है। पद्मिनी प्रत्येक बड़े मनुष्य को पितातुल्य, समवयस्कों को भाई तथा छोटों को पुत्र के समान समझती है, यह देवता, गन्धर्व, मनुष्य सबको मोह लेती है, यह सर्वदा सौभाग्यवती और थोड़ी सन्तान वाली, पतिव्रताओं में श्रेष्ठ, अच्छे पुत्र को पैदा करती और आश्रितों का पालन करने वाली होती है। लाल वस्त्र इसे अधिक प्रिय होता है। यह मृत्यु लोक में अपनी लीला से सुगन्धि देने के लिये युग के आदि तथा अन्त में अकेले उत्पन्न होकर थोड़े काल तक रहने वाली पद्मिनी दुर्लभ होती है।

अथ चित्रिणी सामान्यभेदः—

जायन्ते हि पतिव्रताः प्रणयवत्यो भोजने शीघ्रकारिण्यो-ऽल्पभोगेच्छावत्यो हावभावादि-शृङ्गाराङ्गेषु निमग्नाः, क्षिप्रं कार्यकारिण्योऽल्पश्रमवत्या बुद्धिमत्यो विदुष्यः सङ्गीते चित्रकर्म-

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

णि च रताः, शृङ्गारानवसरे तीर्थव्रतसाधुसेविन्योऽपि सुरूपवृत्तआलवत्यस्तन्वङ्ग्यश्चपलेक्षणाः नातिदीर्घह्रस्वाङ्गाः गजगामिन्यो मयूरस्वनाः पीनश्रोणि-पयोधराः भृङ्गीश्यामलकुन्तलाचारुकृशजङ्घान्विताः बहुरूपधारिण्यस्त्रपान्विताः सुकुमाराङ्ग्यश्चित्रिणी सीमन्तिन्यः ।

यथोक्तं ग्रन्थान्तरे--

तन्वङ्गी गजगामिनी चपलदृक् संगीत-शिल्पान्विता
नो ह्रस्वा न पृथूत्तरा च सुकृशामध्ये मयूरस्वरा ।
पीनश्रोणिपयोधरे सुललिते जंघे वहन्ती कृशे
कामाम्भोमधुगन्धयथौष्ठमपि सा तुच्छोन्नतं वत्सला ॥ १ ॥

फलानि—

चित्रचित्रकारिण्यश्चित्रिण्यः षड्रसस्वादु-स्वजनपदकार्यज्ञाः शुचिशुचिस्मिताः बालिकाः साधुसधवाल्पतराः जगद्दुर्लभाः भवन्ति च सुगूढकूटवार्ताविज्ञाननिरताः अजातप्रसवेच्छाः स्तनमण्डलगोपिकाः पतिस्वजनस्नेहाधिकाः नृत्योत्सवादिदर्शनेच्छावत्यो वराटकसंस्त्यायेऽपि खलु महिष्यो भवेयुः । बहुसंख्यायुक्तानां शावकानां त्रयस्तिष्ठन्त्येकस्य च नृपालयोगः । सन्ततिसमाः सोदराः न जीवन्ति प्रायश्चित्रयुक्ताश्चित्रिण्यो जीवन्ति चेत्तदाऽष्टचत्वारिंशद्वर्षं परमायुः । अष्टौ षोडशचतुर्विंशतिद्वात्रिंशच्चत्वारिंशद्वर्षेष्वग्निव्यथा-व्रणज्वरशोकाद्यरिष्टभयम् । सप्तचतुर्दशैकविंशतिवर्षेषु भ्रातृभर्तृपुत्रवसु-पतिलब्धप्रतिष्ठाद्यनेकराजतुल्यसुखानि च भवन्तीति ।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

अथ चित्रिणी–

चित्रिणी जाताकी स्त्रियां पतिव्रता, स्वजनों पर स्नेह करने वाली होती हैं। ये भोजन में शीघ्रता करती हैं। भोग की इच्छा इन में कम होती है। हावभाव शृङ्गारादि में इनका मन अधिक लगता है। प्रत्येक कार्य को शीघ्र कर लेती हैं। अधिक श्रम इनसे नहीं हो सकता परन्तु बुद्धिमती और विदुषी होती हैं, गाना बजाना और चित्रकर्म इन्हें अधिक प्रिय है। ये तीर्थ व्रत और साधु सेवा भी करती हैं किन्तु शृङ्गार समय में इनकी चिन्ता भी नहीं करती और बड़ी सुन्दरी होती हैं, इनका मस्तक गोलाकार, अंग कृश और नेत्र चञ्चल होते हैं। इनके प्रत्येक अङ्ग न तो बहुत बड़े और न बहुत छोटे होते हैं। चाल मतवाली हाथी और स्वर मयूर के समान होता है, कमर और स्तन भी पीन (मोटे) होते हैं। बाल भौंरों सा काला, जंघे सुन्दर और कृश होते हैं। ये अनेक रूपको धारण करने वाली कोमलाङ्गी और लज्जा से युक्त होती है, श्लोकार्थ गतार्थ हो चुका है।

फल–

अद्भुत चित्रोंका निर्माण करनेवाली चित्रिणी स्त्रियां मधुरादि षड्रसों के स्वाद का अनुभव करनेवाली तथा अपने देशकी रीति जानने वाली पवित्रता से युक्त होती हैं, ये स्वच्छ और मन्द हास्य करने वाली साध्वी और सौभाग्यवती बालिका संसार में दुर्लभ थोड़ी मिलती हैं। ये गूढ़ और कूट वार्ता विलास तथा विज्ञान में निपुण होती हैं। अपने स्तन मण्डल की रक्षा भली प्रकार करती हैं, अतएव प्रायः इनको प्रसव की इच्छा कम होती है। अपने पति और सेवकों पर अधिक स्नेह करती हैं। इन्हें नृत्य और उत्सवादि देखने की इच्छा बहुत होती है। ये दरिद्र के घर में उत्पन्न होकर भी पटरानी होती है, अधिक सन्तति होने पर भी प्रायः तीन सन्तान जीवित रहती हैं उनमें एक को राजयोग होता है संख्या में सन्तान के बराबर भाई भी होते हैं। चित्रिणी जाति की

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

स्त्रियां प्रायः जीवित नहीं रहती यदि जीतीं हैं तो ४८ वर्ष तक इन की परमायु है। ८-१६-२४-३२-४० इन वर्षों में अग्नि भय, व्रण, ज्वर, शोकादि अनेक कष्ट होते हैं। ७-१४-२१ और २८ वर्षोंमें भाई, पति, पुत्र और धनकी प्राप्ति होती है। तथा पतिको प्रतिष्ठा प्राप्ति इत्यादि अनेक राज्य तुल्य सुख हाता है। इति।

प्रथमा चित्रिणी यथा—

पूर्वोक्ताऽखिलसामान्यचित्रिणीलक्षणाङ्किताः सुशीलाः अति मनोहराः प्रभाववत्यो विचक्षणा अनेकरूपधराः प्रथम-चित्रिणी सीमन्तिन्यः।

सत्कुलोत्पन्ना इमाः सामान्यपितृगृहाच्छ्रेष्ठपतिगृहमाप्नुवन्ति। बाल्य एव पित्रोरेकस्य घातिन्योऽत एव परतः पोषिताः विवाहिताश्च भवन्त्या-साम्पतयः सौन्दर्य्यप्रणयविद्यादिसद्गुणविशिष्टाः भाग्यवन्तः। कन्याद्वयैक-पुत्रस्य च सुखमासाम्। विवाहोत्तरं प्रति सप्तवर्षेषु पत्युर्भाग्योदयः। प्रत्यष्टवर्षेषु पतिशरीरकष्टधनरिपुकष्टादिभयञ्च भवति। सद्धर्मानुष्ठानेनाऽरिष्टशान्तिः। अष्टचत्वारिंशत्षष्टिवर्षं वा यावत् परमायुः। सुतीर्थे पत्युः पुरतो मृत्युश्चेति।

प्रथम चित्रिणी—

पूर्वोक्त सामान्य चित्रिणी के सम्पूर्ण लक्षणों से युक्त सुन्दर शीलवाली सुन्दरी प्रभाव शालिनी विदुषी अनेक रूप धारण करने वाली प्रथम चित्रिणी जाति की स्त्रियाँ होती हैं।

ये अच्छे कुल में उत्पन्न होती हैं, सामान्य पितृ गृह से श्रेष्ठ पति गृह में जाती है, इनकी बाल्यावस्था में ही माता पिता में से एक की मृत्यु हो जाती है। इसलिये दूसरों (सम्बन्धियों) के द्वारा इनका पालन-पोषण और विवाहादि किया जाता है। इनके पति सुन्दरता प्रेम, विद्या इत्यादि अच्छे गुणों से युक्त और भाग्यवान् होते हैं, इनको दो कन्या और एक-पुत्र से सुख होता है। विवाह के

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

बाद हर सातवें वर्षों में पति का भाग्योदय और हर आठवें वर्षों में पति को शारीरिक कष्ट होता है तथा धन और शत्रुओं के द्वारा कष्ट होता है। इनकी शान्ति के लिये उत्तमोत्तम धर्मादि अनुष्ठान करना उचित है। ४८ या ६० वर्ष तक इनकी परमायु है। पति के सामने किसी अच्छे तीर्थ में इनकी मृत्यु होती है।

द्वितीया चित्रिणी—

द्वितीयाश्चित्रिण्यश्चैलापसकृतिलादियुक्ताः यत्किञ्चित्सामान्यचित्रिणीलक्षणाश्रिताः दानव्रतशीलाः सुशीलास्तीर्थकारिण्यो देवभक्तिरताः दाम्पत्यप्रेमयुक्ताः सधवाश्चाढ्याः सत्स्वर्णभूषणाः सद्धर्मपरायणाः कीर्तिमत्यः स्वश्रुस्वसुरात्पसुखज्ञाः भवन्ति, गच्छन्ति पितृगृहापेक्षया विशिष्टपतिभवनेषु, भवन्ति च पित्रोः प्रियाः सभ्रातृ-भगिन्यः प्राग्जन्मनि देवार्चनादिसद्धर्मविरहितत्वाद्वन्ध्या मृतवत्सायोगयुक्ताः वाऽत एव पुत्रार्थं मुहुर्मुहुः हाहेति रुदन्ति। जामातृ-दौहित्र-दुहितृणां संज्ञाऽपि न ज्ञायते। पतिभाग्योदयारिष्टं स्वकीयश्च सामान्यचित्रिणीवदित्यसारोऽयं खलु संसारः, दृश्यन्ते च प्रायः वसुमती गुणवती लोकातिपालिनी धर्मपरायणा सुशीला ललनाः पुत्रहीनाः सुन्दर्यो रमण्यः पतिसौख्यविहीनाः अशुचि-धर्मपराङ्मुख्यः प्रमदाः पुत्रादियुक्ताः भवन्तीति दैवी विचित्रा गतिः।

तृतीया चित्रिणी—

तृतीयाश्चञ्चलस्वभावाः रुचिरालापिन्यो वार्तान्ते ह्युत्तमरसदायिन्यो भवन्तीति शेषं द्वितीयाचित्रिणीवदिति।

द्वितीया चित्रिणी भाषा—

द्वितीया चित्रिणी इल्ला, मसा और तिलादि तथा सामान्य

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

चित्रिणी के कुछ लक्षणों से युक्त होती हैं। ये दान व्रत और तीर्थ करनेवाली सुशीला और देवताओंमें भक्ति करनेवाली होती हैं। पति और पत्नी में परस्पर प्रेम भी रहता है। ये सधवा और धन-धान्य से परिपूर्ण होती हैं। अच्छे २ सुवर्ण के आभूषणों से युक्त सद्धर्मपरायणा और यशस्विनी होती हैं, सास और ससुर का सुख इनको कम होता है, ये भी साधारण पितृ गृह की अपेक्षा श्रेष्ठ पति के घर में जाती हैं। माता पिता को अतिप्रिय और भाई तथा बहिन से युक्त होती हैं, पूर्वजन्म में देवार्चनादि सद्धर्म से विमुख होने के कारण बन्ध्या या मृतवत्सा योगवाली होती हैं, अतएव पुत्र के लिये बारम्बार रुदन किया करती हैं। दामाद (जामाता), नाती और दुहिता का नाम तक नहीं जानती-अर्थात् इच्छा रहते भी इनको उक्त बातों की प्राप्ति नहीं होती है। पति का भाग्योदय, अरिष्ट तथा अपना भाग्योदय, अरिष्ट सामान्य चित्रिणी के समान होता है। खेद की बात है कि यह संसार वस्तुतः असार ही है। प्रायः देखा जाता है कि धनवती गुणवती परोपकारिणी धर्म परायणा सुशीला स्त्रियाँ पुत्र हीन, सुन्दरी रमणी पति के सुख से वञ्चित, मालना और धर्म से रहित स्त्रियाँ पति पुत्रादि से युक्त होती हैं। यही ईश्वर की लीला है। इति।

तृतीया चित्रिणी—

तृतीय चित्रिणी स्वभाव की चञ्चल, सुन्दर वाणीवाली, वार्ता विलास में उत्तम आनन्द देनेवाली होती हैं। शेष द्वितीय चित्रिणी के समान जानना। इति।

चतुर्थ चित्रिणी यथा—

चतुर्थचित्रिण्यस्तु लक्षणे तृतीयातोऽपि न्यूनतरलक्षणाः अतिदुर्बलखिन्नावयवाः अननुकूलरूपगुणादियुक्तपतित्वात्प्राय-स्तत्प्रतिकूलाः भवन्ति। सत्कुलप्रसूताः सूपकार्ये कोषकार्ये च

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

निपुणाः सधवाः, किन्तु समुद्विग्नमनस अत एव नीचमहिला-सङ्गप्रभावाद्यन्त्रमन्त्रादिषु व्यर्थं क्षीणबहुधनाः विफलप्रयासे विदितवृत्तान्ता अतिदुःखिताश्चिन्तिताश्च भवन्ति। भ्रातरस्तु पञ्च भगिन्यश्च समा जायन्ते। विवाहसमये पित्रोरेकस्य स्थितिरासाम्। प्रसववन्ध्यादोषेण मुहुर्मुहुः रुदन्ति। कन्याश्च समाः भवन्ति। शान्तितः पुत्रैकस्य स्थितिः। पतिपुरतः सुतीर्थे मरणञ्चेति।

चतुर्थ चित्रिणी भाषा—

चतुर्थ भेदवाली चित्रिणी लक्षण में तृतीय चित्रिणी से न्यून होती हैं। ये बहुत दुर्बल और खिन्न अङ्ग वाली होती हैं, इनके अनुकूल पति का रूप और गुण न होने से प्रायः उसके प्रतिकूल रहती हैं और अच्छे कुल में पैदा होती हैं। पाक कर्म तथा द्रव्यादि के हिसाब-किताब में निपुण होती हैं। सधवा होती हुई भी उद्विग्न चित्त वाली होती हैं। इस कारण नीच स्त्रियों के सङ्ग से यन्त्र में व्यर्थ बहुत धन नष्ट करती हैं, उद्योग विफल होने पर यथार्थ बात जान कर बहुत दुःखित हो चिन्ता करती हैं। इनको भाई पाँच तथा बहिन सम हाती हैं। विवाह समय इनकी माता और पिता में एक रहते हैं। ये प्रसव वन्ध्या (सन्तान का पैदा होते ही मर जाना) दोष के कारण बहुत विलाप करतो हैं। कन्यायें सम होती हैं और शान्ति के द्वारा एक पुत्र जीवित रह सकता है। अन्त में पति के सामने अच्छे तीर्थ में मृत्यु होती है।

अथ हस्तिन्याः प्रथमो भेदः—

हस्तिनी-प्रमदास्तु क्षणभङ्गुरस्वभावाः प्रति-पुरुषानुरूपाः हासप्रियाः बहुभोगेच्छावत्योऽतिभोक्त्र्यः स्थूलायतशरीराः श्लथाङ्गचस्रपासद्धर्मविरहिताः पीनोरोजकपोलघ्राणकर्णग्रीवा-

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

धराः ह्रस्वपिङ्गेक्षणाः स्थूलप्रलम्बोष्ठच उन्नतभालप्रदेशाः गजगमनाः गौराङ्ग्यो महाचण्ड्यः क्रूराः गम्भीरस्वनाः बहुप्रजावत्यः कुटिलाङ्गुलीचरणाः दुःसाध्यसुरताः रोगाभावेऽपि रुग्णाः सन्तानविभीषिकाः जगद्व्यापिकाः भवन्ति ।

अपि च—

स्थूला पिङ्गलकुन्तला च बहुभुक् क्रूरा त्रपा वर्जिता
गौराङ्गी कुटिलाङ्गुलीकचरणा ह्रस्वा नमत्कन्धरा ।
त्रिभ्रत्यैभमदाम्बुगन्धिरतिजं तोयं भृशं मन्दगा
दुःसाध्या सुरतेऽतिगद्गदरवा स्थूलौष्ठिका हस्तिनी ॥१॥

समासादयन्ति च पितृगृहापेक्षया श्रेष्ठं पतिगृहं, मन्यन्ते च देवार्चनं मिथ्या, प्राप्नुवन्ति च रूपगुणविशिष्टं पतिं, किन्तु बहुद्रव्याम्बरादिप्रदानेनापि पत्यौ न तुष्यन्ति, भोगावरोधकत्वात् सन्तानोत्पत्तिं विघ्नरूपामवधारयन्ति, समुद्वेजयन्ति च प्रतिक्षणं विवादतः कुटुम्बं, कुर्वन्ति च कलहावसरे करमुखशब्दप्रयोगम् । तेनोद्विग्नाः "नाश्नीम एतत्पाणिना नशयिष्यामश्च तत्पार्श्वे" इत्यवधार्य मुहुर्मुहुः दिगन्तप्रयाणमिच्छन्त्यासां पतयः । हा विधातः नेच्छाम ईदृशीं दुःखरूपां बहाशिनीं पिशाचिनीं भार्यामिति प्रार्थयन्ते च । तास्तु स्वेच्छया सुखादिकमनुभवन्त्यश्चिरं तिष्ठन्ति । नेच्छन्ति प्रायो धर्ममिच्छन्तिखलु स्वादुभक्ष्यपदार्थान् सुतताडिन्यश्च भवन्ति । प्रजायन्ते च केचिदङ्गहीना अनेकरूपधाराः दशद्वादशषोडशसन्ततयः यन्त्रादिना चाऽन्ते दीर्घायुः पुत्रयोगः । कन्यकास्तु बह्वयः । प्रतिदश

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

(१०-२०-३०-४०) वर्षेषु स्वशरीर-पुत्र-भर्तृ-भ्रातृ-धनादिककष्टम् । अष्टचत्वारिंशदष्टपञ्चाशद्वर्षाभ्यन्तरे वा मृतिश्चेत् सधवा, अन्यथा विधवाः भवन्ति, परमायुः त्रिसप्तति ७३ वर्षाणि यावत् । बहुभ्रातृभगिनीनामेकभ्रातृ-भगिनी-द्वयसुखम् । उक्तप्रतिदशवर्षेषु महद्भयम्, शान्त्या सुखम् । विवाहोत्तरं ४-८-१२-१६ वर्षेषु पत्युर्भाग्योदयः, प्रायः दुःखमयं जीवनमासामिति । मूर्तिपूजने कथाश्रवणे च महतीऽव्यथा भवत्यतः हस्तिनी-शङ्खनीरूपक्रूरकामिनीसमागमाद्राजतुल्यमपि सुखं व्यर्थं चित्रिणीसमागमाद् दुःखमयमपि जीवनं सुखमयं प्रतिभातीति हस्तिनी-चित्रिण्योः ज़ातवेदोऽम्बुवन्महदन्तरम्, हस्तिनी-शङ्खिन्योर्मृदम्बुवत्पूर्वसन्धिरिति विज्ञैरनुभूतम् ।

अथ हस्तिनी का प्रथम भेद--

इस जाति की स्त्रियों का स्वभाव क्षणभङ्गुर होता है । ये प्रत्येक पुरुषों के अनुकूल होती हैं । भोग की इच्छा अधिक रखतीहैं और हंसमुख होती हैं, भोजन अधिक करती हैं । शरीर से मोटी और बड़ी होती हैं, अङ्ग शिथिल रहता है । इनमें लज्जा और सद्धर्म का नाम तक नहीं रहता है । इनके स्तन, कपोल, नासिका, कान और गर्दन मोटे होते हैं । आखें छोटी और पीली होती हैं, ओठ मोटी और लम्बी मस्तक ऊँचा चाल हाथी के समान और रङ्ग गोरा होता है इनको क्रोध अधिक, स्वभाव क्रूर, शब्द गम्भीर और लड़के अधिक होते हैं । इनके चरणों की अंगुलियां टेढ़ी होती हैं । ये रति में दुःसाध्य होती हैं । बिना रोग के रोगी बना रहती हैं, सन्तान को त्रास दिया करती हैं । ऐसी स्त्रियाँ संसार भर में व्याप्त हैं । श्लोकार्थ प्रायः गतार्थ हो गया है । ये भी पिता की अपेक्षा पति के श्रेष्ठ गृह में

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

जाती हैं। देवपूजन को मिथ्या समझती हैं। पति सुन्दर और गुणवान पाती हैं परन्तु बहुत द्रव्य और वस्त्र देने पर भी पति से सन्तुष्ट नहीं होतो। भोग विलास के लिये सन्तानोत्पत्ति को विघ्नरूप समझती हैं। प्रतिक्षण झगड़े से कुटुम्ब को नाकों दम कर देती हैं। कलह के समय हथेली बजा बजा कर कट कटाती हैं। इससे घबड़ाकर उनके पति इनके हाथ से न खायेंगे न साथ शयन करेंगे ऐसा विचार बारम्बार विदेश जाने की इच्छा करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि हा विधातः ऐसी दुःख रूपा अधिक खाने वालो पिशाचिनी स्त्री हम नहीं चाहते हैं। और ये अपनी इच्छा से बहुत काल तक सुखादिका अनुभव किया करती हैं। इनको धर्मकी इच्छा तक नहीं होती किन्तु सुस्वादु भक्ष्य पदार्थ की चाह अधिक होती है। सन्तान को मारा करती हैं। इनको खण्डित गर्भ तथा अङ्गहीन सब मिलकर १०-१२ तथा १६ लड़के होते हैं। यत्नादि के द्वारा अन्तमें दीर्घायु पुत्रका योग होताहै और कन्यायें बहुत होती हैं। १०-२०-३० और ४० वर्षों में अपने शरीर अथवा पति, पुत्र, भाई और धनादि के द्वारा कष्ट होता है। ४८ या ५८ वर्ष में मृत्यु हो तो सधवा नहीं तो विधवा होकर मरती हैं। परमायु ७३ वर्ष तक होती है, कई भाई, बहिनों में एक भाई और दो बहिन का सुख होगा। उक्त प्रति दश वर्षों में अधिक भयका योग होता है। शान्ति इत्यादि यत्नों से सुख हो सकता है, विवाह के बाद ४-८-१२ और १६ वर्षों में पति का भाग्योदय होता है। इनका जीवन प्रायः दुःख मय होता है। मूर्ति पूजन और कथा श्रवण में इन्हें अति कष्ट होता है, अतएव हस्तिनी शङ्खिनी जाति की दुष्ट स्त्रियों के समागम से राज तुल्य सुख भी व्यर्थ जान पड़ता है चित्रिणी के समागम से दुःखमय जीवन भी सुखमय विदित होता है। अतः हस्तिनी और चित्रीणी में अग्नि और जल के समान बहुत अन्तर है। तथा हस्तनी शङ्खिनी में मिट्टी और जल के समान मेल हो जाता है। ऐसा विद्वानों से अनुभूत है।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

हस्तिन्याः द्वितीयो भेदः—

द्वितीयहस्तिन्यस्तु प्रथमातो न्यूनलक्षणलक्षिताः भौतिकबाधाविशिष्टाः कर्कशाः दुःखरूपाः भवन्ति ।

साधारण-पितृगृहात् सामान्यपतिगृहं समागच्छन्ति । पश्चादनेकरोगपीडिताः स्वामिना निषिद्धा अपि भौतिकाचरणयुक्ताः भौतिकीं वार्तां मुहुर्मुहुः प्रलपन्ति, प्रेरयन्ति च स्वामिनं मन्त्रयन्त्रादिकर्मणि । तदाज्ञयोक्तोपचारौषधादिना नैरुज्यमवाप्य कालं यापयन्ति । पुण्य-तीर्थव्रतार्चनादिषु नाधिका मतिरिति । भवन्ति नवाधिकाः सन्ततयः किन्त्वक्षरज्ञानपर्यन्तं सुखदाः शान्त्यादियत्नेन षट्सन्तानसुखं तेषु विदेशस्थायिनौ द्वौ शेषं कन्ये बालकौ चैकत्र स्थायिनौ भवतः । भवन्ति च स्वयं देवरविहीनास्तथा भगिन्यः षट् भ्रातरौ च द्वौ निधनसमये त्वेकस्य स्थितिः, वातव्रणमहारोगादि-युक्ताः ६० वर्षगते गृह एव पञ्चत्वमवाप्नुवन्ति अष्टचत्वारिंशद्वर्षा ४८ दारभ्य ५० पञ्चाशद्वर्षाभ्यन्तरे पत्युः शरीरेऽपि मृत्युतुल्यं कष्टं बोध्यम् । शेषं प्रथमहस्तिनीवदिति ।

हस्तिनी का दूसरा भेद—

इस जाति की स्त्री लक्षण में प्रथम हस्तिनी से न्यून होती हैं किन्तु भूत बाधा से युक्त कर्कशा और दुःखरूपा होती हैं। ये साधारण पिता के घर से साधारण ही पति के घर में जाती हैं। और कुछ दिन के बाद अनेक रोग से पीड़ित होती हैं। पति के मना करने पर भी भूत प्रेत के आचरण से युक्त हो उसी की बात बार २ कहती हैं। पति को मन्त्र यन्त्र करने के लिये कहा करती हैं।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

उनकी आज्ञा से मन्त्र यन्त्र और औषधी के द्वारा आरोग्य लाभ कर दिन बिताती हैं। किन्तु पुण्य कर्म, तीर्थ, व्रत, देवार्चनादि में इनका मन नहीं लगता। इन्हें नव से अधिक सन्तान होते हैं उनका सुख इन्हें तभी तक होता है जब तक कि वे अक्षर नहीं सीख लेते। शान्ति आदि उपाय से छः सन्तान के सुख का योग होता है, उनमें भी दो लड़के परदेश में, चार अर्थात् दो लड़कियां और दो लड़के एक साथ रहते हैं, परन्तु मरण समय में समीप एक ही सन्तान रहता है, ये देवर से रहित होती हैं, इन्हें बहिन छः और भाई दो होते हैं, बात रोग, तथा व्रण (फोड़ा फुन्सी) आदि भारी रोग से पीड़ित रहती है ६० वर्ष की अवस्था में घर में ही मृत्यु पाती हैं। ४८ से ५० वर्ष के भीतर पति के शरीर में भी मृत्यु समान कष्ट होता है। शेष प्रथम हस्तिनी के समान जानना।

अथ हस्तिन्यास्तृतीयो भेदः—

द्वितीयातोऽपि न्यूनलक्षणाः किन्तु चञ्चलाः देवपूजनादिकर्मनिरताः सुन्दर्यः स्थूलबुद्धयस्त्रपाविरहिताः स्वोदरपोषिण्यो भवन्ति तृतीया हस्तिन्यः।

स्थास्यतश्चासां स्वसारौ भ्रातरौ च, परिणयनं तु १३-१४ वर्षाभ्यन्तरे भवति। सन्ततयस्तु द्वादश, तेषु पञ्चसन्तानस्थायियोगस्तत्रापि द्वाभ्यां विशेषसुखम्। गृहे स्वश्रू-स्वसुर-देवरादिभिर्नित्यं कलहं कुर्वन्त्यनुभवन्ति चात्मकायिकीं पीड़ां पतिशरीरपीड़ाञ्च, द्रव्यार्थं चिन्तयन्ति क्रन्दतिं च। शान्त्या पूर्वोक्तसर्वारिष्टनिवृत्तिरनेकसुखादिलाभश्च। शेषं प्रथमहस्तिनीवदिति।

हस्तिनी का तीसरा भेद—

भा०—तीसरे भेदवाली हस्तिनी लक्षण में दूसरी हस्तिनी से कुछ न्यून किन्तु चञ्चल होती हैं। ये देवताओं की पूजा इत्यादि भी

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

करती हैं, सुन्दर स्थूल बुद्धिवाली लज्जा से रहित और पेट पालने वाली होती हैं। इनको दो बहिन और दो भाई होते हैं, इनका विवाह १३-१४ वर्ष की अवस्था में होता है। १२ सन्तानों में ५ सन्तान स्थायी रहते हैं, उनमें भी २ सन्तानों से विशेष सुख होता है। घर में सास, ससुर और देवरादिकों से नित्य लड़ा करती हैं। अपने तथा पति के शारीरिक पीड़ा से दुःखी रहती हैं। द्रव्य के लिये रोया और सोचा करती हैं परन्तु शान्ति करने से ऊपर कहे सब अरिष्ट निकल जाते हैं और अनेक सुख होते हैं। शेष प्रथम हस्तिनी के समान जानना।

अथ हस्तिन्याश्चतुर्थो भेदः—

चतुर्थहस्तिन्यस्तु तृतीयातोऽपि न्यूनतरलक्षणलक्षिताः विलक्षणरूपाश्च (रूपहीनाः) भवन्ति। सत्कुलप्रसूताः धनपुत्रविशिष्टाः सधवाः किन्त्वेकावलीयोगयुक्ताश्च। एकावलीयोगश्चैकभ्रात्रा भगिन्या वा युक्ता, क्वचिदेकाकी चेति पितृगृहे पतिगृहे त्वेकपुत्री पुत्री वेति। शेषं प्रथमहस्तिनीवदिति।

हस्तिनीका चतुर्थ भेद--

भा०—चतुर्थ हस्तिनी लक्षण में तृतीय हस्तिनी से कम और सुन्दरता से रहित होती हैं। अच्छे कुल में पैदा होकर धन तथा पुत्र से युक्त, सधवा और एकावली योग से युक्त होती हैं। एकावली योग उसे कहते हैं जो पिता के घर में एक भाई या बहिन से युक्त हो, अथवा कहीं कहीं वह अकेले ही रहे, पति के घर में जाने पर जिसे एक पुत्र या कन्या होकर ही रह जाय। शेष प्रथम हस्तिनी के समान जानना।

शङ्खिन्याः जीवनचरित्राणि--

दीर्घाङ्गायतशरीराः महाशब्दोत्पादितगमनाः पृथुं कृशं वा

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

कायं वहन्त्योऽद्भुतगमनाः पृथुनासिकाग्राः कुटिलगम्भीरेक्षणाः निम्नोन्नतशरीरा सततमप्रसन्नवदनाः क्रोधसन्तप्तविग्रहा अहोरात्रमविचार्यैव प्रतिक्षणं भोगतत्पराः पत्युर्मानिन्यः स्वातन्त्र्यमभिलष्यमाणाः परानविचिन्त्य स्वोदरपोषणाभिप्रायाः विगतानुकम्पाः दुष्टचेतसः घर्घरस्वराः प्रीतिं सहिष्णुताञ्चातिक्रम्याऽखिलमादकपदार्थानुमोदिन्यः ईश्वरपूजनसदाराधनस्तुतिपाठादीन् व्यर्थं मन्यमानाः शङ्खिनीप्रमदाः जगद्व्यापिकाः भवन्ति । दृश्यते चाऽऽसां करकमलेषु कम्बुचिन्हं छिन्नभिन्नरेखाश्च । भवन्ति च रक्तस्रजाम्बरप्रियाः प्रायोऽलङ्कुर्वन्त्येवंविधा एव वनिताः पण्यवीथिकाम् ।

यथोक्तं ग्रन्थान्तरे--

दीर्घस्कन्धशिरः कृशं पृथुमथो देहं वहन्ती तथा
पादौ दीर्घकरौ कटिं च बृहती स्वल्पस्तनौ कोपिनी ।
गुह्यं क्षारविगन्धिनीस्मर जले नाल्पेनसान्द्रैः कचै-
रानिम्नं कुटिलेक्षणाद्भुतगतिः सन्तप्तगात्रा भृशम् ॥१॥

जायन्ते च पित्तलाः पिशुना अतिमुखरा शिशुताडिन्यः, वार्तान्ते रौद्ररूपाः धर्मान्ते सखिविग्रहकारिण्यः, सुरतान्ते भोजनस्पृहाः भवन्ति, दीर्घजीविन्यः प्रायः विधवाश्च । कुलद्वये चाऽऽसां पुरतः बहुप्राणिनाशो भवति, अनुभवन्ति चाऽनेकक्लेशमभिलपन्ति, दुःखावसरे क्षणिकमृत्युं किन्तु न म्रियन्ते । भवन्ति चासां भ्रातरो भगिन्यः दारिकाः दारकाश्च बहवः, किन्त्वेको भ्राता भगिनी दारिका दारकश्च तिष्ठति, म्रियन्ते चाऽन्ये तत्पुरतः । शेषमरिष्टादिकं प्रथमहस्तिनीवत् ।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

एवं द्वितीय-तृतीय-चतुर्थशङ्खिनीनामपि जीवन-चरित्राणि क्रमशः एकैकशो न्यूनतया द्वितीयतृतीयचतुर्थहस्तिनीवद्बुधैर-नुभूयत इति ।

शङ्खिनी स्त्रियों के लक्षण फल ।

शङ्खिनी स्त्रियां सब स्त्रियों से लम्बी होती हैं, इनके चलते समय पृथ्वी से धम धम शब्द होता है । शरीर अति मोटी या दुर्बल होती हैं, इनकी चाल अद्भुत होती है अर्थात् कूल्हे हिलाकर चलती हैं। इनके नासिकाग्र (नथुने) मोटे, आँखे टेढ़ो और गम्भीर शरीर नीचो ऊँची (बेडौल) होती हैं। ये सर्वदा अप्रसन्न रहती हैं और क्रोध से जला करती हैं । दिन रात का विचार न कर प्रतिक्षण भोग के लिये तैय्यार रहतो हैं। पति से रूठी रहती हैं, स्वाधीनता की इच्छा इन्हें बहुत रहती है, दूसरों की अपेक्षा न कर अपना पेट पालने की इच्छा रखती हैं, दया से रहित होती हैं, इनका मन दुष्ट और स्वर घर्घर होता है । प्रीति और सहिष्णुता का इनमें नाम तक नहीं रहता, सम्पूर्ण मादक द्रव्यों को उचित समझती हैं । ईश्वर पूजन, साधु सेवन, स्तुति पाठादिको व्यर्थ समझती हैं । ऐसी स्त्रियां संसार में अधिक होती हैं। इनके हाथ में शंख का चिह्न और रेखायें छिन्न-भिन्न होती हैं, रक्त वस्त्र और लाल माला इन्हें बहुत रुचती है । ऐसी ही स्त्रियां प्रायः बाजार को सुशोभित करती हैं । श्लोकार्थ गतार्थ हो गया है ।

इनका स्वभाव पैत्तिक होता है, ये कर्णसूचकी करने (इधर-का उधर लगाने) में तेज़ और वाचाल (अधिक बोलने वाली) होती हैं । ये बच्चों को मारती, बात के अन्त में क्रोध और धर्म के अन्त में सखियों से कलह करने वाली होती हैं । इन्हें मैथुन के बाद भोजन की इच्छा होती है । ये बहुत दिनों तक जीवित रहतो और प्रायः विधवा होती हैं । इनके सामने ही दोनों (पिता, पति) कुल में बहुत प्राणियों का विनाश हो जाता है, और बहुत दुःख भोगती हैं,

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

उस समय मरने की बारम्बार इच्छा करती हैं परन्तु मरती नहीं। इन्हें भाई, बहिन, लड़के और लड़कियां बहुत होती हैं। किन्तु एक भाई बहिन और लड़का लड़की के अतिरिक्त शेष इन्हीं के सामने मर जाते हैं। शेष अरिष्टादिक प्रथम हस्तिनी के समान जानो।

इसी प्रकार--द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ शङ्खिनी स्त्रियों के जीवन चरित, क्रमशः एक से एक न्यून द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ हस्तिनी के समान होते हैं, ऐसा पण्डितों से अनुभूत होना चाहिये।

चित्रिणी विरला देवि ! पद्मिनी चाऽतिदुर्लभा ।
रोमवद्धस्तिनी ज्ञेया विश्वरूपा च शंखिनी ॥ १ ॥

शङ्करजी पार्वतीजी से कहते हैं कि हे देवि ! चित्रिणी स्त्रियां संसार में विरल (कहीं २) होती हैं और पद्मिनी तो अत्यन्त दुर्लभ हैं, हस्तिनी शरीर में रोवें के समान बहुत और शङ्खिनी संसार भर में व्याप्त हैं।

अथोद्वाहे मेलापकविचारः ।

पद्मिनी-शशयोर्योगश्चित्रिणीमृगयोः शुभः ।
हस्तिन्याः वृषभस्यैवं शङ्खिनीवाजिनोरपि ॥ १ ॥
चित्रिणीनां चतसृणां चतुर्भिस्तु मृगैः सह ।
सङ्गमः क्रमशो बोध्यः सुधीभिः परमोत्तमः ॥ २ ॥
दम्पत्योरुक्तशङ्कृत्स्नं क्रमभेदे च मध्यमम् ।
हस्तिनी-शङ्खिनीनाञ्च वृषभैस्तुरगैः सह ॥ ३ ॥
पूर्ववत् सुखसन्तानधनधान्यादिकं भवेत् ।
जातिसम्बन्धभिन्नत्वे नेष्टो योगो बुधैः स्मृतः ॥ ४ ॥

अथ विवाह के लिये मेलापक (गणना) का विचार कहते हैं- पद्मिनी और शशक, चित्रिणी और मृग, हस्तिनी और वृषभ, शङ्खिनी और अश्व के योग (सम्बन्ध) को शुभ अर्थात् उत्तम कहते

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

हैं ॥१॥ चार प्रकार की चित्रिणी स्त्रियों के साथ चार प्रकार के मृग पुरुषों के क्रमशः सम्बन्ध अर्थात् प्रथम जातिवाली चित्रिणी को प्रथम जाति के मृग पुरुष, ऐसे ही दूसरी को दूसरे, तीसरी को तीसरे, चौथी को चौथे भेदवाले मृग पुरुष के साथ योग को पण्डित लोग परमोत्तम कहते हैं ॥ २ ॥ इस प्रकार के सम्बन्ध से दम्पत्ति (स्त्री-पुरुष) को उनके लक्षण में उक्त सम्पूर्ण सुख प्राप्त होते हैं। क्रम के भेद से अर्थात् प्रथम को द्वितीयादि, द्वितीय को प्रथमादि भेद से मध्यम योग और तदनुसार फल भी होता है। ऐसे ही चारों प्रकार की हस्तिनी स्त्रियों को क्रमशः चार प्रकार के वृषभ पुरुषों के तथा चार प्रकार की शङ्खिना स्त्रियों का, चार प्रकार के तुरग पुरुषों के साथ क्रमशः योग को भी उत्तम कहते हैं ॥ ३ ॥ इसी के द्वारा मनुष्य पूर्वोक्त सुख, सन्तान, धन, धान्यादि करके युक्त होते हैं और पूर्ववत् क्रम भेद से मध्यम होते हैं। और जाति सम्बन्ध भेद से अर्थात् पद्मिनी शशक के स्थान में पद्मिनी वृषभ तथा हस्तिनी शशक इत्यादि योग अति नीच और नष्ट (अनुचित) हैं। ऐसा लाक्षणिक विद्वानों का मत है। सन्धिवश प्रायः वृषभ का योग शङ्खिनी और तुरग का योग हस्तिनी से भी हो जाता है।

इति शशकादितूर्यपुरुषाणां पद्मिन्यादितूर्यमहिलानाञ्च जीवनचरित्रफलं समाप्तम्।

—०—

अथ श्रेयस्करदुष्कराणां बालकानां सामुद्रिकचिह्नानि।

अपतनाताड़नार्तिरहित-दिनभाषणाकारणरोदनपराः प्रबोधावोधबालकास्तथा डमरूलूखल—दण्डमन्दिरसमाः मन्दामलयुक्ताः पतनशीलश्लेष्मनासाभरणाः समक्षिकाः बालकाः वराटका भवन्ति।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

पतनताड़नार्तिदर्शनावक्राननहसितविहसिता अगलित-श्लेष्मनिर्मलाननस्वरकण्ठभूषणप्रविष्टबाहुलतिका मधुराधरग-न्धर्वभाषणाश्च बालकाः शारदापालकाः वसुमन्तो भवन्ति ।

पीतदुर्गमनाधिकाङ्गुलीयास्थिलक्षितसारमेयसमानाः संशोधकाः । चञ्चलचपलावक्राङ्गमरलहास्यनासिका । ललाटाक्षर-मालिकेन्दुकान्तिकान्ताः सम्पालकाः । पितृसन्धिसमशीलहित-पटुतराः झटिति सोदरोत्पादकाः । दुःखपितृसमशीलमन्तरा-बालकाऽसोदरोत्पादकाः भवन्तीति ।

अथ बालकों के शुभाशुभ द्योतक चिह्न—

जो बालक बिना गिरे, बिना मारे, बिना किसी दुःख के दीन भाषण और अकारण रुदन करे, प्रबोध करने पर भी न माने ऐसा बालक और जिनके रूप डमरू[1], ओखली[2], दण्ड[3] और मन्दिर[4] के समान हों, जो मन्द और मल से युक्त हों, वारम्वार गिरा करें, जिनकी नाक से श्लेष्मा (कफ़) गिरा करे और जो मक्खियों से घिरे हों। ऐसे बालक दरिद्री होते हैं। और जो गिरने मारने और भय दिखाने से हँसते हैं, जिनका मुख टेढ़ा नहीं होता, नाक नहीं बहती हो मुख स्वर और कण्ठ निर्मल हो, बाहु भूषण युक्त हो या जिनकी बाहुलता कण्ठ में भूषण के समान सुशोभित हो, ओष्ठ मनोहर हो और जो गन्धर्व के समान बोलने वाले हों वे बालक विद्वान् और धनी होते हैं। जो लड़के पीले, दुःख से चलने वाले हों, जिन्हें अंगुलियाँ पाँच से अधिक हों, हड्डियाँ जिनकी देख पड़ती हों, मुख कुत्तों के समान हो तो वे संशोधक अर्थात् माता पिता का नाश करने वाले होते हैं। जो बालक चञ्चल हों और अङ्ग जिनके

१—जिसका पेट, चूतर निकला हो। २—जिसका पेट निकल कर पीठ धँस गयी हो। ३—जो दण्डे के सदृश लम्बा हो। ४—जो बेडौल याने ऊँचा खाला होगा।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

सरल, हँसी स्वाभाविक मृदु, नासिका सीधी और ललाट चन्द्रमा के समान चमकने वाली और मनोहर हो तो वे पालक होते हैं। जो बालक पिता की गोद में उसी के समान स्वभाव और स्नेह में अति पटु हो तो वह शीघ्र भाई को पैदा करता है। और जो दुःखी, पितृ शील से रहित हो तो वह भाई पैदा कराने वाला नहीं होता।

अथ बालाऽरिष्टविचारः।

पूर्वमायुः परीक्षेत पश्चाल्लक्षणमादिशेत्।
निरायुषः कुमारस्य लक्षणैः किं प्रयोजनम्? ॥ १ ॥

इति लाक्षणिकवचनप्रामाण्याद्बालानां जन्मतस्तुर्यमिताब्दं यावन्मातृरेखाकृतं ततोऽष्टवर्षं यावत्पितृरेखाजनितं तदूर्ध्वं स्वरेखाकृतारिष्टादिकं विद्वद्भिर्विवेचनीयमिति तत्प्रकारं निरूपयति-पित्रोर्भाग्यरेखा सन्ततिरेखाश्च छिन्नाः लघुप्रमाणाश्चेत्तु स्वल्पायुषः शिशव इति। ययोर्दम्पत्योः सन्ततिरेखा-कुत्सिता-स्तयोरपत्यानां प्रथम-चतुर्थाऽष्टम-नवम-द्वादशवर्षेषु मतान्तरेण पञ्चसप्तपञ्चदशवर्षेषु बालारिष्टमिति। मृतवत्सायाः यया रुजा यस्यामवस्थायां बालका म्रियन्ते प्रायस्तेनैव रोगेण तस्यामेवाऽवस्थायामपरे बालकाः पुनः म्रियन्ते। शान्त्या सर्वत्र शुभः। पूर्वोक्तं नर-नारीणां कृत्स्नं फलं बालारिष्टनिवृत्तौ ज्ञेयमिति।

अब बालकों के अरिष्ट का विचार।

पहिले आयुकी परीक्षा कर तब बालकों के लक्षणादि का विचार करना उचित है। आयुरहित बालकके लक्षणसे प्रयोजन क्या है? अर्थात् कुछ भी नहीं। ऐसा लाक्षणिक विद्वानों ने कहा है तदनुसार बालकों के जन्म से लेकर चार वर्ष तक माता की रेखा से और पांच

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

से आठ वर्ष तक पिताकी रेखा से अनन्तर स्वयं बालक की रेखा से अनिष्टादिक का विचार करना चाहिये। उसका प्रकार दिखलाते हैं। माता पिता की भाग्य रेखा और सन्तति रेखा यदि छिन्न-भिन्न और छोटी हो तो बालक अल्पायु होते हैं। जिनकी सन्तान रेखा कुत्सित अर्थात् अच्छी न हो तो बालक के जन्म से १-४-८-६-१२ वर्षों में किसी के मतसे ५-७-१५ वर्षों में बालारिष्ट कहना चाहिये। मृत-वत्सा स्त्री के पुत्र जिस रोग और जिस अवस्था में मरते हैं प्रायः उनके दूसरे लड़के भी उसी रोग और उसी अवस्था में मरते हैं, शान्त्यादि यत्न से सर्वत्र शुभ होता है, बालारिष्ट निकल जाने के बाद स्त्री पुरुषों का पूर्वोक्त समस्त फल जानना चाहिये।

अथ सधवालक्षणम् ।

यस्याः कमलमुकुलाकारौ लघु-सान्द्र-पुष्टाङ्गुलीकौ कोमलौ रुचिरोत्तमाल्परेखान्वितावङ्गुष्ठाङ्गुलिसम्मुखौ करौ तथा रक्तक-राम्भोरुहौ रक्तरेखाविलासिनौ स्यातामपि च श्लक्ष्णव्यक्त-गम्भीरपूर्ण-स्निग्धवर्तुल-रेखामनोहरौ मत्स्य-पद्म-कानन-जयन्ती-स्वस्तिकाविच्छिन्नशोभनभाग्यरेखायुक्तौ यवाञ्चितावथ च करमध्यं समुन्नतं समग्रयचमरन्ध्रकश्चाङ्गुलीयकं स्ववर्णवत्पा-णिपादम्, केशाश्च सूक्ष्माः भ्रवौ चासंगते दन्ताश्चाविरला अरोमके वृत्ते च जङ्घे वृत्तस्निग्धनखानि विशिराऽरोमकञ्च पाणिपृष्ठं स्यात्सा सधवावस्थायामेव निधनं प्रयातीति।

अब सधवा स्त्रियों के लक्षण ।

जिस स्त्री के दोनों हाथ कमल मुकुल के समान, अङ्गुलियाँ छोटी घनी और पुष्ट हों, कोमल करकमल, सुन्दर उत्तम और थोड़ी रेखाओं से युक्त हों, अँगुठे और अङ्गुलियां सोधी हों और जिसके रक्त वर्ण करकमल में रक्त वर्ण ही रेखा शोभती हो तथा जिसके हाथ की

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

रेखायें सूक्ष्म परन्तु साफ और गम्भीर, पूरी २ चिकनी और गोलाकार हों और जिसके हाथ में मत्स्य और पद्म रेखा कालन जयन्ती तथा स्वस्तिक रेखा हों, भाग्यरेखा सुन्दर तथा बिना कटी कुटी हो, सब रेखा भी बिराजती हों और जिसके हाथ का मध्यभाग ऊंचा हो, यवरेखा पूर्ण हो, जिसके अङ्गुलियोंके मिलने पर छिद्र न दीख पड़े, हाथ पैर अपने शरीरके वर्ण समान हों, केश सूक्ष्म हों, भृकुटी (भौं) मिली न हों, दांत घने हों, विना रोम के गोल जङ्घे हों, नख चिकने वृत्ताकार हों, शिरा और रोम से रहित हाथ का पृष्ठ भाग हो तो वह स्त्री सधवा होती हैं, अर्थात् पति के सामने ही वैकुण्ठ वास करती हैं।

अथ विधवालक्षणम् ।

यस्याः वामपाणौ तिस्रः षड् वा रेखाः स्युस्तथा रक्तास्थूला त्रिकोणान्तरापररेखा विस्तृता सिताऽसिता विरलाऽशोभनाभूरिरेखा छिन्ना भाग्यरेखा दण्डरेखान्विता वा तथा पीतकेशमुखी पीनकर्णा प्रलम्बानना वृषस्कन्धा स्थूलकण्ठा दुर्बला पण्डिता प्रलम्बोदरपयोधरा शब्दोत्पन्नगमना कर्कशा चिपिटविवर्णनखा बहुपर्वाङ्गुलियुक्ता सरोमनिम्नपाणिपृष्ठा पुँकेशवपुरेखाभाषिणी स्थूलावयवा छिन्न-भिन्नरेखाङ्किता प्रमदा विधवेति ।

विधवा के लक्षण ।

जिस स्त्री के बायें हाथमें तीन या छः रेखायें हों तथा लालरेखायें हों, त्रिकोण रेखा के मध्य में कोई रेखा हो अथवा मोटी चौड़ी सुफेद या काली विरल भद्दी और बहुत सी रेखायें हों, भाग्यरेखा छिन्नभिन्न हो या दण्ड रेखा से युक्त हाता वह स्त्री तथा जिसके बाल और पीले रङ्ग का कान मोटे और मुँह लम्बा हो, जिसके कन्धे बैल के समान और कण्ठ मोटा हो, जो स्त्री दुर्बल पण्डता हो,

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

जिसका पेट और स्तन लम्बा हो या पेट तक लम्बे स्तन हों, जिसके चलने में पृथ्वी से शब्द हो, जो स्त्री कर्कशा जिसके नख चिपटे और फाके हों, अंगुलियाँ बहुत पर्वों से युक्त हों, हाथ का पृष्ठ भाग गहिरा और रोम रहित हो, पुरुष के समान जिसके बाल, शरीर, रेखा और भाषण हों, जिसका अङ्ग स्थूल हो और रेखायें छिन्न-भिन्न हों तो वह स्त्री विधवा होती है ।

अथ पुंश्चलीलक्षणम् ।

यस्याः भाले प्रकृष्टोऽपि बिन्दुः मलिनः प्रतिभाति या हावभावकटाक्षरता त्रपाविरहिता सिन्दूराङ्कितावयवा श्रीफलकपोला शुभ्रवर्णाऽतिदीर्घा सूर्यचिह्नाङ्किता मिलितविस्तृतभ्रयुगाऽवृत्ताङ्ग्यद्भुताङ्गो प्रसिद्धाङ्गहीना स्थूलावयवा विशालेक्षणा ह्रस्वकरचरणा तीव्रस्वरा विवादिनी नवरेखिका सिद्धरेखाविहीना रक्तरेखान्विता ऋक्षोदरी भवति, अपि च यस्याः करे पुण्यरेखा छिन्ना भवेत् समीपस्थमत्स्या वा तथा छिन्ना भाग्यरेखा दण्डरेखायुता वा मातृपितृसमीपस्थमत्स्या वा शङ्खचिह्नद्वयं, नासिका च तिलयुक्ता स्यात्, या च द्वादशवर्षाभ्यन्तरे यौवनचिह्नाङ्किताऽनुरूपसुन्दरी पूर्णचन्द्रानना बाला भवेत् सा सद्धर्मपरायणा शतोपवासनिरताऽपि पराङ्कशायिनी पुंश्चली भवति । या शोभनरेखान्विता चेदेकपतिकाऽशोभनरेखायुक्ता चेद्बहुपतिकेति विज्ञैर्विवेच्या । "एकादशाऽब्दे सम्प्राप्ते या त्रपाभूषणा भवेत् । सा बुधैर्गृहिणी ज्ञेया डाकिनी चाऽन्यथाऽशुभा ॥" इत्यादिलाक्षणिकोक्तरीत्या त्रपैव भूषणं स्त्रीणामिति । या खलु मानिनी क्षणे रुष्टा तुष्टा चाल्पक्रोधिनी

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

पराशनयत्नकारिणी प्रत्यूषजागरणशीला देवभक्तिरता सा देवरूपा, त्रपाविरहिता पुरुषान्तरसंलापिनी प्रमदाऽवश्यं पांशुलेति ।

स्त्रीणां षोडशवर्षं यावद्बाला संज्ञा ततस्त्रिंशद्वर्षावधि तरुणी ततः पञ्चाशद्वर्षपर्यन्तं प्रौढ़ाऽत ऊर्ध्वं वृद्धेति दिक् ।

पुंश्चली स्त्री का लक्षण ।

जिस सुन्दरी के मस्तक का चमकीला बिन्दु भी मलिन प्रतीत हो, जो हाव, भाव कटाक्ष करने वाली लज्जा से रहित हो, जिसके अङ्ग सिन्दूर के समान रक्त वर्ण हों, गाल बेल के समान निकले हों, वर्ण शुभ्र हो, जो लम्बी हो, जिसे सूर्य (सेहुँआ) भया हो, जिसकी भौंहें मिली और चौड़ी हों, अङ्ग प्रायः खुले रहते हों और विलक्षण हों, नेत्रादि प्रसिद्ध अङ्ग से जो रहित हो और जिसके अङ्ग मोटे हों आँखे बड़ी हों, हाथ पैर छोटे हों, स्वर तीखा हो और जो विवाद करती हो, जिसके हाथ में नव रेखायें हों, जो सिद्ध (पुण्य पद्म) स्वस्तिकादि उत्तम रेखा से रहित हो तथा जिसकी रेखायें रक्त वर्ण हों, पेट भालू के समान हों, जिसकी पुण्यरेखा छिन्न हो या मत्स्यरेखा से युक्त हो एवं भाग्यरेखा छिन्न या दण्डरेखा से युक्त हो अथवा मातृ पितृ रेखा के समीप मत्स्य रेखा हो अथवा जिसके हाथ में दो शङ्ख रेखायें हों या नाक पर तिल हो अथवा १२ वर्ष के भीतर ही जिसे युवावस्था के (स्तनादि) सब चिन्ह देख पड़ें जो सुन्दरी और पूर्ण चन्द्रमा के समान मुख वाली बाला हो वह सद्धर्म और सैकड़ों उपवास करने वाली हो तो भी पर पुरुष के गोद में शयन करने वाली पुंश्चली होती है। जिसकी रेखायें अच्छी हों वह स्त्री एक पति वाली तथा जिसकी रेखायें खराब हों तो वह बहुत पति वाली स्त्री होती है।

ग्यारह वर्ष की अवस्था तक जिस स्त्री ने लज्जा रूपी भूषण को धारण कर लिया वही गृहिणी कहाती है इसके प्रतिकूल डाकिनी

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

कहाती है क्योंकि स्त्रियों का भूषण केवल लज्जा ही है जो स्त्री शीघ्र ही प्रसन्न और रुष्ट हो, क्रोध थोड़ा करै, दूसरे को खाने के लिये यत्न करै, प्रातःकाल ही जाग जाया करै, देवता की भक्ति करै तो वह स्त्री देवता के समान होती है। लज्जाशून्य दूसरे पुरुषों से वार्तालाप करने वाली स्त्री निश्चय पुंश्चली होती है।

१६ सोलह वर्ष तक की स्त्रियां वाला, १७ से ३० वर्ष तक तरुणी इसके बाद ५० वर्ष तक प्रौढ़ा, अनन्तर वृद्धा कहलाती हैं।

अथ नर-नारीणां पैशाचिकचिह्नानि।

भयसम्प्रेषिताः मलिनमनीषाः जागृतस्वप्नेऽपि पश्यन्ति मानवान् न तु प्रत्यक्षभूता पिशाचिका सन्धिकारिणो भवेत्, विगताङ्गभूताः गजपदाः प्रभञ्जनमेलकाः समलत्रासहृत्कार्पट्य-दौर्गन्ध्यभूतिकाः भवेयुर्नरनार्यः। स्परसुतघातिन्योऽमार्जित-कुन्तला अघर्षितदन्ताः नित्यैकवासाङ्गयुक्ताः सन्ध्ययोश्शयन-शीलाः निर्दयाः पुरुषास्तु महिला पार्श्वशायिनश्चेति विशेषः। दण्ड, खण्ड, रक्त, कुठार, दीर्घ, त्रिरेखायुक्ताश्च ते स्त्रीपुरुषाः भूतयोगिन्याद्याविष्टास्तत्परवशा अनेकोत्पातकौतूहलनिरताः कष्टादियुक्ताः मूढाः भवन्ति। मोचनोपायस्तु योगिनीतन्त्रे द्रष्टव्य इति।

स्त्री पुरुषों के पैशाचिक चिह्न को दर्शाते हैं।

जिन स्त्री पुरुषों की बुद्धि भय से युक्त और मलिन हो, जो जागृत और स्वप्नावस्था में मनुष्यादिकों को देखते रहते हैं क्योंकि पिशाचादि प्रत्यक्ष आकर संयोग नहीं करते। अङ्ग जिनके विचार-युक्त हों, चर्म हाथी के समान, वेग वायु के समान, हृदय तथा वस्त्र मलिन फटे तथा दुर्गन्धि से युक्त हों, प्रायः रज-वीर्य स्वप्न में नष्ट

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

होते हों, जो लड़कों को मारते हों, जिनके शिर के बाल संस्कार रहित इधर उधर बिखरे दाँत मलिन हों, जो सर्वदा एक ही वस्त्र धारण करते हों, दोनों सन्ध्याओं में सोते हों, दया रहित हों, विशेष कर पुरुष स्वप्न में स्त्रियों के साथ सोनेवाले हों तथा जिनके हाथ में दण्ड, खण्ड, रक्त, कुठार दीर्घ (बड़ी) और तीन रेखायें हों वे (स्त्री पुरुष) भूतादिकों से युक्त होते हैं। अर्थात् उन पर भूत और योगिनी आदि की छाया समझनी चाहिये और उन्हीं (भूतादिकों) के द्वारा अनेक प्रकार के उत्पात और कौतुकादि में लवलीन रहते हैं, दुःखी और विमूढ़ होते हैं। भूतादिकों के छूटने का उपाय योगिनी तन्त्र से देखना चाहिये।

अथ देवचिह्नानि ।

ये सुरभिसङ्केतनाः विगतच्छाया भूकम्पाङ्गरोमरहिता अचलितपिङ्गूषाः भाल-मोदप्रद-पीलप्रभञ्जनाकाररेखायुक्ताः नेत्रकुन्तलाऽपतनावलोकनाः नीलनीरदसान्द्रदृष्ट्यहिमकरकरानुकम्पार्द्रचेतसः दानशीलाल्पकोपनपरोपकारिसद्गुणविशिष्टा प्रभावशालिनः करारविन्दोल्लसित-जकार-प्रधान-जाह्नव्यादि पञ्चरेखायुक्तास्ते देवाः पुनन्तु मामिति ।

अथ देवी-चिह्नानि ।

या अबद्धकुन्तलाः प्रक्रीड़नपरा बालिकाः द्विभुजाऽष्टभुजासंरक्षिकाः सुरेखिकाः सततप्रयाणोत्सुकाः भूमण्डलस्थापि लोकत्रयपालिकाः करस्थाभ्युदयाः कालसन्धिप्रयाणसम्प्रेक्षिकाः हृदानन्ददायिन्यो देवच्छायाविशिष्टाः देव्यो मां पुनन्त्विति । साम्बसदाशिवार्पणमस्तु ।

इति श्रीसामुद्रिकरहस्ये पूर्वार्द्धं समाप्तम् ।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

अथ देव पुरुषों के लक्षण—

जिनकी शरीर से सुगन्धि निकलती हो, जो छाया से रहित हो, जिनके चलने में पृथ्वी से शब्द तथा अङ्गों में रोम न हों और कर्णादि से मल न निकले, मस्तक पर हर्ष देनेवाली चींटी के आकार की वायु के समान दौड़ने वाली रेखा (शिरा) हो, अवलोकन समय जिनकी पलकें न गिरती हों, दृष्टि नीली और घनी हो, हृदय चन्द्रमा के समान शीतल हो, जो दानशील, अल्प क्रोध करनेवाले, परोपकारी, सद्गुणी और प्रभावशाली हों, जिनके कर कमल में जकार पञ्चक अर्थात् जाह्नवी, यती, यव, जयन्ती और योग ये पाँच रेखायें हों वे देवपुरुष कहाते हैं सो मुझे पवित्र करें। इस सङ्केत में जकार और यकार में भेद नहीं माना गया है।

अथ देवी का लक्षण—

जिनके बाल बँधे न हों, जो बालिकायें अनेक प्रकार की क्रीड़ाओं में तत्पर रहती हों, जो द्विभुजा होकर भी अष्ट भुजा के समान रक्षणादि सब कार्य सिद्ध कर लेती हों, जिनके हाथ में अच्छी २ रेखायें हों, जो निरन्तर यात्रा के लिये उत्कण्ठित रहा करें वे पृथ्वी पर रह कर भी तीनों लोक की स्वामिनी होती हैं, अभ्युदय तो मानो इनके हाथ ही में रहता है। ये अपने मृत्यु समय को भी जानती हैं और हृदय को आनन्द देनेवाली होती हैं, इनमें देवियों की छाया और पूर्वोक्त देवताओं के समान परोपकारादि सद्गुण भी विद्यमान रहते हैं, ऐसी देवियाँ मुझे पवित्र करें।

श्रीसाम्बसदाशिवार्पणमस्तु

इति श्रीसामुद्रिकरहस्ये पूर्वार्द्धं समाप्तिमगात्।

श्रीरस्तु शुभम्भूयात्।

—*—

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

❀ श्रीमङ्गलमूर्तये नमः ❀

अथ सामुद्रिकरहस्ये

उत्तरार्द्धं प्रारभ्यते ।

ब्रह्मा यत्पदलग्नपांशुवलजाखण्डप्रभावैः कृती ।
विश्वोत्पादनचातुरीषु दिनपो यज्ञादिषु स्वोदयात् ॥
शम्भुश्रीहरिचण्डिकागणपतिब्रह्मादिदेवाः भृशम् ।
यन्मायावशगाः शिवं दिशतु नो रामाभिधानो हरिः ॥१॥

भा०—ब्रह्मा जिसके चरण की धूलि के बल से जायमान पूर्ण प्रभाव से संसार रचना विषयक चातुर्य में कृतकार्य हुये और सूर्य निज उदय से यज्ञादिकों में सफल हुये और शङ्कर, श्रीविष्णु, दुर्गा, गणेश, सूर्यादि सब देवता बारम्बार जिसकी माया के आधीन हुये सोई रामाभिधान विष्णु हमारे मनोरथ में मङ्गलप्रद हों ॥ १ ॥

अथ रेखाध्याये परिभाषाप्रकरणम् ।

तत्राऽऽदौ रेखानाम, रूप, राशि, ग्रहस्थानादिविचारः ।

कङ्कण, वलय, परिधानस्थानं मणिबन्धः ।

तत्रैव, सर्पाकारवेष्टनत्रयवती रेखा मणिबन्धाख्या । तदुपर्यूर्ध्वरेखाऽधः सिन्धुस्थानं तत्रैव मत्स्याङ्किता मत्स्यरेखा मणिबन्धादारभ्येतराभिरविच्छिन्ना मध्यमा मूलगामिनी पूर्णोर्ध्वरेखा ।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

सा वक्रा चेद्धलरेखा ।

पताकारूपा केतुरेखा ।

सैव वक्राऽधः स्थूला मध्ये पीनतरा कुशाग्रा चेत् करवालरेखा।

उपरि पित्रोरन्तरवर्तिनो चापाकाराऽपररेखासंयोगात् प्रत्यञ्चारूपोर्ध्वा चाप (धनू) रेखा ।

सौण्ड-सृणि (अङ्कुश) पदयुक्ता सा गजाख्या ।

सैवापरा वा दण्डरूपा दण्डाख्या ।

छत्रिकारूपा छत्ररेखा ।

सदण्डा तौलिक-तुलाभ्यां युक्ता तुलाख्या ।

तुरगाभा तुरङ्गाख्या ।

वृषभाभा वृषरेखा ।

त्रिकोणाङ्किता त्रिकोणरेखा ।

इयमेव मन्दिरक्षितिसंज्ञिकेत्युच्यते ।

लघुचतुष्कोणा वस्तुरेखा ।

बृहच्चतुष्कोणा पुष्करिणीरेखा ।

आदर्शाभा आदर्शरेखा ।

आलवालरूपा दरिद्राख्या ।

चतुष्कोणा मध्ये बहुतिर्यगुर्ध्वरेखाभिर्ग्रमिरेखा जालरेखा च।

वृत्ताभा तरूरसालनाम्नोच्यते ।

समाः बहुबिन्दवः शैलरेखा ।

त्रिपत्रात्मिका समृडाला कण्टकविन्दुयुक्ता वा पद्मरेखा ।

अङ्कुशरूपा सृणिरेखा ।

सर्पाकाराऽहिरेखा ।

ऊपर लिखे शङ्ख, चक्र, सीप रेखाओं की सङ्ख्या पांच तक एक हाथ से, इसके ऊपर हो तो दोनों हाथों से गणना करना।

अथ पर्वरेखाफलम्।

अङ्गुलीनां पृथग्रेखा तियं मन्यते पृथक्।
रेखाद्वादशकं सौख्यं धन-धान्य-प्रदायकम्॥ १०॥
तिसृणां नव रेखाः स्युश्चक्ररेखा यदा भवेत्।
अपराः किं करिष्यन्ति विना यत्नेन सिध्यति॥ ११॥

भा०—जिस मनुष्य के चारो अङ्गुलियों में पर्व रेखा तीन तीन पृथक २ हों और सब बारह रेखा स्पष्ट देख पड़ें तो वह मनुष्य धन-धान्यादि सम्पूर्ण सुखों से युक्त होता है॥ १०॥ तीन अँगुलियों में नव रेखायें हों और चक्र रेखा भी शोभती हो तो और

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

रेखाओं के बिना भी मनुष्यों के सब कार्य बिना प्रयास सिद्ध हो जाते हैं। चित्र १५ रे० ९ ॥ ११ ॥

अङ्गुलीनां पृथग्रेखा गणने चेत् त्रयोदश।
महादुःखं महाक्लेशं सामुद्रवचनं यथा ॥ १२ ॥
रेखाः पञ्चदशस्तेनः षोडशद्यूत-वञ्चकः।
पापी शप्तदश ज्ञेयो धर्मात्माऽष्टादशात्मके ॥ १३ ॥
ऊनविंशतयः मान्यो गुणज्ञो लोकपूजितः।
तपस्वी विंशतौ ज्ञेयो महात्मा एकविंशतौ ॥ १४ ॥

भा०—अङ्गुलियों की पृथक् सब रेखायें गिनने से तेरह प्रतीत हों तो मनुष्य बड़ा दुःखी होता है ऐसा सामुद्रिकवेत्ताओं ने कहा है ॥ १२ ॥ यदि गणना में सब पन्द्रह हों तो चोर, सोलह हों तो जुआ में ठगनेवाला, सत्रह हों तो पापी, अठारह हों तो धर्मात्मा, उन्नीस हों तो अति प्रतिष्ठित, गुणज्ञ और लोकपूजित होता है, बीस हों तो तपस्वी और इक्कीस रेखा हों तो मनुष्य महात्मा होता है। चि० ५ रे० ६ में, या चि० ८ रे० ७ में पर्व देखो ॥ १२-१४ ॥

अथ ललनारेखाफलम्।

कनिष्ठाङ्गुलिमूले तु रेखा चोद्वाहसाधिका।
कुशाग्रा शोभनाद्ग्राह्या विपरीतोऽन्यथा भवेत् ॥ १५ ॥
कनिष्ठाधः स्थिता रेखा संख्या यावतिकाः स्मृताः।
तावती पुरुषाणां तु नारी भवति निश्चितम् ॥ १६ ॥

भा०—कनिष्ठा अंगुली के मूल में विवाह सूचक रेखा होती है यह यदि कुशाग्रा (महीन) और सुरूपा जितनी रेखायें हों उतना विवाह कहना, विपरीत (स्थूला कुरूपा) हों तो विपरीत फल कहना चाहिये ॥ १५-१६ स्पष्टम् ॥ चि० २ रे० ६ ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

भ्रातृ-भगिनी-बोधकरेखाफलम्।

अधस्तात्स्वान्तरेखायाः करभस्थाहि यावती
बृहती रुचिराऽच्छिन्ना भ्रातृरेखाहि तावती ।
स्वल्परेखा भगिन्यास्तु संख्यातुल्यं वदेद्बुधः ॥ १७ ॥

भा०—हृदय रेखा के नीचे करभ प्रदेश में अच्छिन्न, मनोहर और बड़ी जितनो रेखायें हों संख्या में 'उतने ही भाई, और छोटीर जितनी रेखायें हों उतनी बहिन की संख्या कहना उचित है। चि० २ रे० १० ॥ १७ ॥

अथ सन्तानरेखा।

अङ्गुष्ठमूले प्रसवस्य रेखाः
पुत्राः बृहत्यः प्रमदाश्च तन्व्यः ।
अच्छिन्नदीर्घाश्च चिरायुषान्ताः
स्वल्पायुषश्छिन्नलघुप्रमाणाः ॥ १८ ॥

भा०—अङ्गुष्ठ मूल उच्चस्थान में सन्तान सूचक रेखायें होतीं है उनमें पुष्ट अच्छिन्न (शुद्ध जो कटी न हों) और दीर्घ रेखायें चिरायु सन्तान (पुत्र) बोधक और कटी-कुटी या छोटी रेखायें स्वल्पायु सूचक हैं। सूक्ष्म (पतली) रेखा कन्या बोधक होती है। चि० २ रे० ११। अंगुष्ठमूल में यव हो तो भी मनुष्य सन्तानयुक्त होता है। चि० नं० २ रे० १२ ॥ १८ ॥

पुत्र-पौत्रादिबोधिका रेखा।

एका हस्तगता रेखा भवेदूर्ध्वान्तिका यदा
पुत्र-पौत्र-विहीनश्च पशुवृत्तिरतस्तथा ।
पुत्र-पौत्रादि-सम्पन्ना चोर्ध्वरेखा शुभप्रदा ॥ १९ ॥

भा०—ऊर्ध्व रेखा के पास एक खड़ी खण्ड रेखा हो तो मनुष्य

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

पुत्र पौत्र से रहित होकर पशुवृत्ति में रत रहता है। चि० १३रे०५। और शुद्ध ऊर्ध्व रेखा के होने से मनुष्य पुत्र पौत्रादि युक्त होता है।

हिंसाफलम्।

हिंसा यदा स्यात्पतिताहि पाणौ महाच्चवर्गा पुरुषस्य यस्य।
दाराभिमर्षी परनिन्दकश्च श्ववृत्तितुल्यो पुरुषो भवेद्वै ॥ २० ॥

भा०—जिस पुरुष के हाथ के उच्च स्थान में हिंसा रेखा पड़ी हो तो वह पुरुष दाराभिमर्षी (स्त्री के द्वारा कष्ट पानेवाला), पराई निन्दा करनेवाला और श्वान के समान वृत्तिवाला होता है चि० १६ रे० ७ ॥ २० ॥

गोपीड़ा बालपीड़ा स्याद्दारपीड़ा तथैव च।
हिंसा-दर्शन-मात्रेण शान्तियोगं वदेत्तथा ॥ २१ ॥
वसुहीनो दारहीनो पुत्रहीनश्च दुःखितः।
शान्तिवार्ता प्रबोधेन हिंसादोषश्च कथ्यते ॥ २२ ॥

पाप-पुण्यसूचकरेखाफलम्।

हिंसा रेखा यदा च्छिन्ना पुण्यरेखा च शोभना।
पुण्यं स्याद्विपरीते तु पापं बोध्यं सदा बुधैः ॥ २३ ॥

भा०-हिंसा रेखा देखते ही गो पीड़ा, बाल पीड़ा, तथा स्त्री पीड़ा को शान्ति योग के साथ २ कहना चाहिये ॥ २१ ॥ हिंसा रेखा वाले धन स्त्री तथा पुत्र से हीन होते हैं अतः हिंसा दोष को शान्ति वार्ता के द्वारा प्रबोध करते हुए कहना चाहिये। चि० ७ रे० १० ॥ २२ ॥ जब हिंसा रेखा कटी हो और पुण्य रेखा सुन्दरी हो तो पुण्यात्मा मनुष्य और विपरीत होने से पापी होता है। चि० ३ रे० ७ ॥ २३ ॥

मित्राऽमित्रफलसूचकरेखाफलम्।

पुण्यादिरेखाः छिन्नाः स्यु रक्ता रेखा कुशोभना।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

हिंसारेखाऽहिरेखातः शत्रुवृद्धिः प्रजायते ॥ २४ ॥
आभिर्हीनस्य मित्राणामुदयं परिकीर्तयेत् ।

भा०-जिस मनुष्य के हाथ में पुण्यादि रेखायें छिन्न हों, लाल रेखा तथा कुत्सित रेखा हिंसा और सर्प रेखा हो तो शत्रुओं की वृद्धि होती है। इन दुष्ट रेखाओं के न होने से मित्रों का उदय होता है ॥ २४ ॥ चि० नं० १६ रे० नं० ८ ॥

मातृपितृरेखाफलम् ।

पित्रोर्या छिन्नरेखा स्यात्तयोरेकस्य निश्चयः ।
द्वयोश्छिन्ने द्वयोर्नाशो वक्तव्यः सर्वदा बुधैः ॥ २५ ॥
कस्यापि लघुदीर्घा चेत् पित्रोरेकस्य संस्थितिः ।
सुशोभना सुमार्गा चेत् पितरौ स्तो न संशयः ॥ २६ ॥
यस्मिन् वर्षे हि या छिन्ना कष्टं स्यात्तस्य तत्र वै ॥ २७ ॥

भा०—मातृ पितृ रेखा में से जिसकी रेखा कटी हो उसका विनाश कहना, दोनों कटी हों तो दोनों का विनाश कहना चाहिये ॥ २५ ॥ दोनों में कोई छोटी या बड़ी हो तो माता पिता में एक की स्थिति कहना। चि० १६ रे० ६। दोनों यदि सुन्दर और सरल हों तो दोनों की स्थिति कहना ॥ २६ ॥ जिस वर्ष के प्रमाण में जो रेखा कटी हो उस वर्ष में उसके लिये कष्ट कहना चाहिये ॥ २७ ॥

त्रिकोणफलम् ।

स्वान्तरेखागतः शुद्धस्त्रिकोणो यदि शोभते ।
गृहोर्व्युपवनादीनां सुखमेति स्वपौरुषात् ॥ २८ ॥
त्रिकोणः पितृरेखायां पैतृकं वसु लभ्यते ।
त्रिकोणो मातृरेखायां मातामहधनं लभेत् ॥ २९ ॥

भा०—जिस मनुष्य के हृदय रेखा में शुद्ध त्रिकोण हो तो वह पुरुष अपने पुरुषार्थ से गृह, भूमि और बाग इत्यादि को प्राप्त कर

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

सुखी होता है। चि० ४ रे० ७। यदि पितृ रेखा में त्रिकोण हो तो मनुष्य पैतृक धन (चि० ७ रे० ५) और मातृ रेखा में त्रिकोण हो तो मातृ कुल (नाना) की सम्पत्ति का भागी होता है चि० ६ रे० ६ ॥ २८-२६ ॥

त्रिभुजो भाग्यरेखायामनायासधनागमः।
लघुसम्पत्तिदः स्वल्पस्त्रिकोणो बृहदो बृहत् ॥ ३० ॥
स्थानजन्यं सुखं चापि लभते नाऽत्र संशयः।
त्रिकोणः पुण्यरेखायां शिल्पज्ञोऽसौ भवेद्ध्रुवम् ॥ ३१ ॥
उक्तस्थानातिरिक्तायां सर्वमुक्तफलं नहि।

भा०—यदि भाग्यरेखामें त्रिकोण हो तो अनायास धन की प्राप्ति होती है। चित्र ११ रे० १०। छोटा त्रिकोण हो तो थोड़ी और बड़ा त्रिकोण हो तो बहुत सम्पत्ति और अपने स्थान पर सुख प्राप्त होता है, इसमें सन्देह नहीं। पुण्य रेखामें त्रिकोण हो तो मनुष्य निश्चय शिल्पज्ञ होता है। चित्र नं० १२ रे० ५। इन कहे हुए स्थान के अतिरिक्त यदि किसी स्थानमें त्रिकोण हो तो उक्त फल नहीं होता और स्थानजन्य सुख भी नहीं होता ॥ ३०-३१ ॥

विद्याप्रदरेखाफलम्।

कुशाग्रा भाग्यरेखादि तथा पुण्या त्रिकोणकम्।
यवः पद्मं च विद्यायै शास्त्रं च क्रमशः शृणु ॥३२॥
शब्द-साहित्यशास्त्रे च ज्यौतिषं वैद्यकं तथा।
पञ्चमाङ्गलभाषां वै कथयन्ति मनीषिणः ॥३३॥

भा०—यदि भाग्यादि प्रशस्त रेखा कुशाग्र हों तो मनुष्य शब्द (व्याकरण) शास्त्र का ज्ञाता, पुण्य रेखासे साहित्य शास्त्र, त्रिकोण रेखा से ज्यौतिष शास्त्र, यवसे वैद्यक तथा कमल रेखा से आँग्ल (अंग्रेजी) भाषाका ज्ञाता होता है ॥ ३२-३३ ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

महिलार्थरुदन-परदारयोगरेखाफलम् ।

अब्जहलाद्रिसुभाग्यविहीने
हा ललनेति विलापपरोना ।
अन्यवधूसुरतेसु रतोऽसौ
जार–कलङ्क–विभूषितमर्त्यः ॥३४॥

भा०—जिस मनुष्य का करतल पद्म, हल, शैल और सुन्दर भाग्य रेखा से रहित हो तो वह स्त्री के लिये निरन्तर रुदन किया करता है और जार-रेखा युक्त मनुष्य परस्त्रीगामी होता है ॥ चित्र ५ रेखा ७ ॥ ३४ ॥

यात्रासूचक-रेखाफलम् ।

डमरु–वज्र–कुम्भैश्च भिक्षार्थं परितो व्रजेत् ।
योग-रेखा-सनाथोऽसौ परमानन्द-योगिराट् ॥३५॥

भा०—डमरू, वज्र और कुम्भ रेखा होने से मनुष्य भिक्षार्थ भ्रमण करता है । चित्र ३ रे० ४ । योग रेखावाला मनुष्य परमानन्द निमग्न और योगियोंमें श्रेष्ठ होता है ॥ ३५ ॥

यशोऽयश-विवादसूचक-रेखाफलम् ।

यवोऽङ्गुष्ठोदरे सोम-सूर्यौ च कर–मध्यगौ ।
यशस्वी विपरीते तु मनुजोऽकीर्तिभाग्भवेत् ॥३६॥
विवादो मकराङ्केन भवत्येव न संशयः ॥ ॥

भा०—जिस मनुष्य के अङ्गुष्ठोदर में यव रेखा और करमध्य में चन्द्र या सूर्य रेखा हो तो मनुष्य यशस्वी (चित्र ६ रे० ८-६) होता है और यदि इसके प्रतिकूल हो तो मनुष्य अपयश का भागी होता है । चित्र ८ रेखा ८ । और मकर रेखा से मनुष्य झगड़ालु होता है । चित्र ५ रेखा ६ ॥ ३६–½ ॥ मतान्तरसे धनी भी होता है पूर्वार्ध पृ० १० श्लोक ३'१)

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

अथ योगावली।

१ परमेश्वरपूजनं भविष्यद्दृष्टियोगश्च।

स्वान्ताऽपरा यस्य करे विराजते
वृद्धाङ्गुली पुष्टतराऽपि चाऽऽयता।
स्यान्मानवो माधवपादसेवकः
दृष्टिर्भविष्यद्विषये च जायते ॥ १ ॥

भा०—जिस मनुष्य के हाथ में द्वितीया स्वान्त (आयु) रेखा हो, अथवा कराङ्गुष्ठ दीर्घ (लम्बा) और पुष्ट हो तो वह मनुष्य भगवदाराधना में तत्पर रहता है और भविष्य का ज्ञाता होता है। चित्र १८ रे० ८ ॥ १ ॥

२ भक्तियोगः।

स्थानं बुधेन्द्वोश्च समुन्नतं स्यात्
तत्रैव जालश्च गुणाख्यचिह्नम्।
शाखाविशिष्टा जननी च यस्य
दीर्घं कनिष्ठान्तिमपर्वभक्तः ॥ २ ॥

भा०—बुध और चन्द्रमा का स्थान ऊँचा हो, वहीं जाल और गुणाख्य (×) चिह्न हों, मातृरेखा शाखाओं से युक्त हो और कनिष्ठाङ्गुली का तृतीय पर्व दीर्घ हो तो मनुष्य भक्त होता है चित्र १६ रेखा ३ ॥ २ ॥

३ भविष्यद्वक्तृत्वयोगः।

चान्द्रं पुष्टं कर्तितं चाल्पचिह्नैः
रुच्यं बौधं चैन्दवं स्थानमेवम्।
लोके ख्यातो भाविवक्ता नरोऽसौ
रेखाविज्ञाः सञ्जगुः सत्सु मान्याः ॥ ३ ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

भा०—चन्द्र स्थान पुष्ट और छोटी २ रेखाओं से कटा हो, देखने में बुध और चन्द्रमा का स्थान मनोहर हो तो मनुष्य भविष्यद्वक्ता होता है। चित्र १७ रेखा १० ॥ ३ ॥

४ त्रिकालज्ञानम् ।

यदा पाणि-मूलात् समुत्थाय भाग्या
तृतीये हि मध्याङ्गुली–पर्वणीयात् ।
नरो वेत्ति कालत्रयाणां स वार्ता
मुदा सर्वदा पण्डिताः सङ्गिरन्ते ॥ ४ ॥

भा०—भाग्य (ऊर्ध्व) रेखा मणिबन्ध से उठकर मध्यमा के तृतीय पर्व तक जाय तो मनुष्य त्रिकालज्ञ होता है, ऐसा पण्डितों का कथन है (चित्र १६ रेखा २) ॥ ४ ॥

५ योगी ।

योग-रेखाश्रितो योगयुक्तो नरः
मन्द-जीव-प्रदेशः समुच्चो, रवेः ।
शुद्धरेखा, स योगी, शनिस्थानगम्
स्यात्त्रिकोणं तदा योगयुक् पूज्यते ॥ ५ ॥

भा०—योग रेखा से युक्त मनुष्य योगी होता है, अथवा शनि और बृहस्पति स्थान उन्नत हो, तथा रवि रेखा शुद्ध हो तो मनुष्य योगी होता है। चित्र० नं० १८ रे० नं० १ (योग रे० भी)। शनिस्थान में त्रिकोण हो तो मनुष्य योगी होकर विशेष गौरव प्राप्त करता है (पूजित होता है)। चित्र नं० १८ रे० १ में ॥ ५ ॥

६ श्रेष्ठपदलाभः ।

अनामिकायाः प्रथमाद्धि पर्वणः
तृतीय-पर्वावधिभाग्य–रेखिका ।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

विशुद्ध-रूपेण प्रयाति चेत्तदा
नरः समीचीनपदं स विन्दति ॥ ६ ॥

भा०—अनामिका के पहले पर्व से तीसरे पर्व तक भाग्य (ऊर्ध्व) रेखा शुद्ध रूप से हो तो मनुष्य सर्वश्रेष्ठ (उच्च) पद प्राप्त करता है चित्र १२ रे० ६ ॥ ६ ॥

७ परकीय-सम्पत्ति-लाभः।

यदाऽपरा पितृवरा विभाति
स्थानं रवेर्वोच्चतरं हि पुण्या।
विधेश्च रेखाऽतिविशुद्धरूपा
परार्थभागो भवतीह मर्त्यः ॥ ७ ॥

भा०—जब हाथ में अपरा पितृ रेखा शोभती हो, या रवि स्थान उच्च हो, पुण्य और भाग्य रेखा अति शुद्ध हो तो मनुष्य दूसरे की सम्पत्ति प्राप्त करता है चित्र १० रे० १० ॥ ७ ॥

८ पूर्ण-विद्या-योगः।

गुरोर्बुधस्यापि रवेस्तथोच्चैः स्थानं समुत्थाय पितुस्तथोर्ध्वा।
गुरोर्गृहं याति जनः स विद्यापारङ्गतः संल्लभते प्रतिष्ठाम् ॥ ८ ॥

भा०—बुध, गुरु और रविस्थान उच्च हो और पितृ रेखासे ऊर्ध्व गामिनी कोई रेखा बृहस्पति स्थान तक शुद्ध रूपसे जाय तो मनुष्य विद्यामें पारङ्गत होकर प्रतिष्ठा लाभ करता है चि० १४ रे० १० ॥ ८ ॥

९ धनकष्टम्।

रेखास्तिस्रो वाऽथ बह्व्योऽथवा स्युः
कूटा खण्डा कूर्मरूपा कुठारा।
पाणौ यस्य स्यात्तदा मानवोऽसौ
द्रव्याऽभावाद् दुःखमत्यन्तमेति ॥ ९ ॥

भा०—जिस के हाथ में तीन रेखा या बहु रेखा हो अथवा कूट,

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

खण्ड, कुठार और कूर्मादि कोई रेखा हो तो वह पुरुष धनाभावादि के कारण अत्यन्त दुःखी रहता है ॥ ६ ॥

१० द्रव्यनाशः ।

शुक्रस्थानादेत्य रेखाऽतिलघ्वी
छित्वा भाग्यां पैतृकाङ्कश्च, गच्छेत् ।
भौमस्थानं, स्वीयहस्तेन मर्त्यः
सद्यः सत्यं नाशयेद् द्रव्यराशिम् ॥१०॥

भा०—शुक्र स्थान से छोटी २ रेखा उठकर भाग्यरेखा और पितृ रेखा को काटता हुई भौमस्थान तक जाय तो मनुष्य स्वतः अपने हाथों से द्रव्य राशि को विनष्ट कर देता है चि० १३ रे० ११ ॥१०॥

११ विवाहाद्धनाप्तियोगः ।

नक्षत्रचिह्नं यदि स्याद्धि जीव-
स्थाने तदोद्वाहवशाद्धनाप्तिः ।
स्यात्तेन मर्त्योऽतिसुखेन कालम्
स्वं यापयेच्छास्त्रविदो वदन्ति ॥ ११ ॥

भा०—बृहस्पति स्थान में यदि नक्षत्र चिह्न हो तो मनुष्य विवाह से बहुत द्रव्य प्राप्त कर सुख से काल यापन करता है (चित्र १३ रेखा १०) ॥ ११ ॥ (मनोहर और कुशाग्र परिणय रेखा बुधस्थान से उठकर रविस्थान का स्पर्श करै तो उत्तम कुल में विवाह होता है और उससे विशेष धन प्राप्त होता है) ॥

१२ कष्टकर–विवाहः ।

यदा कुत्सितोद्वाह-रेखाति-पीना-
ऽथवा कर्तिता स्वल्पया रेखया स्या-
त्तदा कष्टकारी विवाहोऽन्यथा चेत्
कुशाग्रा सुरूपा सुखोद्वाहकर्त्री ॥ १२ ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

भा०—परिणयन रेखा स्थूला और कुत्सिता हो अथवा सरल स्वल्प रेखा द्वारा कटी हो तो विवाह कष्टकारी होता है। सुन्दर, कुशाग्र और दर्शनीय हो तो सुखप्रद विवाह होता है॥ १२॥

१३ अनेक-भार्यायोगः।

कविस्थानगं जालचिह्नं तृतीये
तथा तारका तर्जनी-पर्वणि स्यात्।
विवाहाख्यरेखोर्ध्वगं जारचिह्नम्
नरोऽनेकया भार्यया सङ्गमीयात्॥ १३॥

भा०—शुक्र स्थान में जाल चिह्न तथा तर्जनी के तृतीय पर्व में नक्षत्र चिह्न चित्र १४ रेखा ६ हो अथवा परिणयन रेखा के ऊपर जार चिह्न हो तो अनेक स्त्रियों से सम्बन्ध होता है चित्र १४ रेखा ७ (परिणय रेखा में से जितनी रेखायें झुकी हों उतनी ही स्त्रियों का वियोग होता है)॥ १३॥

विवाहविचार।

१—परिणय रेखाओंमें जितनी रेखायें कुशाग्र, सुन्दर और समानान्तर की दीख पड़ती हों तो उतने ही विवाह होते हैं।

२—विवाह रेखा से कोई शाखा निकल कर हृदय रेखा को स्पर्श करै तो विवाह होकर सम्बन्ध विच्छेद हो जाता है।

३—विवाह रेखा ऊपर अङ्गुली की ओर झुकी हो तो विवाह नहीं होता।

४—भाग्य रेखासे कई रेखायें निकल कर हृदय रेखा का स्पर्श करैं तो भी विवाह नहीं होता।

५—गुरु स्थान के पास तर्जनी के बगलमें नीचे जितनी सुन्दर रेखायें एक समानान्तरमें दिखाई पड़ें उतने ही विवाह कहना चाहिये।

दाम्पत्य जीवन।

६—(क) मातृ रेखा से कोई शाखा निकल कर या स्वतः मातृ रेखा पितृ रेखा से मिले तो स्त्री पुरुषको चाहती है।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

(ख) एवं पितृ रेखा मातृ रेखा में आकर मिले तो पुरुष स्त्री को चाहता है।

(ग) दोनों मातृ-पितृ रेखाके पृथक्-पृथक् होने से स्त्री पुरुषों में परस्पर प्रेम नहीं रहता।

(घ) दोनों रेखायें परस्पर मिली, देखने में सुन्दर तथा स्वच्छ हों तो दम्पति में परस्पर अत्यन्त प्रेम होता है।

७—विवाह रेखा आयु रेखा के जितने ही निकट हो तो उतने ही जल्दी विवाह होता है।

१४ वन्दीगृहयोगः ।

यदा भूमिपुत्रोशन-स्थानगं स्यात्
चतुष्कोण-चिह्नं, करस्याऽङ्गुलीर्वा ।
चतुःपर्वयुक्ताऽपि काराधिवासी
विभिन्ना तु गत्वा नरो मुच्यतेऽसौ ॥ १४ ॥

भा०—शुक्र और भौम स्थान में चतुष्कोण चिन्ह हो तथा हाथ की कोई अङ्गुली ४ चार पर्वों से युक्त हो तो मनुष्य बन्दी गृह (कारागार) का भागी होता है चि० १४ रे० ८-९। यदि छिन्न-भिन्न हो तो जाकर छूट जाता है ॥ १४ ॥

१५ प्राण-दण्ड (फाँसी) योगः ।

नक्षत्र-चिन्ह-द्वयं सौरिगम्
मध्यमापर्वणि स्यात्तृतीयेऽपि च ।
भग्नाशनौ मातृरेखा यदा
मानवः प्राणदण्डं समेयात्तदा ॥ १५ ॥

भा०—शनि स्थान और मध्यमा अङ्गुली के तृतीय पर्व में यदि दो नक्षत्र चिह्न हों अर्थात् उक्त दोनों स्थानों में नक्षत्र चिह्न हो या मातृ रेखा शनि स्थान में भग्न हो तो मनुष्य को प्राणदण्ड (फांसी) होता है चि० १८ रे० २ ॥ १५ ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

१६ आत्महत्यायोगः।

भाग्यादौ शशिनश्च देशमभजन्नक्षत्र-चिह्नं यदा
भौमस्यापि द्वितीयके यदि भवेत् स्थाने गुणाख्यं तथा।
जालाङ्कश्च सुलक्ष्म-शास्त्र-निपुणाः विद्वद्वरेण्याः द्विजाः
प्रोचुर्मर्त्यगणाधमः स कुरुते हिंसां स्वकीयां स्वयम् ॥१६॥

भा०—भाग्य रेखा के प्रारम्भ में और चन्द्र स्थान में भी नक्षत्र चिन्ह हो और द्वितीय मङ्गल स्थान में गुणाख्य तथा जाल चिन्ह हो तो मनुष्य आत्महत्या करता है चि० १८ रे० ३ ॥ १६ ॥

१७ अकालमृत्युयोगः।

नियत्यन्तिके स्वान्तमात्रोश्च मध्ये
गुणाङ्को विछिन्नाऽथवाऽऽयुष्यरेखा।
विलूनाऽथवा स्वल्परेखाभिरायु—
स्तदाऽकालमृत्युं भजेन्मानवाऽसौ ॥ १७ ॥

भा०—भाग्य रेखा के पास चित्र १३ रेखा ७ तथा आयुष्य और मातृरेखा के बीच में गुणाख्य चिह्न हो चित्र १३ रेखा ६ या आयु रेखा भग्न वा छोटी छोटी रेखाओं से कटी हो तो मनुष्य की असामयिक मृत्यु होती है ॥ १७ ॥

१८ अल्पायुष्ययोगः।

मातृरेखामछित्वैव भाग्या यदा
सौरिगेहं व्रजेत् स्वल्पमायुस्तदा।

१९ तीर्थ-मृत्यु-योगश्च।

स्थानमिन्दोर्गुरोश्चोन्नतं चोत्पलं
मृत्युदेशे भवेत्तीर्थ-मृत्युं व्रजेत् ॥ १८ ॥

भा०—भाग्य रेखा मातृरेखा को न काट कर मन्द स्थान तक जाय तो मनुष्य अल्पायु होता है। चित्र १५ रेखा ७।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

चन्द्र और गुरु स्थान उन्नत हो तथा मृत्यु स्थान में पद्म रेखा हो तो मनुष्य की तीर्थ में मृत्यु होती है। चित्र १५ रेखा ८॥ १८॥

अथाऽऽयू रेखाविचारः।

आयुषां योगास्त्रिविधास्तत्राऽऽह—

त्रिविधाश्चायुषां योगाः स्वल्पायुर्मध्यमोत्तमाः
द्वात्रिंशत्पूर्वमल्पायुर्मध्यमायुस्ततो भवेत्।
चतुःषष्ठ्याः पुरस्तात्तु ततो दीर्घमुदाहृतम्
उत्तमायुः शतादूर्ध्वमिति शास्त्रेषु निश्चितम्॥

भा०—आयु तीन प्रकार की होती है १ दीर्घायु, २ मध्यमायु, और ३ अल्पायु। इनमें ६४ से १०० दीर्घायु, ३२ से ६४ तक मध्यमायु और ३२ तक अल्पायु होती है। यदि १०० से अधिक हो तो उत्तमायु कही जाती है।

प्रथम आयु का विचार करके तब लक्षणादि का विचार करना चाहिये। यथा "पूर्वमायुः परीक्षेत पश्चाल्लक्षणमादिशेत्। निरायुषः कुमारस्य लक्षणैः किं प्रयोजनमिति" (पू० पृ० ५४ श्लोक १)

दीर्घायुः—

हाथ की अंगुलियाँ लम्बी, आयुरेखा बुधस्थान से गुरुस्थान तक स्पष्ट, गम्भीर, स्वच्छ, मनोहर तथा अखण्ड हो।

पितृरेखा लम्बी, स्पष्ट, वक्र, नीचे की ओर झुकी तथा अच्छिन्न।

स्वास्थ्य रेखा पितृरेखा से मिली न हो, तथा स्वच्छ परिपूर्ण हो तो मनुष्य की दीर्घायु या उत्तमायु होती है।

२ मध्यमायुः—

हाथ की अंगुलियाँ मध्यम श्रेणी की तथा आयुरेखा शनिस्थान तक, स्वच्छ इत्यादि उक्त गुण युक्त पितृरेखा नीचे की ओर झुकी न हो, कहीं सूक्ष्म, कहीं स्थूल, कहीं छिन्न-भिन्न (खण्डित) हो तो मनुष्य मध्यमायु होता है।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

३ अल्पायुः—

अंगुलियाँ छोटी, कृश और वक्र, आयु रेखा अनामिका के मूल तक अथवा शनि वा गुरुस्थान तक होकर भी छिन्न-भिन्न म्लान और भद्दी हो, पितृरेखा सूक्ष्म (पतली) वा चौड़ी म्लान, भद्दी, तथा खण्डित, मातृरेखा शनिस्थान तक शाखा रहित, स्वान्त रेखा कृष्ण वर्ण छिन्न-भिन्न हो प्रायः ये सब रेखायें देखने में सौन्दर्य विहीन हों तो अल्पायु योग होता है।

ऐसे मनुष्य प्रायः रोगी, अनेक प्रकार के दुःखों से पीड़ित और स्वल्पायु भोगते हैं, अतः ऐसे प्राणियों को भगवद्भजन तथा सद्धर्मादि करना श्रेयस्कर है।

अथाऽरिष्टविचारः।

तर्जनीमूलगामिन्यां रेखायां छिद्रता यदि।
श्वाविन्-मूषिक-मार्जार-सर्पदंशो भविष्यति ॥ १ ॥

भा०—आयुष्य रेखा में (जो बुधस्थान से उठकर तर्जनी के मूलतक जाती है चि० २ में रे० ७ देखिये)। यदि छिद्र या नीला, काला, लाल रङ्ग के दाग हों तो मनुष्य को साही, मूषक बिलार और सर्प आदि जानवरों के काटने का भय होता है ॥ १ ॥

व्याख्या हस्त सञ्जीवनी के आधार पर।

१—यदि १ रक्त-नील-मिश्रित विन्दु, २ केवल रक्त बिन्दु, ३ श्वेत, बिन्दु वा ४ श्याम विन्दु आयुष्य रेखा में हो तो मनुष्य को क्रमशः १ सर्पदशन २ रक्तरोग ३ सन्निपात और ४ विषपान का भय होता है। और यदि आयुष्य रेखा श्याम वर्ण और उसमें रक्त विन्दु हो तो मनुष्य को विजली के द्वारा भय होता है।

२—आयुष्य रेखा यदि किसी सीधी रेखा से कटी हो १ अथवा बुध स्थान में अङ्कुश सदृश काई रेखा नीचे की ओर मुख कर इसे काटती हो २ वा इसके अन्त में अनेक छोटी रेखायें हो तो ३ क्रमशः शस्त्र १ हाथी २ और घोड़े ३ के द्वारा भय होता है।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

३—यदि दक्षिण अथवा वाम भाग से अनेक टेढ़ी रेखायें आयुष्य रेखा को काटती हों तो क्रमशः अग्नि तथा जल में डूबनेका भय प्राप्त होता है।

४—यदि आयुष्य रेखा को अनेक रेखायें दाहिनी ओर से और एक रेखा बांयी ओर से काटती हो तो मनुष्य भयंकर रोग से पीड़ित होता है।

५—यही रेखा अन्य रेखाओं से अनेक स्थान पर कटी हो तो स्त्री द्वारा कलङ्क तथा अपमृत्यु होती है।

६—यदि इस आयु रेखा से कोई शाखा नीचे की ओर झुकी हो या यह छिन्न भिन्न हो तो उच्च स्थान से गिरने का भय होता है। पूर्वार्ध पृ० १० श्लोक ३७ देखिये।

७—यदि आयुष्य रेखा प्रारम्भ में सूक्ष्म (पतली), अन्त में स्थूल (मोटी) और मध्य में छिन्न भिन्न हो तो प्रबल शत्रुओं द्वारा मनुष्य की हानि होती है। यदि इसके विपरीत अर्थात् आदि में स्थूल अन्तमें सूक्ष्म और शुद्ध रीति से पूर्ण हो तो वह पुरुष शत्रुओं पर विजय प्राप्त करता है।

८—आयुष्य रेखा मोटी, देखने में भद्दी तथा श्यामवर्ण हो तो मनुष्यको कुटुम्ब सम्बन्धी चिन्ता होती है और मन उसका चञ्चल तथा उद्वेग युक्त होता है। इस रेखा के द्वारा हृदय की गति भी जानी जाती है।

प्रकार—

९—पुरुष के दाहिने और स्त्री के बायें हाथ की आयुष्य रेखा के जिस वयोमान (वर्षपरिमाण) में उक्त चिन्ह पाये जांय उस वर्ष में इनका भय मात्र समझना और यदि ये चिन्ह दोनों हाथों में उसी स्थान पर हों तो मृत्यु कहना चाहिये।

और दोनों हाथों में भिन्न २ स्थान यह उपरोक्त जितने चिन्ह पाये जांय उतने ही वार केवल भय प्राप्त होता है।

१० यदि ऊर्ध्व रेखा शुद्ध और सरल हो तो मनुष्य का सम्पूर्ण कष्ट आकर निकल जाता है। उत्तरार्ध पृ० ३० श्लोक ९ देखिये।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

२०—अल्पावस्थायां पित्रोर्वियोगः।

नियत्यादिदेशे भवेच्चेद्यवाङ्क-
स्त्रिकोणोऽथवा शैशवे मानवानाम्।
भवत्येव पित्रोर्विनाशोऽतिशोग्रम्
विपश्चिद्वरेण्या वदन्तीह सत्यम् ॥ १६ ॥

भा०—भाग्य रेखा के आरम्भ में यव चिन्ह चि० १४ रे० ५ हो या त्रिकोण चि० १५ रे० १६ हो तो बाल्यावस्था में ही उसके माता पिता की मृत्यु होती है ॥ १६ ॥

२१ पुरुषव्यभिचारयोगः।

भृगुस्थानगं जालचिह्नं यदा स्या-
त्तथा तर्जनी-मध्यमा-पर्वदेशे ।
तृतीये क्रमाद्भ-त्रिकोणाख्यचिह्ने
भवेतां व्यभीचारयुक्ता नरः स्यात् ॥ २० ॥

भा०—शुक्र स्थान में जाल चिह्न, तथा तर्जनी और मध्यमा के तृतीय पर्व में क्रम से नक्षत्र और त्रिकोण चिह्न हो तो मनुष्य व्यभिचारी होता है। चित्र १३ रेखा ८ ॥ २० ॥

२२ पर-धर्मावलम्बनम्।

यदि कतिपय-शाखा भाग्यरेखासमुत्थाः
सुरुचिर-मणिबन्ध-स्थानमीयुस्तथा च।
विलसितगुणचिह्नं भास्करस्य प्रदेशे
श्रयति नर-कदर्यः पारकीयं हि धर्मम् ॥ २१ ॥

भा०—भाग्य रेखा से कई शाखा उठकर मणिबन्ध की ओर जाँय तथा सूर्य स्थान में गुणाख्य चिह्न हो तो मनुष्य दूसरे के धर्म का अवलम्बन करता है। (चित्र १८ रेखा ४) ॥ २१ ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

२३ भाग्योदयः।

पाणिमूल-वलयोपरि भागे
स्याद्गुणाख्यमथ पुष्टतरोर्ध्वा।
भाग्य-शालि-मनुजेषु प्रसिद्धः
राजते स खलु मानव-जातः॥ २२॥

भा०—मणिबन्ध वलय के ऊपर गुणाख्य चिह्न चित्र १७ रेखा ७ हो तथा ऊर्ध्व (भाग्य) रेखा पुष्ट हो तो मनुष्य सौभाग्यशाली होता है॥ २२॥

२४ जलमग्नयोगः।

तृतीयेषु सर्वाङ्गुली-पर्वसु स्यात्
यवाङ्को नरो दुर्गता-चार-युक्तः।
निमज्याऽप्सु पञ्चत्वमेतीह लोके
विचार्येदमाहुर्बुधाः लक्षणज्ञाः॥ २३॥

भा०—सब अंगुलियों के तीसरे पर्व में यव चिह्न हो तो मनुष्य दुराचारी होता है और जल में डूबकर मरता है। चि०१२रे०६॥२३॥

२५ स-सम्पत्तिसुख-जीवन-यापनम्।

गुरुस्थानगाऽऽयुष्यरेखा तदीयै-
कशाखा शनिस्थानमेतीति मर्त्यः।
सपत्नं विजित्यातिसम्पत्तियुक्तः
सुखेनात्म-कालं नयेद्धर्षयुक्तः॥ २४॥

भा०—आयुष्य रेखा गुरु स्थान तक हो और उसकी एक शाखा शनि स्थान में प्राप्त हो तो मनुष्य शत्रुओं को पराजित कर सम्पत्तिशाली हो सुखपूर्वक जीवन व्यतीत करता है। चित्र १६ रे० १०॥२४॥

इति योगावली समाप्ता।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

अथ वर्ष-शुभाऽशुभज्ञानम् । (हस्तसं०)

कस्मिन्वर्षे शुभं कस्मिन्नशुभं वा भवेन् मम ।
इति ज्ञेये पञ्चदश भागाः पञ्चाङ्गुलीभवाः ॥ १ ॥
वीक्ष्यास्तेषु च या रेखा ऊर्ध्वचक्रे यवोऽथवा ।
तस्मिन्वर्षे शुभं लक्ष्मी-पुत्राद्याप्तिर्यशः सुखम् ॥ २ ॥
तेषु पर्वसु या रेखा छिन्ना भिन्ना च वेधयुक् ।
शुक्ति-विन्दु-चतुष्कोण-भाख्यास्तद् दुःखदायम् ॥ ३ ॥
व्यवस्थायादिमं वर्षं कनीनिकादि पर्वसु ।
विचार्यन्ते पञ्चदश वर्षाणि दक्षिणे करे ॥ ४ ॥
ततो वामे पञ्चदश पुनर्दक्षिण-वामयाः ।
स्त्रियां वामेऽथ सव्ये च विमृश्यन्ते च तत्क्रमात् ॥ ५ ॥

भा०—प्राणियों के प्रत्येक अंगुलियों में तीन तीन पर्व होते हैं; इस प्रकार १५ पर्व दाहिने तथा १५ बायें हाथ का मिलाकर ३० पर्व होते हैं। इन पर्वों का प्रथम दक्षिण फिर वाम वारंवार आयु की संख्या तक गणना करनी चाहिये। अब जिस वर्ष के पर्व के ऊर्ध्व, चक्र, वा यव रेखा हो उस वर्ष में शुभ कार्य, लक्ष्मी, पुत्र पौत्रादि की प्राप्ति, यश और सुख प्राप्त होता है।

जिस वर्ष के पर्व में रेखा छिन्न भिन्न, सीप, विन्दु, चतुष्कोण, तार का चिह्न दीख पड़े तो वह वर्ष अनेक प्रकार का दुःख दायक होता है।

पुरुष को प्रथम दक्षिण तब वाम और स्त्री का प्रथम वाम तब दक्षिण हाथ से गणना करनी चाहिये।

उदाहरण—

जैसे किसी के ३५ वर्ष के शुभाशुभ को जानना है, तो उस पुरुष के दाहिने हाथ की कनिष्ठिका के आदि से अङ्गुष्ठ के अन्त तक १५

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

वर्ष एवं वाम हाथ के भी १५ पर्व तक तीस वर्ष फिर दक्षिण कनिष्ठिका का ३ और अनामिका का दो पर्व तक ३५ वर्ष हुए, इस पर्व में यदि शुद्ध ऊर्ध्व रेखा हो तो पुत्रादि की प्राप्ति, यश और शुभ विवाहादि मङ्गल कहना चाहिये इसी प्रकार स्त्री के वाम हाथ से देखना चाहिये ।

अथ मास-शुभाऽशुभ-ज्ञानम् ।

श्रावणो हस्त-तालः स्यादङ्गुष्ठो भाद्रपान्मतः ।
कुमारस्तर्जनीमध्ये कार्तिकः श्रीविधानतः ॥ १ ॥
मार्गशीर्षोऽनामिकायां कनिष्ठायां तु पौषकः ।
दक्षिणायनमेवं स्याद् दक्षिणे सिंहवाहने ॥ २ ॥
वामे माघः कनिष्ठायां फाल्गुनेऽनामिका मता ।
मध्या चैत्रे प्रदेशिन्यां माधवोऽङ्गुष्ठके परः ॥ ३ ॥
अषाढ़ो भूतलः प्रोक्तः एवं स्यादुत्तरायणम् ।
वर्तमानो हि यो मासः प्रोक्तः स पञ्चनाडिका ॥ ४ ॥
ततो हस्तेक्षणघटी-मासस्तस्य शुभाऽशुभम् ।
रेखा कामदुघा रूपा वाच्यं लक्षणशिक्षितैः ॥ ५ ॥
तर्जन्याञ्च कनिष्ठायां प्राप्तो मासस्तु नो शुभः ।
शेषस्थाने शुभोऽङ्गुष्ठे रणप्रश्नोतिभङ्गदः ॥ ६ ॥
तर्जन्यां जयदः सोऽपि तालस्थः कोपिनो शुभः ।
लक्ष्मीस्थितो धनकरो मेरुस्थः पददायकः ॥ ७ ॥
यद्वा माघादयो मासाः द्वादशोऽपि लघोः क्रमात् ।
दिनोदयात्पञ्चघटीमाना पाणीक्षणावधि ॥ ८ ॥
यो मासः प्राप्यते तस्य स्थान-लक्षण-वीक्षणात् ।
मासे शुभाऽशुभं वाच्यमित्युक्तं ज्ञानिभिः पुरा ॥ ९ ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

भा०—प्रत्येक पुरुष की दाहिनी हथेली में श्रावण, अंगूठे में भांद्व, तर्जनी में कुआर, मध्यमा में कातिक, अनामिका में अगहन और कनिष्ठिका अङ्गुली में पौष मास होता है। दाहिने हाथ के ये छ महीने दक्षिणायन कहलाते हैं। एवं वाम हाथ का कनिष्ठिका में माघ, अनामिका में फाल्गुन, मध्यमा में चैत्र, तर्जनी में वैशाख, अङ्गुष्ठ में ज्येष्ठ तथा हथेली में आषाढ़ मास होता है। इस प्रकार वाम हाथ के छ महीने उत्तरायण के हैं।

गणना के अनुसार सूर्योदय से ५ दण्ड तक वर्तमान महीना भोगता है, अनन्तर ५ दण्डबाद का दूसरा महीना इसी रीति से ५-५ के क्रमानुसार १ दिन रात में १२ महीने भोगते हैं।

हाथ देखने के समय की घड़ी से जो महीना आवै उसका शुभाशुभ फल जानना क्योंकि लाक्षणिकों ने रेखा को कामधेनु रूप माना है।

तर्जनी कनिष्ठा और करतल (हथेली) पर जो मास पड़े वह अशुभ और अन्य स्थानों में शुभप्रद है। किन्तु युद्ध विषयक प्रश्न में अंगुष्ठ हानिकारक और तर्जनी जय देनेवाली है। हथेली पर प्राप्त महीना किसी प्रकार शुभ नहीं है। लक्ष्मी (मध्यमा) में धन प्राप्ति मेरु (अंगुष्ठ) में पद (मानप्रतिष्ठादि) प्राप्त होता है।

अथवा दूसरी विधि यह भी है कि कनिष्ठिका से लेकर हथेली तक दोनों हाथों में क्रमशः माघ आदि १२ महीने होते हैं। सूर्योदय से हाथ देखने के समय तक ५—५ घड़ी के अनुसार पूर्वोक्त विधि से शुभाशुभ फल जानना चाहिये, ऐसा विद्वानों का कथन है।

उदाहरण—

जैसे किसी ने माघ महीने में १४ घड़ी पर प्रश्न किया कि यह महीना मेरा कैसा बीतेगा? अब यह देखना चाहिये कि माघ महीना वाम हाथ का कनिष्ठा में है सूर्योदय से ५ दण्ड तक इसका भाग और १० दण्ड तक मध्यमा में फाल्गुन मास का भी भोग हो चुका

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

१० से १५ दण्ड तक तर्जनी में चैत्र भोगेगा, अतः यह महीना शुभ दायक नहीं है।

परन्तु युद्ध विषयक प्रश्न हो तो शुभ अर्थात् जयप्रद है। इसी प्रकार और महीनों का विचार करना चाहिये।

अथ तिथि-शुभाऽशुभ-फलम्।

यस्यां निरीक्ष्यते हस्तः सा तिथिः स्याद्दिनोदये।
घटीचतुष्टयं शेषास्तदनुक्रमतो मताः ॥ १ ॥
हस्तवीक्षणवेलायां या तिथिः समुदीयते।
तदाऽङ्गुल्याः स्वरूपेण वाच्यं सर्वं शुभाऽशुभम् ॥ २ ॥
नन्दा-भद्रा-जया-रिक्ता-पूर्णास्तु तिथयः क्रमात्।
ताराद्याः कृष्णपक्षे तु दर्शः सूर्येन्दु-सङ्गमः ॥ ३ ॥
तारादि-त्र्यंशके ज्ञेया प्रतिपत्षष्ठिका तिथिः।
एकादशी च क्रमशः शेषं शेषांशवत् स्थितम् ॥ ४ ॥

भा०—जिस तिथि में हाथ देखा जाय उस तिथि का मान सूर्योदय से ४ घड़ी (दण्ड) तक होता है। उसके बाद इसी क्रम से प्रत्येक ४ दण्ड पर १ दिन रात में पन्द्रहों तिथियाँ भोगती हैं। हाथ देखने के समय जिस तिथि का उदय हो उस अंगुली के स्वरूप से सम्पूर्ण शुभाशुभ कहना चाहिये।

कनिष्ठिका से लेकर अंगुष्ठ पर्यन्त क्रमशः नन्दा भद्रादि (कनिष्ठिका अंगुली में नन्दा १-६-११। अनामिका में भद्रा २-७-१२। मध्यमा में जया ३-८-१३। तर्जनी में रिक्ता ४-९-१४। और अंगुष्ठ में पूर्णा ५-१०-१५।) तिथियों का वास रहता है। कनिष्ठिका के आदि पर्व में प्रतिपदा, मध्य में षष्ठी, अन्त में एकादशी, इसी क्रम से अनामिका इत्यादि अङ्गुलियों में भद्रादि प्रत्येक तिथियों को समझना चाहिये। बायें हाथ में कृष्णपक्ष और दाहिने में शुक्लपक्ष, कृष्णपक्ष में अमावस्या और शुक्लपक्ष में पूर्णिमा होती है ॥ १–४ ॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

उदाहरण—

जैसे शुक्लपक्ष की त्रयोदशी तिथि को १० दण्ड पर किसी ने प्रश्न किया तो त्रयोदशी तिथि का निवास मध्यमा के तृतीय पर्व में है; उसका मात्र सूर्योदय से ४ दण्ड तक भोग चुका उसके बाद ४ दण्ड तक रिक्ता की चतुर्थी भी तर्जनी के प्रथम पर्व में भोग चुकी ८ दण्ड के बाद १२ दण्ड तक नवमी तर्जनी के मध्य पर्व में भोगेगी, इसलिये प्रश्न काल (दण्ड १०) में नवमी तिथि वर्तमान है इसमें यदि उर्ध्व रेखा शङ्ख, चक्रादि कोई रेखा हो तो उसका फल उक्त वर्ष शुभाशुभ प्रकरण में कथित उर्ध्व, चक्रादि के समान जानना चाहिये । इसी क्रम से अन्य तिथियों का भी ज्ञान करना ॥ १-४ ॥

ग्रन्थ-स्तुतिर्विज्ञापनञ्च ।

ये सप्तकृत्वः सुधियः पठन्ति ग्रन्थोत्तमं भक्तियुषः किलैतम् ।
ते दैवसृष्टावगतौ विचक्षणाः भजन्ति निर्वाणपदं सुभव्यम् ॥१॥

भा०—जो विद्वान् लोग इस उत्तम ग्रन्थ को भक्तिपूर्वक सात बार पढ़ेंगे वे लोग परमेश्वर के सृष्टि-क्रम का जानने में निपुण होकर (यश मानादि तथा भगवद्भक्ति प्राप्ति द्वारा) सुन्दर निर्वाण पद को प्राप्त करेंगे ॥ १ ॥

वेदाऽष्टाङ्कमृगाङ्क (१९८४) वत्सरगते चैत्रस्य शुक्ले दले
रामाख्ये नगरे च रामनवमी-तिथ्यां रवौ पुष्यभे ।
काशी-राज-भुज-प्रताप-सुभगे देवापगा—रोधसि
ग्रन्थोऽयं परिपूर्णतां समुदगाच्छ्रीकालिकाशर्मणः ॥ १ ॥

—*—

अथ वंशवर्णनम् ।

श्रीकाशिराजाश्रितविप्र-वर्यः
ज्यौतिर्विदामग्रगणीर्महीयान् ।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

नाम्ना हनूमान् स्वगुणैरुदारै-
र्भर्तुर्मनोऽरञ्जयदुग्रबुद्ध्या ॥ १ ॥

तस्यात्मजो ज्यौतिषतत्त्वदर्शी
श्रीकालिकाख्यो विदुषां वरेण्यः ।
सामुद्रशास्त्रं बहुशोऽनुभूतं
संमुद्र्य लोकोपकृतिञ्चकार ॥ २ ॥

तत्पूज्यश्च पुरोहितो द्विजवरः श्रीठाकुराख्यां वहन्
आचार्यः परिशोध्य संव्यरचयत्साहाय्यकं मुद्रणे ।
सोऽयं ग्रन्थवरो यशोभिरमितो यावद्रवीन्दूदयं
श्रीविश्वेशकृपा-कटाक्ष-वशतो जागर्तु भूमीतले ॥ ३ ॥

सामुद्रिकरहस्याख्यो ग्रन्थोऽयं नवमुद्रितः ।
विदुषां मुदमाधत्तां कालिकादत्तशर्म्मणः ॥ ४ ॥

नन्दाष्टाङ्कशशाङ्क १९८९ वैक्रमशरन्माघेऽवदाते दले
पञ्चम्यां द्विजराजवासरवरे वासन्तिकायां तिथौ ।
सम्वर्ध्याभ्युपयोग्यनेकविषयैः हृद्यैः कपालादिभिः
ग्रन्थस्याऽस्य च मुद्रणं समभवद्वारो द्वितीयः पुनः ॥ ५ ॥

श्रीसाम्बसदाशिवार्पणमस्तु ।

इति श्रीद्मत् पं० हनुमानप्रसादज्यौतिविदात्मज–श्रीकालिकाप्रसाद-
राजज्यौतिषीविरचितं सामुद्रिकरहस्याख्यं समस्तनरनारीणां
जीवनचरित्रावबोधकं शास्त्रं समाप्तम् ।

* शुभम्भूयात् *

—:—

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

❀ सचित्र सामुद्रिक रहस्य ❀

इस ग्रन्थ के विषय में कैप्टन हिज़ हाइनेस श्री १०८ महाराजा बहादुर काशी नरेश, काशीस्थ तथा अन्यान्य प्रान्तों के महामहोपाध्याय और इतर सुप्रतिष्ठित मर्मज्ञ विद्वानों की सम्मतियाँ तथा प्रशंसापत्र उनकी अनुपम कृपा के फलस्वरूप प्राप्त हैं। परन्तु विस्तार भय से कुछ महानुभावों की सम्मतियाँ प्रकाशित कर शेष मान्य महानुभावों की केवल नामावली मात्र प्रकाशित कर दी जाती है।

FORT RAMNAGAR BENARES STATE.
February 19, 1933.

Pandit Kalika Prasad Jyotishi, State Astrologer, has written a treatise on Jyotish Shastra, styled सचित्र सामुद्रिक रहस्य the first of its Kind in the Hindi literature. The subject is dry and difficult, but Panditji has written it in such a very lucid and popular way that it is a pleasure to read it and even an ordinary lay man can easily study the subject with interest and benefit.

Pandit Kalika Prasad Jyotishi deserves credit and I congratulate him on his able treatment of the Shastra.

(Sd.) ADITYA NARAIN,
Maharaja Benares.

Shri B. Bhattacharya, Director, Oriental Institute, Baroda, writes in his letter dated 1st March 1930

"I have great pleasure in Certifying that Pandit Kalika Prasad Joshi of Ramnagar, Benares State who has just come to Baroda, is an Astrologer of a very high order and it is indeed gratifying in these days to meet with an Astrologer who has definitely made a scientific

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

study of the true Indian Palmistry. He has written two excellent works on Indian Palmistry which are interesting and useful and deserve all the praise that has been bestowed on them. I wish him a happy career

---

पं० गोपीनाथ कविराज एम० ए० प्रिंसिपल, गवर्नमेण्ट संस्कृत कालेज, बनारस अपने सार्टिफिकट ता० १८।८।२७ में लिखते हैं—

I have read with great pleasure Pandit Kalika Prasad's booklet on Hindu Palmistry, called "Samudrik Rahasya"......The interest of the work is enhanced for the lay Reader by the illustrations given......It appears to be a useful production.

श्री बी० सेन राय हेडमास्टर, मेस्टन हाई स्कूल, रामनगर, बनारस स्टेट अपने पत्र ता० २।९।२७ में लिखते हैं:—

I have gone through Pandit Kalika Prasad's book on Palmistry "Samudrik Rahasya" with lively interest in that it brings out with great lucidity the hidden mystries of the Science.......I am familiar with the works of some palmists of European fame and I find that.........Pandit Kalika Prasad's book would be a revelation to them.

श्री विश्वेश्वर प्रसाद एम० एस० सी० एल० टी०, मेस्टन हाई स्कूल रामनगर, बनारस स्टेट ता० १४।९।२७ को लिखते हैं—

.......Pandit Kalika Prasad's "Samudrik Rahasya"......contains Some very valuable informations.........I have personal experience of Pandit Ji's thorough knowledge of the Science for in majority of cases his foretellings came out to be true....

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

श्री ए० आर वैद्य अभ्यङ्कर बङ्गला, पूना ता० १६।२।२९ को लिखते हैं—
I went through your book very carefully and I am glad ...that it will be very helpful to persons interested in palmistry. You have made the subject easy by putting illustration in your book .....

श्री १०८ मते हनुमते नुतिः।

वाराणसीय-रामनगरवास्तव्य-ज्योतिर्वित्-पण्डितहनुमत्प्रसादात्मजराजज्योतिर्वित्-पण्डितश्रीकालिकाप्रसादेन नानाप्राचीनग्रन्थेभ्यः सपरिश्रमं सामुद्रिक-रहस्यं संगृह्य सर्वसाधारणजनोपकृत्यै संमुद्य प्रकाशितम्। प्रकाशितेऽस्मिन् हस्तरेखादिज्ञानाय विंशतिहस्तप्रतिरूपकाण्यपि स्पष्टतया विद्यन्ते। तत्तत्फलादेशसौकर्यार्थं तत्तद्रेखोपर्येकाद्यङ्का अपि विशदा अवलोक्यन्ते। बहुत्र सांकेतिताभिप्रायाऽवगमाय हिन्दीभाषाऽतीवमनोविनोदिका। असौ यदि जातकपरीक्षादि-ग्रन्थबाहुल्ये नियमिता भवेत्, मन्ये छात्राणामतीवोपकार इति।

—म० म० मुरलीधर झा
ता० १३-८-३७ ई०

ज्यौतिषाचार्य पं० श्रीरामयत्न ओझा

नीचीबाग, बनारस शहर।

ता० १८-८-२७

सामुद्रिकं नाम शास्त्रं महदुपयोगि विचित्रचमत्कारकरमिति विदितमेव भारतीयानाम्। परं तस्य साम्प्रतं प्रायोऽभाव एव देशेषु दृश्यते। अभावकारणं तु तद्योग्योपदेष्ट्रीणां तत्पुस्तकानाञ्च लोपः। इदानीं तु सामुद्रिकरहस्यम् —इति नामकं पुस्तकं काशिराजमान्य—पं०कालिकाप्रसादज्योतिर्विद्भिरचितं प्रकाशितञ्च जातम्। पुस्तकमिदं कररेखाणां वर्णन फलस्थाननिरूपणावस्थाज्ञानादि-विविधिविषयैर्भूषितं सकलजनोपकारकं पण्डितानां तुष्टिकरं सप्रमाणमिति स्पष्टम्। आशासे यत्पुस्तकमिदमवश्यमुरी करिष्यन्ति शास्त्ररसिका विद्वांसो

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

गुणग्राहकाश्च। अस्य पुस्तकस्य प्रकाशनेन देशोपकारेण तत्प्रकाशकं पण्डित-कालिकाप्रसादशर्माणं यशस्विनं दीर्घजीविनं तद्द्वितीयभागप्रकाशनक्षमं च विदधातु श्रीविश्वनाथ इति प्रार्थयते।

—श्रीरामयत्न ओझा।

श्रीविश्वनाथः शरणम्।

श्री मङ्गलपाठशाला भदैनी,
बनारस सिटी।
मि० आश्विन कृ० ३०।१९।८४

सर्व एव जनाः स्वजीवनशुभाऽशुभफलमवगन्तुं साग्रहमभिलषन्ति। फलस्यैतस्याऽवबोधाय नैकान् प्रकारान् करकपालरेखादिभिर्महर्षयः समादिदिशुः, सत्यमेतैरद्भुतं फलं प्रकटी भवति तथापि देशेऽस्मिन् तथाविधफलावबोधाय न कोऽपि प्रामाणिको निबन्ध उपलभ्यते। काशिराजसभाज्यौतिविदः श्री पं० कालिकाप्रसादोपाध्याया एतस्याऽभावं व्यनीनसन्। एभिर्वर्षं परिश्रम्य तत्तद्देशान्तरनिवासि महात्मभ्योऽनुभवं प्रतिपद्य तानि बहूनि निबन्धान्तराणि पर्य्यालोच्य सामुद्रिकरहस्यं नाम निबन्धः संदृब्धः। अहञ्च पुस्तकमिदं विशेषांशेषु वीक्ष्य निश्चयमिममलभे यत्पुस्तकमेतदपेक्ष्य पुस्तकान्तरं नेदानीं यावदुत्तमतया प्राकाशि। अत्र विंशतिसंख्याकानि हस्तचित्राणि विविधरेखाङ्कितानि न्यस्तानि, यतः सुस्पष्टं तत्तत्फलसूचिका रेखा इतरैरपि बुध्यन्ते। सर्वञ्चाऽत्र प्रमाणसिद्धम्। अद्वितीयस्याऽस्य प्रचाराभ्यासावाश्रित्य भूयांस उपकाराः सम्भाव्यन्ते तथ्यफलादेशाय परमं साधनञ्चाऽस्तीति।

ज्यौतिषाचार्य पं० श्रीहृषीकेश उपाध्याय
प्रोफेसर
गवर्नमेण्ट संस्कृत कालेज, काशी।

---

* श्रीः *

सचित्रसामुद्रिकरहस्याभिधानो ग्रन्थः काशीनरेशनगरमधिवसद्भिः कालिका-

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

प्रसादशर्मभिः पण्डितैः संगृहीतः स्वाभिप्रायाविष्करणपुरस्सरं मुद्रितो मयापाततो दृष्टः। विंशतिसंख्याकानि हस्तचित्राणि भिन्नभिन्नरेखाङ्कितानि दृष्टानि। तेषां भिन्नभिन्नफलबोधकाः श्लोकाश्च संशोधनपूर्वकमुपन्यस्ता दृष्टाः। सामुद्रिकविषये-नैतादृशसंग्रहग्रन्थः सर्वत्रोपलभ्योऽस्मिन् भारतवर्षे, ज्योतिःशास्त्रविषये सामुद्रिक-विषयमन्तर्भूतं मन्यमानाः ज्योतिर्विद्प्रवराः हस्तरेखां विलोक्य कथञ्चित् फल-मादिशन्ति परमेतादृशग्रन्थसाहाय्येन यदादिशेयुस्तदा कृतकृत्याः स्युरिति मन्ये। एवमेतद् विषयकजिज्ञासवो यदीमं ग्रन्थं संगृह्णीयुस्तदेमं विषयं सम्पूर्णतया विज्ञाय फलकथने सत्यवाचोऽवश्यं भविष्यन्तीत्यपि निश्चिनोमि। अस्य ग्रन्थस्याऽस्मिन् भारतवर्षे विशिष्टा प्रसिद्धिः, लोकोपयोगिता च विशेषेण भवेदित्याशासे।

सं० १९८६

मि० माघकृष्णपक्षभृगौ,
अमृत रामनारायणशास्त्री,
राजपण्डितः, बड़ौदा राजधानी।

---

* श्रीः *

श्रीमत्काशिराजाश्रितैः कालिकाप्रसादैर्विरचितं 'सामुद्रिक-रहस्यम्' 'सामुद्रिक-दर्पणम्' चेति ग्रन्थद्वयं विलोकितम्। अत्र प्राचीनमहर्षिविरचितेभ्यो नानाग्रन्थेभ्यः संगृहीतसामुद्रिकशास्त्रसारं लोकोपकारक्षमं भविष्यति। तदनुसारेणैतेषां पण्डित-वराणां हस्तरेखाभ्यो यथार्थफलप्रकाशनसामर्थ्यं च प्रत्यक्षीकृतमित्यावेद्यते।

सम्वत् १९८६
फाल्गुनशुक्लप्रतिपदि
मन्दवासरे।

ज्योतिर्विद्गोपालतनुजेन नारायणशर्मणा
श्रीवटोदरराजधान्यां
श्रीराजकीयसंस्कृतमहाविद्यालय-
ज्योतिःशास्त्रप्रधानपण्डितेन।

---

* श्रीः *

ज्यो० वि० भू० श्रीयुत पं० हरकृष्णदयालु ज्यो० शास्त्री ध० र० स० ध० उपदेशक 'मन्त्री पञ्चनदप्रान्तीयज्योतिर्वित् सम्मेलन' एम० एल० ज्योतिष-

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

कार्यालय, ऊना (*Secretary, Jyotish Sammelan Una, Hoshiarpur*) (होशियारपूर)

सं० १७७५ ता: २६–११–३२ ई०

श्री माननीय महोदय !

अस्तु विदितं भाग्यतः स्वाभिलाषणीयप्राप्तिर्भवतां महाभागाः ! विबुधाग्रणीभिः, सज्जनपरिजननिसेवितचरणयुगलैः, परमशान्तैः विबुधार्चनव्रतोपवासनिरतैः स्वतन्त्रताश्चर्य्योत्पादितज्ञानप्रभावैः, ज्यौतिषशास्त्रचमत्कृतसमाजैः, वाराणसीय–"रामनगर"वास्तव्यैः राजज्योतिर्विद् पं० श्रीकालिकाप्रसादशर्ममहोदयैर्नानाविधग्रन्थसारमनुभूतविषयांश्च संगृह्य निर्मितं "सामुद्रिकरहस्यम्" नाम पुस्तकमिव विलक्षणचमत्कृतफलितपुस्तकं नाऽन्यद् दृष्टिपथमवातारीदिति दर्शंदर्शं प्रसीदति मे मानसम् । किमधिकमेतत्त्वेतत्कालीयानां—हस्तरेखाज्ञानार्थं नानातन्त्रावलोकने विरलोत्साहानां दैवचिन्तकानां स्वल्पेन कालेन यथेप्सितसिद्धैय सामुद्रिक-शास्त्रार्णवाऽवतरणाय पोत इव भातीत्यतो, जयश्रीयशः कामैः सादरं सततं भावनीयमिति विनिवेदयति सम्मनुते च ।

—हरकृष्णदयालुः शर्मा ।

एवं अन्य महानुभावों के ;भी प्रशंसापत्र उपलब्ध हैं जिनके नाम नीचे अङ्कित किये जाते हैं—

१ महामहोपाध्याय श्री पं० प्रभुदत्ताग्निहोत्री, हिन्दूविश्वविद्यालय के भूतपूर्वाध्यापक ।

२ महामहोपाध्याय श्री पं० लक्ष्मण शास्त्री द्राविड़ ।

३ महामहोपाध्याय श्री पं० लक्ष्मण शास्त्री तैलङ्ग प्रोफेसर क्वीन्स कालेज, बनारस ।

४ महामहोपाध्याय श्री पं० प्रमथनाथतर्कभूषण प्रिंसपल हिन्दूविश्वविद्यालय, काशी ।

५ महामहोपाध्याय श्री० पं० देवी प्रसाद शुक्ल कविचक्रवर्त्ती, अध्यापक हिन्दूविश्वविद्यालय, काशी ।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

६ ज्यौतिषाचार्य पं० श्री रिसालदत्त मिश्र, अध्यापक हिन्दूस्कूल ।
७ श्रीमान् पं० रेवा शङ्कर शुक्ल शर्मा (वासावड काठियावाड)
८ श्रीमान् महोदय कामेश्वर नारायणसिंह (नरहन स्टेट दरभङ्गा)

समालोचक महानुभावों की नामावली—

१ श्रीयुक्त कन्हैयालाल एम्. ए. एम्. आर. ए. एस्. कृष्णकुञ्ज इलाहाबाद सिटी ।
२ 'इण्डियन डेलीमेल वम्बई ता० १८।११।२८ ई०
३ सुख सञ्चारक कम्पनी मथुरा
४ श्रीयुक्त केदारनाथ शर्मा सारस्वत, सम्पादक सुप्रभात ४र्थ वर्ष सं० ६ सं० १९८४ ।
५ श्रीयुक्त सम्पादक देश (समाचार पत्र) ता० २०।१०।२७ ई०
६ श्रीयुक्त प० जानकी शरण त्रिपाठी, सम्पादक सूर्य द्विदैनिक ता० ६।५।२२ ई०
७ श्रीयुक्त पं० जगन्नारायण देव शर्मा कविरत्न विशारद साहित्य शास्त्री सम्पादक "राम" ।

सम्मति-प्रदान करने वाले सम्पूर्ण महानुभावों को हार्दिक अनेक धन्यवाद देते हुये हम उनके प्रति कृतज्ञता प्रकाशित करते हैं । इत्यलम् ।

————

सामुद्रिक दर्पण ।

इस पुस्तक के द्वारा केवल हिन्दी पढ़ने वाले भी लक्षण तथा पुस्तक में दिये हुए हाथ के चित्रों को देखकर भलि-भाँति भूत, भविष्य, वर्तमान फल जान सकते हैं । मूल्य ॥) मात्र, सामुद्रिक शास्त्र में प्रवेश होने के लिए "सामुद्रिक-सोपान" नामक ग्रन्थ का मूल्य =)

प्रकाशक—

पं० कालिका प्रसाद "राजज्यौतिषी"

सामुद्रिक सदन, रामनगर, बनारस स्टेट ।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

सामुद्रिक शास्त्र की आवश्यकता।

इस अपार संसार में लोगों की प्रकृति भिन्न २ हुआ करती है। कोइ उद्योग को प्रधान मानते हैं तो कोई भाग्य को, कोई उद्योग और भाग्य दोनों का अन्योन्याश्रय जान दोनों को प्रधान मानते हैं। वस्तुतः विचार की दृष्टि से देखा जाय तो भाग्य को ही प्रधान मानना पड़ेगा। यदि भाग्य में है तो उद्योग भी सार्थक हो जाता है। क्योंकि भाग्य ही उद्योग-जननी है। यह ज्योतिःशास्त्र के अतिरिक्त दूसरे उपाय से साध्य नहीं है। ज्योतिःशास्त्र में अनेक शाखायें हैं उनमें कई कारणों से और शाखाओं के द्वारा फल जानने में कठिनता होती हैं।

सामुद्रिक शास्त्र के द्वारा प्राचीन काल में नारदादि महर्षि मनुष्यों के जन्म से मरण पर्यन्त की सभी बातों को अनायास ही समझलेते थे। इस शास्त्र में दो विषय हैं, लक्षण तथा रेखा परन्तु लक्षण से रेखा प्रधान मानी जाती है, ब्रह्मा का प्रपञ्च गुण दोष से मिला हुआ है। जैसे जन्म-मरण, हानि-लाभ, यश-अयश, शत्रु-मित्र, दिन-रात इत्यादि एक के अन्त में दूसरे का उदय हुआ करता है। वैसे ही मनुष्यों के सुख के वाद दुःख और दुःख के बाद सुख का होना भी स्वाभाविक है।

अतएव यदि किसी को अपने दुःख की अवधि का ज्ञान हो जाय कि अमुक समय तक मेरा दुःख रहेगा तो वह पुरुष धीरता के साथ अपने समय को बिता-कर अनर्थ करने से वच जा सकता है।

जैसे वाल्मीकि रामायण में युद्ध समय रावण की आज्ञा से निशाचरियों ने राम-लक्ष्मण के मृतशरीर को दिखलाया तो जानकी सहसा घवड़ा कर विलाप करने लगीं परन्तु थोड़े ही समय में लाक्षणिकों के पूर्व कथित वचनों का स्मरण, तथा त्रिजटा के सौभाग्य सूचक शुभानुमान वचनों को सुनकर जानकी को धैर्यावलम्बन हुआ कि मेरे सव लक्षण सधवा के ही हैं। जिनका फल यह हुआ कि अल्पकाल में ही उनके दुःखों की निवृत्ति होकर अभीष्ट सिद्धि हुई।

अतः दुःख समय के अवधिका ज्ञान अत्यावश्यक है। जो कि सामुद्रिक शास्त्र के द्वारा ही सुलभ हो सकता है।

किमधिकं विज्ञतमेषु॥ इति शम्॥

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

CIGARETTES.
MADE IN INDIA
THE IMPERIAL TOBACCO C° OF INDIA L^TD

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

* श्रीः *

सूचना

इस कार्यालय में ज्योतिष-सम्बन्धी सभी कार्य शुद्धतापूर्वक किये जातें हैं। जन्मपत्र, वर्षफल, प्रश्न, मुहूर्त, व्यापारियों के लाभार्थ तेजी, मन्दी, कौन वस्तु कब खरीदने पर हानि व लाभ होगा इत्यादि सभी बातें यथार्थ और ठीक समय पर बताये जाते हैं। दक्षिणा कार्यानुसार। फल-पुष्प दक्षिणा बिना हाथ देखाना समुचित नहीं है।

यदि आर्ट पेपर पर मोहर छापनेवाली स्याही से पुरुष अपने दाहिने तथा स्त्री अपने बायें हाथ का साफ फोटो छाप कर अपना नाम तथा उमर लिखकर भेजेंगे तो सुख, दुःख, हानि, लाभ, स्त्री, पुत्र, धन, नोकरी तथा व्यापार सम्बन्धी सभी बातें स्पष्ट रूप से लिखकर भेजी जाती हैं। पत्रोत्तर के लिये टिकट भेजना चाहिये। दक्षिणा २) रुपया। पोस्टेज अलग। हमारे यहाँ सब प्रकार की पुस्तकें उचित मूल्य पर मिलती हैं।

गौरीशङ्कर उपाध्याय राजज्योतिषी

सामुद्रिक सदन,

रामनगर, बनारस स्टेट।

Jayatu Sanskritam, Kathmandu, Nepal